हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 04.11.2024 | वर्ष 11, अंक 299 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

दुनिया उन्ही पर भरोसा करती है, जिन्हें खुद पर भरोसा होता है!

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में अनियंत्रित स्कॉर्पियो तालाब में पलटी, आठ की मौत

**बलरामपुर** : छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के बुढा बगीचा मुख्य मार्ग पर राजपुर में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब (डबरी) में पलट गई, जिससे स्कॉर्पियो में सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चालक ने आज दमतोड़ दिया। मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के अनुसार स्कार्पियो सवार लोग कुसमी क्षेत्र के लरिमा से सूरजपुर जाने के लिए निकले थे। तभी बीती रात करीब 8.30 बजे बुढा बगीचा मुख्य मार्ग पर राजपुर में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर किनारे स्थित तालाब (डबरी) में पलट गई। बताया गया कि तालाब झाड़ियों से घिरा हुआ था। उसमें लगभग 10 फीट पानी था। हादसे के बाद स्कॉर्पियो के सभी दरवाजे लॉक हो गए, केवल चालक की तरफ का शीशा खुला था। इस कारण सबसे पहले उसे ग्रामीणों की मदद से किसी तरह बाहर निकाला गया। इस हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि घायल चालक को राजपुर अस्पताल भेजा गया, जहां से आज सुबह अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। स्कॉर्पियो में चालक सहित कुल आठ लोग सवार थे।

### पूजा-अर्चना के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट बन्द

**उत्तरकाशी** : उत्तराखंड के चार धामों में प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज के पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। पूरे शीतकाल में मां यमुना की पूजा अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर होगी। रविवार को अपराह्न 12 बजकर 5 मिनट पर मां यमुना जी के कपाट विधिविधान के साथ पूजन करने के बाद बंद कर दिए गए। उद्गम स्थल स्थित उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध धाम यमुनोत्री के कपाट बंद होने के बाद पुलिस सुरक्षा के साथ यमुनोत्री से पावनी मां यमुना की डोली ढोल-दमाऊ के साथ शनिदेव महाराज की अगुवाई में खरसाली (खुशीमठ्ठ) गांव के लिए रवाना हुई। पूरे शीतकाल के दौरान श्रद्धालु मां यमुनाजी के दर्शन व पूजा-अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर में कर सकेंगे।

### उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मुंबई पुलिस को आया मैसेज

**मुंबई** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी का यह मैसेज मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को मिला है। इसकी सूचना मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस को दी है। साथ ही महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मुंबई पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है और इसकी छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार मुंबई ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में शनिवार को एक अनजान नंबर से मैसेज मिला जिसमें लिखा है कि अगर योगी आदित्यनाथ ने 10 दिनों के भीतर इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। इस धमकी के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। मुंबई पुलिस की टीम इस मैसेज की जांच में जुट गई है और मैसेज भेजने वालों की तलाश कर रही है।

### सत शर्मा बने जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष, रविंदर रैना राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही रविंदर रैना को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। रविवार को भाजपा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, रविंदर रैना को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### सुकमा: नक्सलियों का हमला, दो जवानों को घायल कर राइफलें लूट ले गए

**सुकमा** : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के दो जवानों पर नक्सलियों ने धार-धार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल दोनों जवानों को जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकाप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही है। नक्सली दोनों घायल जवानों की राइफलें लूट ले गए। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जगरगुंडा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के लिए जवानों की तैनाती की गई थी। इस दौरान नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने दो जवानों कटटम देवा और सोडी कन्ना पर अचानक हमला बोल दिया। जवान जब तक कुछ समझ पाते तब तक नक्सलियों ने जवानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर नक्सली फरार हो गए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

### मुख्यमंत्री ने गढ़वा से मिथिलेश ठाकुर को जिताने की अपील की, कहा

# धर्म का विभेद पैदा कर सत्ता हासिल करना चाहती है भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची-गढ़वा:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा को झारखंड एवं झारखंड की जनता से काई लेना देना नहीं है। बल्कि झारखंड की खनिज संपदा पर भाजपा की गिद्ध नजर टिकी हुई है।

यही कारण है कि भाजपा हर हाल में झारखंड की सत्ता प्राप्त करना चाहती है। मुख्यमंत्री सोरेन ने रविवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय रंका के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से आगामी 13 नवंबर को पार्टी प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को ईवीएम में दूसरे नंबर पर स्थित चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यहां जुमलेबाजों की फौज आ रही है।

इन लोगों ने पांच साल तक हमारी सरकार को गिराने का भरपूर प्रयास किया। अब गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को दिग्भ्रमित करते चल रहे हैं।

भाजपा घर,परिवार,भाई-भाई, बाप-बेटा को आपस में लड़ाकर, समाज को तोड़कर, जाति धर्म का विभेद पैदा कर सत्ता हासिल करना चाहती है।

#### पूरे झारखंड की जनता इंडिया गठबंधन के साथ : मिथिलेश ठाकुर

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर पूरे झारखंड की जनता इंडिया गठबंधन के साथ है। राज्य की जनता का अब कोई भी हक नहीं लूट पायेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिसे 10 साल मौका दिया उस भाजपा के विधायक ने विधायक निधि का 40 करोड़ रूपये अपने घर में डाल दिया। अलकतरा घोटाला किया। जिसे 17 साल मौका दिया वे अपना कॉलेज खोलने और डंफर चलाने में व्यस्त रहे। ये लोग पहले जनता का वोट लूटेंगे फिर विधायक बनकर जनता का हक लूटेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 साल में उन लोगों ने जो नहीं कर पाया। उनके 30 साल पर मेरा तीन साल भारी है। उन्होंने कहा कि समाज को जात, पात, हिंदु-मुस्लिम में बांटने वाले लोग पूरी तरह से छटपटा रहे हैं।



#### सत्ता प्राप्त करने के लिए भाजपा हिंदू-मुस्लिम कर रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का बस चले तो जनता के शरीर से कतरा-कतरा खून निकाल लेगा। ये लोग सत्ता प्राप्त करने के लिए हिंदु-मुस्लिम कर रहे हैं। जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए पूरे देश भर से पांच सौ रंग बिरंगे लोगों को बुला रखा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नक्सलवाद और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करती है। यदि यहां नक्सलवाद समाप्त नहीं हुआ होता तो पांच चरण का चुनाव दो चरण में कैसे होता। बूढ़ा पहाड़ पर कदम रखने वाला हेमंत सोरेन पहला मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री को भारत में शरण दिया गया है। झारखंड की बिजली बांग्लादेश जाती है। यह सारा काम केंद्र सरकार खुद कर रही है और झारखंड में घुसपैठ की बात करती है। उन्होंने कहा कि राज्य में 15000 किमी ग्रामीण सड़क निर्माण का मैप तैयार है।

जब भाजपा हमारे विधायकों को नहीं तोड़ सकी तो मुझे ही जेल में डाल दिया। श्री सोरेन ने कहा कि अगली बार वे सभी गरीबों के घर में एक-एक लाख रूपये देंगे। यहां 2500 रूपये हर माह देने का कानून बन चुका है।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, जवाहर पासवान, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, नितेश सिंह, चंदन जायसवाल, विरेंद्र साव, कबुतरी देवी, सुरेंद्रनाथ तिवारी, अंजली गुप्ता, छुन्नु कुरैशी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, कार्तिक पांडेय, ब्रजेंद्र चौधरी, संजय कुमार सिन्हा, दीपक सोनी, मो. अलीम, इरफान अंसारी, मालती देवी, जिप सदस्य अर्पणा तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अमित शाह ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र, कहा

# भ्रष्टाचार के अंत का प्रतिरूप है संकल्प पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में भाजपा का झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू होकर रहेगी। लेकिन इससे आदिवासी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे। उनके कानून, उनकी परंपराएं और उनकी संस्कृति पूर्ववत रहेंगी। यूसीसी से आदिवासियों को बाहर रखा जाएगा। शाह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और आदिवासियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए यूसीसी जरूरी है। झारखंड में हम इसे जरूर लागू करेंगे। हेमंत सोरेन और उनके सहयोगी दलों के नेता यूसीसी के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दल लोगों को यह बता रहे हैं कि भाजपा की सरकार बनेगी, तो यहां यूसीसी लागू हो जाएगा। यूसीसी आने पर आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। हेमंत सोरेन और उनके साथियों का यह कहना गलत है। उन्होंने कहा कि यह तो सच है कि भाजपा की सरकार झारखंड में यूसीसी लागू करेगी। यह संकल्प पत्र सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि करोड़ों झारखंडियों की आशा की किरण है। यह कुशासन और भ्रष्टाचार के अंत का प्रतिरूप है। आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा का संकल्प है। गृह मंत्री अमित शाह चतरा जिले के सिमरिया और बरकट्ठा में भी चुनावी सभा को संबोधित किया।

#### भाजपा के संकल्प पत्र में क्या है ?

* **गोगो दीदी योजना :** झारखंड की हर महिला को हर महीने 2,100, सालाना 25,000 रुपये से अधिक।
* **लक्ष्मी जोहार योजना :** सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में (दीपावली और रक्षा बंधन पर) 2 मुफ्त सिलेंडर।
* **सुनिश्चित रोजगार योजना:** 2,87,000 सरकारी पदों पर भर्ती और 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेंगे। नवंबर 2025 तक 1.5 लाख पदों पर भर्ती और वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे।
* **युवा साथी भत्ता :** रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को 2 साल तक प्रति माह 2,000 रुपये भत्ता।
* **सपनों का घर साकार :** निःशुल्क बालू मिलेगा। एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ 21 लाख पीएम आवास और शेष 59 लाख घरों में स्वच्छ पानी का कनेक्शन।

# राज्य की 81 सीटों पर कुल 1211 उम्मीदवार: के. रवि कुमार



के रवि कुमार ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर नोट कर जाएं।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उनमें 1081 पुरुष प्रत्याशी हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या 128 है। जबकि, 2 प्रत्याशी ट्रांसजेंडर हैं। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम दौर में है। इस चरण में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि, दूसरे चरण की मतदान की तिथि 20 नवंबर है। इस चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उसमें 472 पुरुष, 55 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों तक बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची का वितरण युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर नोट कर जाएं। इससे उन्हें अपना नाम ढूंढने में अत्यल्प समय लगेगा। वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की जानकारी मिल जाएगी। इससे मतदान करने में जहां काफी कम समय लगेगा, वहीं मतदान की गति भी काफी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है।उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब, 43 करोड़, 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

# प्रधानमंत्री मोदी आज गढ़वा से करेंगे विस चुनाव प्रचार की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गढ़वा से झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करेंगे। मोदी की पहली चुनावी सभा गढ़वा में और दूसरी चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में होगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को 11 बजे पहुंचेंगे।

सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है। सैकड़ों मजदूर पंडाल व मंच बनाने में लगे हुए हैं। तैयारी अंतिम चरण में है। मंच पर पलामू प्रमंडल की सभी नौ सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे। मोदी की सभा को लेकर जिले में उत्साह है। भारी भीड़ जमा होने की उम्मीद है।मोदी की सभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। एसपीजी की टीम यहां पहुंच गई है।

जिले के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही है। केंद्रीय सुरक्षा बलों व जिला बल के एक हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। दर्जनों दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पलामू से भी सुरक्षा बलों को बुलाया गया है। आईजी-डीआईजी खुद मानिटरिंग कर रहे हैं। बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को 11 बजे पहुंचेंगे। सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है।



# भारतीय रेल अपना रही उन्नत संरक्षा प्रौद्योगिकी प्रणाली

एजेंसी

**गुवाहाटी** : भारतीय रेल अपने नेटवर्क में ट्रेन परिचालन को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई एक स्वदेशी उन्नत संरक्षा प्रौद्योगिकी प्रणाली- कवच 4.0 के सफल कार्यान्वयन की ओर अग्रसर है। कवच 4.0 दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रेनों के सुचारू परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेल द्वारा विकसित एक उन्नत व्यापक, प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान है, जो संरक्षा एवं नियंत्रण की एक अतिरिक्त स्तर प्रदान करता है। यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगाने में सक्षम है, यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल हो जाता है। चूँकि यह ड्राइवर के कैब में वास्तविक समय लाइन-साइड सिग्नल को प्रदर्शित करता है और रेडियो-आधारित संचार के माध्यम से निरंतर गतिविधियों का अपडेट प्राधिकरण को प्रदान करता है। अन्य प्रमुख विशेषताओं में समपार फाटकों पर स्वचालित सीटी के बजने, टकराव को रोकने के लिए इंजन से इंजन का संचार और आपात स्थिति में अधिकारियों को सचेत करने के लिए एक एसओएस कार्य प्रणाली शामिल हैं। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया है कि कवच 4.0 प्रणाली कई महत्वपूर्ण तकनीकी घटकों पर आधारित है, जिसमें स्टेशन कवच शामिल है, जो इंजन को दिशा देने के लिए लोको कवच और सिग्नलिंग सिस्टम से सूचना प्राप्त करता है।



# संविधान बचाने की लड़ाई में साथ दें : राहुल गांधी



एजेंसी

**वायनाड** : राहुल गांधी भी वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार रण में उतर गए हैं। रविवार को राहुल गांधी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी। राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड में आयोजित रैली के दौरान कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे प्रियंका गांधी जैसी बहन मिली, अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी। मुझे विश्वास है कि वे आपके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि आज देश में पहला संघर्ष संविधान की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया है।

असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद
सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

## राजद व बसपा छोड़ भाजपा का दामन थामा

# कार्यकर्ताओं को भाजपा में मिलता है सम्मान : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह के कार्यकर्ताओं के साथ अच्छे व्यवहार को देख हुसैनाबाद में लगातार भाजपा का कुंबा बढ़ता जा रहा है।हुसैनाबाद व पिपरा प्रखंड के राजद, बसपा समेत अन्य दलों के कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए हैं।पिपरा व हुसैनाबाद के लोटनिया गांव में भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के जनसंपर्क अभियान के दौरान बसपा व राजद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। सभी को कमलेश कुमार सिंह ने पट्टा पहना कर उनका पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर शामिल होने वालो में रघुराई पाल, शंभू शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राकेश पाल, सुकेश पाल, प्रमोद पाल, अजय सिंह, दीपक, आशारायण पाल, अमित सिंह, अरविंद शर्मा, देवन राम, रमेश विश्वकर्मा, मुन्ना विश्वकर्मा व बैजू विश्वकर्मा, पिपरा प्रखंड के मुन्ना गुप्ता, विनय साव, राहुल चौधरी, रंजन साव, अनिल साव, प्रिंस गुप्ता, अनूप यादव, रौशन चंद्रवंशी, रंजन कुमार, उत्तम मालाकार, अमित मालाकार, अभिजीत ठाकुर, आशुतोष कुमार सिंह, सुजीत सिंह, ध्रुव कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, शिव मालाकार, प्रदीप मालाकार, राजू मालाकार, बादल राम, मनीष साव, सोनू साव, रवि सिंह, रिंकू सिंह, मोनू सिंह, मनीष सिंह, राकेश ठाकुर, मुरली सिंह, सोनू सिंह, दिनेश राम, विनोद राम, राजकुमार राम, धर्मेंद्र राम, रूपेश कुमार, बसंत कुमार शामिल हैं। शामिल होने वाले लोगों ने बताया कि कमलेश कुमार सिंह के कार्यो, नरेंद्र मोदी के कार्य कलाप व भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का जो सम्मान है वह कहीं और कहीं नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनके लिए परिवार के सदस्य की तरह हैं। सभी के दुःख सुख में पार्टी के एक एक नेता शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर हुसैनाबाद व झारखंड को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है।

## थाना प्रभारी ने किया नारायण वन छठ घाट का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** आगामी छठ महापर्व मनाने को लेकर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध सूर्य नारायण वन मुकुंदपुर में महोत्सव को संपन्न कराने हेतु रविवार को थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने विधि व्यवस्था का जायजा लिया। ज्ञात हो की मुकुंदपुर के नारायण वन में महोत्सव को बेहतर बनाने हेतु युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। मंदिर विकास समिति एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे कैंपस को सजाने संवारने का कार्य किया जा रहा है। नारायण वन छठ घाट पर स्नान के लिए लगे झरना, पेयजल, मंदिर परिसर की साफ सफाई, डेकोरेशन पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा और लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रतियों की सुरक्षा व्यवस्था का पुखता इंतजाम किया जाएगा उन्होंने मंदिर विकास समिति को लगभग 100 वॉलिंटियर का चयन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विनोद गुप्ता, रविंद्र प्रसाद कमलापुरी, ओमनारायण गुप्ता, मनीष सिंह, मनीष प्रसाद, मुना विश्वकर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के संकल्प पत्र का किया उल्लेख



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में भाजपा सरकार बनने पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (यू सी सी) लागू करने का आश्वासन दिया है, जिसमें आदिवासी समाज को विशेष रूप से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने यह बात गढ़वा के भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कही। बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि झारखंड के लिए भाजपा ने पांच प्रमुख संकल्प लिए हैं। इनमें महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने 2100 रुपये खातों में डालने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, और त्योहारों के अवसर पर साल में दो बार मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर झारखंड के गरीबों के लिए 21 लाख पक्के प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। नौजवानों के रोजगार की बात करते हुए मरांडी ने कहा कि राज्य में खाली पड़े 2,87,500 सरकारी पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, जिसमें 1 साल के भीतर डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा, और शेष पदों पर पांच साल में नौकरी दी जाएगी। साथ ही, निजी क्षेत्र में भी 5 लाख नौकरियों का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनते ही परीक्षा भर्ती मामलों की गहन जांच कराई जाएगी। श्री मरांडी ने संकल्प पत्र के पांचवें बिंदु में युवाओं के लिए दो वर्षों तक बेरोजगार एमए और बीए पास युवाओं को मासिक बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया है। साथ ही, झारखंड में जनसंख्या में हुए बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे आदिवासी समाज को भारी नुकसान हुआ है। 2011 की जनगणना के बाद आदिवासी आबादी में 10त्न की गिरावट आई है। संथाल परगना क्षेत्र की स्थिति और भी खराब है, जहां आदिवासी आबादी में 16त्न की कमी दर्ज की गई है। इस मौके पर प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुरज गुप्ता, राजकुमार मधेशिया आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क अभियान में मिल रहा है भारी समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को सुदूरवर्ती झगड़ा, डेरा व सामूडीह गांव का दौरा किया। दौरा के क्रम में कमलेश कुमार सिंह को भारी समर्थन मिल रहा है। सभी गांव में भाजपा प्रत्याशी का गाजे बाजे फूल माला से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने गगनभेदी नारे भी लगाए। कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में जो विकास के कार्य किए हैं, उससे सभी वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई के अलावा जनता की सलाह पर गली नाली आदि का भी निर्माण कराने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से बेरोजगारी दूर करने, जिला बनाने, उद्योग लगवाने के लिए राज्य में बनने वाली भाजपा की सरकार को मजबूती प्रदान करने का आग्रह किया। जिससे झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार राज्य में विकास की रुकी हुई गति को तेज करे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता ने उन्हें दो बार विधानसभा भेजने का कार्य किया है। उन्होंने जितना कार्य किया,उतना विकास का कार्य किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं कराया। उन्होंने ग्रामीणों से 13 नवंबर को भाजपा के कमल निशान पर बटन दबाने की अपील की। दौरा में उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## 3 वर्ष के बच्चे के अपहरण मामले में तीन व्यक्ति गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाबाजार थाना की पुलिस ने 3 वर्ष के बच्चे को अपहरण करने के मामले में तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर उन्हें रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि चेचरिया गांव निवासी करेश भुईया 1 नवंबर को नावाबाजार थाना में अपनी 3 वर्षीय पोती के गायब होने के संबंध में एक लिखीत आवेदन दिया गया था।जिसमें वह अपने गांव के ही 01. सुदय भुईया, 02. शंकर राम एवं इनके एक अन्य साथी द्वारा पोती को बेचने के नियत से अपहरण कर लेने का संदेह जाहिर किया था।इस संदर्भ में नावाबाजार थाना कांड संख्या-77/24 दर्ज किया गया। अनुसंधान के क्रम में सुदय भुईया एवं शंकर राम द्वारा अपने अन्य साथी राजू भुईया, पता-लोहराही, थाना-छतरपुर के साथ मिलकर उक्त बच्ची को बेचने के नियत से अपहरण करने की बात स्वीकार की गई तदोपश्चात तकनिकी शाखा एवं गुप्त सूचना के आधार पर कांड के अपहीत बच्ची को दिनांक-02/11/2024 को ग्राम तुलबुला, थाना-नावाबाजार स्थित जंगल से अभियुक्त राजू भुईया के पास से सही सलामत बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुदय भुईया, उम्र 35 वर्ष, पिता स्व0 प्रसाद भुईया, सा0-चेचरीया, थाना-नावाबाजार 02. शंकर राम, उम्र-50 वर्ष, पिता तपेश्वर राम, सा0-चेचरीया, थाना-नावाबाजार 03. राजू भुईया, उम्र 32 वर्ष, पिता-मुलर भुईया, सा0-लोहराही, थाना-छतरपुर जिला पलामू का नाम शामिल है।

## जिले में होम वोटिंग प्रारंभ, 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर पर ही कराया जा रहा है मतदान



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के सभी पांचों विधानसभा सीट के लिये आज से मतदान प्रारंभ हो गया। यह मतदान होम वोटिंग व सुविधा केंद्र से कराया जा रहा है।यह मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जा रहा है। जिले के वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85 से अधिक है उन्हें उनके घर पर ही मतदान कराया जा रहा है।इसी तरह दिव्यांग मतदाता जिन्होंने फॉर्म 12 डी भरा था उन्हें भी उनके घर पर ही मतदान कराया जा रहा है। **3 से 11 नवंबर तक विभिन्न चरणों मे मतदान करवाया जायेगा** आज प्रारंभ हुए होम वोटिंग के लिये अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था,यह सभी टीम पुलिस फोर्स व मजिस्ट्रेट के साथ पोस्टल बैलेट व अन्य मतदान सामग्री लेकर स्थानीय बीएलओ के साथ संबंधित मतदाता के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करवाया गया।यह मतदान 3 नवंबर से लेकर 11 नवंबर तक कराया जायेगा।जिले के कुल 785 बुजुर्ग मतदाता(85+) व 445 दिव्यांग मतदाताओं से उनके घर पर मतदान कराये जाने का लक्ष्य है। **नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी परिसर में भी शुरू हुआ मतदान,मतदाताओं में उत्साह** होम वोटिंग के अलावा रविवार से सुविधा केंद्र में भी वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो गया।नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में सुविधा केंद्र बनाया गया है जहां पांचो विधानसभा के लिये अलग-अलग मतदान कक्ष बनाया गया है।यहां निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी व कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करवाया जा रहा है। **जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जिले वासियों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की** दिनांक 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सभी से अधिकाधिक मतदान करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में होम वोटिंग,सुविधा केंद्र पर मतदान प्रारंभ हो गया है।ऐसे में आप सबों की बारी 13 नवंबर को है,अतः अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

## चित्रांश परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ चित्रगुप्त पूजा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सरहस्ताल ग्राम स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर में रविवार को चित्रांश परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया. चित्रांश परिवार के सदस्य अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. चित्रांश परिवार द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी का विधिवत पूजा अर्चना किया गया. इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर अखौरी ज्योतिम प्रसाद, उदय श्रीवास्तव, पन्नालाल, जितेंद्र सिन्हा, प्रवेश राज, अतुल कुमार, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रामचंद्र प्रसाद सिन्हा, प्रशांत श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, भैया लाल श्रीवास्तव, रिंकू श्रीवास्तव सहित समस्त चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में चुनावी संघर्ष चरम पर

# भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधी टक्कर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी संघर्ष का माहौल चरम पर पहुंच गया है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे जनता के बीच प्रत्याशियों के आरोप-प्रत्यारोपों का दौर गर्म हो रहा है। इस बार का मुख्य मुकाबला भाजपा के अनुभवी नेता भानु प्रताप शाही और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के बीच होता दिख रहा है, जिसमें दोनों प्रतिद्वंद्वियों ने अपनी-अपनी रणनीति तैयार कर ली है।इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने अपनी चुनावी मुहिम में सीधे-सीधे भानु प्रताप शाही पर निशाना साधा है। उनका आरोप है कि शाही ने पिछले 15 वर्षों में विकास के नाम पर भवनाथपुर की जनता के साथ छल किया है। देव का कहना है कि चुनावी वादों में शाही ने यहां सीमेंट फैक्ट्री खोलने का वादा किया था, जो केवल एक जुमला साबित हुआ। उनके अनुसार, इस बार जनता बदलाव चाहती है और क्षेत्र में एक नई लहर महसूस की जा रही है। देव मतदाताओं को यह भी याद दिला रहे हैं कि भानु प्रताप शाही के पास अब केवल सांप्रदायिक मुद्दों का सहारा बचा है, जबकि जनता विकास और रोजगार की मांग कर रही है।वहीं, तीन बार के विधायक भानु प्रताप शाही को भाजपा ने हैट्रिक बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतारा है। उनके पक्ष में सबसे बड़ी ताकत भवनाथपुर केतार और खरौंधी क्षेत्रों में उनका मजबूत जनाधार है, जहां पिछले चुनावों में उन्हें भारी समर्थन मिला था। शाही इस बार अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने और जनता के विश्वास को बनाए रखने की कोशिश में जुटे हैं। वे इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अनंत प्रताप देव की ताहिर अंसारी के साथ गठजोड़ को विवाद का केंद्र बना रहे हैं, और मतदाताओं को चेतावनी दे रहे हैं कि अगर गठबंधन जीतता है, तो स्थिति खराब हो सकती है। शाही अपनी मुहिम में 'मोदी मैजिक' पर भरोसा कर रहे हैं और राष्ट्रीय मुद्दों को प्राथमिकता देकर मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय मुद्दों के बजाय, वे राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे बड़े मुद्दों पर फोकस कर रहे हैं, जिससे उन्हें उम्मीद है कि मतदाताओं का ध्यान खींचा जा सकेगा।चुनावी मैदान में बसपा के पंकज चौबे और साइकिल सवार उमेंद्र यादव भी सक्रिय हैं। पंकज चौबे जहां अपने अभियान में लोगों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं उमेंद्र यादव भी अपने चुनावी वादों के साथ मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इनका प्रभाव अभी तक सीमित ही नजर आ रहा है, और फिलहाल जनता का ध्यान मुख्यतः भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों पर ही है।इन तमाम समीकरणों के बीच, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का यह चुनाव न केवल प्रत्याशियों के लिए बल्कि मतदाताओं के लिए भी अहम बन गया है। एक तरफ विकास के मुद्दे पर परिवर्तन का संदेश देने वाले अनंत प्रताप देव हैं, तो दूसरी तरफ अपने पुराने जनाधार और भाजपा की प्रतिष्ठा के सहारे मैदान में उतरने वाले भानु प्रताप शाही। जनता किसे चुनेगी, यह देखने की बात होगी, लेकिन वर्तमान संकेत यही बताते हैं कि यहां की लड़ाई बेहद कड़ी और रोचक होने जा रही है।

## धूमधाम से गढ़वा में मना चित्रगुप्त पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा रविवार को श्रद्धा भाव के साथ की गई। कायस्थ समाज के कुल देवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना को लेकर कायस्थों में उत्साह देखा गया। इस क्रम में शहर के सहिजना मोहल्ला स्थित चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने कहा कि चित्रगुप्त पूजा का काफी महत्व है। भगवान ब्रह्मा के शरीर से उत्पन्न काया चित्रगुप्त नाम से प्रसिद्ध हुआ है। जिसे ब्रह्मा ने स्वर्ग एवं नरक में जाने वालों का लेखा-जोखा रखने एवं पाप पुण्य का फैसला करने जैसी कार्य सौंपे थे। इसी क्रम में सौदास नामक राजा ने चित्रगुप्त की पूजा पूजा करना प्रारंभ की। पूजा को लेकर पूजा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। पुजारी ने वैदिक रीति रिवाज से पूजा संपन्न कराया।मौके पर आयोजित समिति के लोगों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष उनके द्वारा चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया जाता है। साहिजना मोहल्ले में सबसे प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर स्थापित यहां के कायस्थों द्वारा किया गया था। 1932 में मंदिर की आधारशिला रखी गई थी। यहां तब से उक्त स्थल पर निर्बाध रूप से चित्रगुप्त भगवान की पूजा चित्रांश परिवार के द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में प्रतिवर्ष मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता था किंतु बाद में स्थाई रूप से यहां भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कराई गई। इस अवसर पर दिवाकर सिन्हा, प्रभाकर सिन्हा, मानस सिन्हा, गोपाल चंद्र वर्मा, अभय कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार वर्मा, पंकज सिन्हा, नितेश कुमार सिन्हा, राजन सिन्हा, सुबोध कुमार वर्मा, शशांक आदित्य, पवन कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, उमाशंकर श्रीवास्तव, सत्यनारायण, सुधीर कुमार वर्मा, परमेंद्र वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने भाजपा से किया बगावत

# अरविंद सिंह ने सपा प्रत्याशी अंजू सिंह को दिया समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह उटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह ने पार्टी से बगावत करते हुए सपा प्रत्यासी अंजू सिंह को समर्थन देने की घोषणा कर दी. उटारी प्रखंड मुख्यालय में रविवार को आयोजित पार्टी के बागी कार्यकर्ताओं, समर्थकों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने यह ऐलान किया. इसके बाद उन्होंने उटारी प्रखंड मुख्यालय में समाजवादी पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर किया.श्री सिंह ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है. जनता के सहयोग से यहां नया सवेरा होने वाला है.इसके लिए जात पात और पार्टी से ऊपर उठकर अच्छे प्रत्यासी का चयन करना बेहद जरूरी है.ताकि क्षेत्र का पूर्ण विकास हो सके.उन्होंने कहा कि हमारा विरोध भाजपा से नहीं है प्रत्यासी से है.हम सब ने पार्टी के हर प्लेटफॉर्म पर इस मामले को उठाया था. पार्टी नेतृत्व से प्रत्यासी बदलने की मांग की थी. लेकिन हमारी एक नहीं सुनी गई. मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमारा सिंह, मुखिया अशोक सिंह, रामवचन राम, रघुवीर यादव, शंभू सिंह, प्रमोद चौधरी, खताबुदीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, विनोद सिंह, नागेंद्र सिंह, मुखदेव सिंह, महमूद मियां, कामदेव यादव, मंसूर अंसारी, नरेश सिंह, फेकू सिंह, नारायण यादव, अली हुसैन अंसारी, जयकुश यादव, ललन सिंह, एस कुमार यादव, माता सिंह, राजीव कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधायक बनने पर अंजू सिंह नीलगाय की समस्या से दिलायेंगे निजात



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अंजू सिंह विधायक बनने पर किसानों को नीलगाय की समस्या से निदान दिलाने की बात कही, इसके लिए सदन में आवाज बुलंद कर ठोस कदम उठाने का कार्य करेंगी, ताकि किसानों के फसल की सुरक्षा हो सके अंजू सिंह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर उक्त बातें कही। अंजू सिंह आज झीना, कुरकुट्टा, रामबॉध, लमारी खुर्द, घटहुआ, सेतो, राजा घटहुआ, रतमगढ़, कवाड़ी, महुली सननी, हरिगांवा, कोरियाडीह, भुड्डआ, मंडरा, शिवपुर, बहेरा, अधौरा, देवडीह, सोनपुरवा, तेलियाबांध, बुद्धिखाड सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांडी, मझिआंव और बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या नीलगाय से फसल की बर्बादी से ही। विधायक बनने पर इस दिशा में कार्य करते हुए किसानों को लाभ पहुंचाया जायेगा। इसके अलावा सिचांई के समुचित साधन उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि किसानों के खेतों में अच्छी उपज हो सके। इसके अलावा किसानों द्वारा उत्पादन किये गये अनाज/उत्पाद को उचित बाजार उपलब्ध कराने के दिशा में प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और पलायन भी इस क्षेत्र के लिए समस्या है। लोगों को नौकरी दिलाने एवं स्वरोजगार से जोड़कर, खेतों तक पानी पहुंचाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्य किये जायेंगे। इससे क्षेत्र से पलायन समाप्त होगा और बेरोजगारी दूर होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाओं को लाकर लोगों को लाभान्वित किया जायेगा।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

## भाजपा का संकल्प पत्र झारखंड के जनता के साथ छलावा: डॉ मनोज

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र झारखंड के जनता के साथ छलावा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से घोषित संकल्प पत्र सिर्फ और सिर्फ सगुफा है। कुमार ने रविवार को कहा कि पूर्व में भी भाजपा के नेताओं ने तथा प्रधानमंत्री ने घोषणा किया था कि गरीबों को खाते में 15 लाख रुपए देंगे, काले धन वापस लाएंगे। स्मार्ट सिटी बनाएंगे, प्रत्येक वर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे। इसमें एक भी घोषणा भाजपा के शासनकाल में पूरा नहीं किया गया। इसमें कौन सी घोषणा भाजपा शासन काल में पूर्ण हुआ यह भाजपा नेताओं को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता हथियाना के लिए भाजपा झूठी संकल्प पत्र जारी करने का काम किया है। इसे झारखंड की जनता बखूबी जानती है। इसलिए भाजपा के झांसे में झारखंड की जनता आने वाली नहीं है। इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा कि सरकारी नौकरियों में शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के आरक्षण यथावत रखते हुए पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। यह बिल्कुल झूठा है। भाजपा का यहीं दोहरा चरित्र है। भाजपा के शासनकाल में पिछड़ा वर्ग को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण को घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया।

## मल्लिकार्जुन खड़गे पांच नवंबर को आएंगे रांची

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने एक दिवसीय दौरे पर पांच नवंबर को रांची आएंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में खड़गे कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में दो विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा करेंगे। इस क्रम में खड़गे अपराह्न 12:15 बजे मांडू विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर उच्च विद्यालय दाढ़ी के मैदान और कांके विधानसभा के कांके प्रखंड अंतर्गत बुकरू फुटबॉल मैदान नगड़ी में दो बजे आयोजित जनसभा में भाग लेंगे।

# नगड़ी से दो और बेड़ों से तीन हथियार के साथ हुये गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। इस सतर्कता का परिणाम है कि नगड़ी से दो और बेड़ों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन सबके पास से हथियार भी जब्त की गई है।

### यह है मामला

ग्रामीण एसपी ने बताया कि नगड़ी थाना में वादी सज्जाद उर्फ वकील हाई स्कूल मोहल्ला नगड़ी थाना नगड़ी जिला राँची के फर्दबयान के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त जुनैद अंसारी और जुबैर अंसारी चेक पोस्ट मोहल्ला नारो नगडी थाना नगडी जिला राँची के विरुद्ध मारपीट करने एवं हथियार तानते हुये दौडाकर मारने के प्रयास में मामला दर्ज करायी गयी है। जुनैद और जुबेर को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना यह है कि वादी एवं अभियुक्त जुनैद अंसारी दोनो एक ही लड़की के दोस्त थे, वादी को अभियुक्त एवं अभियुक्त का भाई जुबैर अंसारी रास्ते से हटाने के लिए अवैध हथियार के साथ प्लानिंग के तहत जान मारने के नियत से हमला किये थे, परंतु पुलिस के द्वारा तत्परता दिखाते हुये वादी के सुचनानुसार ग्राम हाईस्कूल मोहल्ला में सद्दाम अंसारी के घर के बाहर से दोनों अपराधकर्मी को धर दबोचा, एक पिस्टल एवं पाँच पीस जिन्दा गोली को दोनों अपराधकर्मी के निशानदेही पर सद्दाम अंसारी के आँगन में बने बाथरुम के खिडकी के पास से जप्त किया गया है।

### छापामारी में बरामदगी

एक काला रंग का रेगुलर पिस्टल, पाँच (05) जिन्दा गोली, दो स्कार्पियों जिसका 4. मोबाईल- 04

### छापेमारी दल के सदस्य

पुअनि सह थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक कुमार राय, पुअनि शुभम कुमार सिंह, नगड़ी थाना, पुअनि शौकत अली, नगड़ी थाना, सअनि संजय कुमार सिंह, नगड़ी थाना, हव 595 सुबोध कुमार, नगड़ी थाना



रिजर्व गार्ड, हव0 535 निर्मल उराँव, नगड़ी थाना रिजर्व गार्ड, आ0/2715 वीर सिंह जोंको, नगड़ी थाना रिजर्व गार्ड। आरक्षी 2690 ललन सिंह, नगड़ी थाना रिजर्व गार्ड।

### बेड़ों से तीन आरोपी गिरफ्तार

विधान सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वारंटी / अपराधियों के विरूद्ध) चलाये जा रहे छापामारी अभियान के क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधकर्मी मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा, लक्की उराँव, पिता रौशन उराँव किसी बडी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के द्वारा अशोक कुमार राम पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो रांची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम चनगनी स्कुल मैदान स्थित कुख्यात अपराधकर्मी मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा, के गाँव स्थित स्कूल गराउंड पहुँचा जहाँ अपराधकर्मी आर्यन अपने गिरोह के सदस्यों के साथ बैठकर शराब पीते हुये अपराध की योजना बना रहे थे। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी को देखकर अपराध कर्मी भागने लगे जिसे छापामारी दल के द्वारा दौड़ा कर पकडा गया। पकडाये युवक से नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा, लक्की उराँव, बताये। पकडाये युवक पकडाये युवक से पूछताछ करने पर उसने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा के निशानदेही पर अपराधकर्मी आर्यन के दोस्त लड्डु महली के घर से एक अवैध देशी राईफल जिसके बैरल पर 7062स्क्र लिखा हुआ एवं ग्राम टिकरा टोली पिस्का, थाना नगड़ी स्थित शाहबान अंसारी, पिता कमरूदीन अंसारी के घर से एक देशी अवैध कारवाईन एक मिस फायर गोली एवं एक खोखा बरामद किया गया है।

### छापामारी में गिरफ्तारी

मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा, लक्की उराँव, शाहबान अंसारी को गिरफ्तार किया गया।

### छापामारी में बरामदगी

एक राईफल जिसके बैरल पर स्क्र लिखा हुआ ।एक देशी अबैध कार्रवाईन, एक मिस फायर गोली एवं एक खोखा बरामद किया गया।

## छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान पांच से

**रांची :** सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ की चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगी। पहले दिन व्रत करने वाले पुरुष और महिलाएं शुद्धि के लिए नदियों तालाबों व विभिन्न जलाशयों में स्नान करेंगे। इसके बाद व्रत अनुष्ठान शुरू करेंगे। श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय की तैयारी के लिए रविवार को महावीर चौक व दुकान पहुंच कर लौकी, चने की दाल, अरवा चावल आदि की खरीदारी की। यहां लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। छठ महापर्व में आस्था के साथ स्वच्छता और शुद्धता का अधिक ख्याल रखा जाता है। व्रती स्नान-ध्यान के बाद चार दिवसीय व्रत का संकल्प लेंगे। इसके बाद चावल, चने की दाल, लौकी (कद्दू) की सब्जी, सेंधा नमक से तैयार कर उसका भोग लगाएंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। एक समय के भोजन के बाद व्रती अगले दिन खरना के समय तक भूखे रहना है।

## पुलिसकर्मी पहने छह नवंबर से शीतकालीन वर्दी : पुलिस मुख्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिसकर्मियों को छह नवंबर से शीतकालीन वर्दी पहनने का निर्देश दिया है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय ने पहले दो मार्च 2024 से ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनने का निर्देश दिया था, लेकिन शरद ऋतु के आगमन पर अब नया आदेश जारी किया गया है। यह आदेश होमगार्ड मुख्यालय सहित पुलिस के सभी इकाइयों को दिया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि छह नवंबर से 15 मार्च तक सभी पुलिसकर्मी शीतकालीन वर्दी पहनेंगे। पुलिस पदाधिकारियों को परिधान भत्ता (वर्दी) के लिए 4500 रुपए मिलता है। जबकि पुलिस जवान को 4000 रुपये दिया जाता है। इससे पुलिस पदाधिकारी और जवान को वर्दी, वूलेन वर्दी, बेल्ट, जूता, मोजा, टोपी आदि खरीदना होता है। यह परिधान भत्ता हर साल मिलता है।

## दिपावली एव भाई दूज पर भक्तीमय माहौल में भंडारे का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 174 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 900 श्रद्धालुओ एव सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे निराश्रित प्रभुजी एव वहा रहकर इनकी सेवा करने वाले सेवादार सेवा साथियों के बीच वितरण किया गया। आश्रम परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 174 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डाक्टर श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे सेवाभावी सदस्यों एव श्रद्धालुओ के सहयोग से आज 03 नवम्बर रविवार को 174 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद परमहंस डाज़ संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों ने दिपावली एवं भाई दूज के सुअवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गयी। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल छावनिका, विशाल जालान, बिष्णु सोनी,सुरेश भगत, मनीष जालान,शिव भगवान अग्रवाल,एचज़एनज़मौर्या,ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, चन्द्रदिप साहु, महेश वर्मा, हरीश कुमार, परमेश्वर साहु एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## बीजेपी का संकल्प पत्र पर जनता को नही भरोसा : राजद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने बीजेपी नेता और देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संकल्प पत्र जारी पर कहा कि भाजपा संकल्प पत्र के माध्यम से फिर से जनता को गुमराह कर रहे हैं इनके संकल्प पत्र में मुख्य रूप से आदिवासियों के जमीन और सुरक्षा देने की बात कही गई है। यादव ने कहा कि भाजपाइयों को आदिवासियों का नाम लेने का कोई हक नहीं है क्योंकि गोड्डा में इस समाज व ग्रामीणों का जबरन जमीनें हड़प कर अदानी पावर प्लांट लगवाया और बिजली उत्पादन का व्यवसायीकरण बांग्लादेश में किया जा रहा है, जिस कारण वहां के लोग बड़े पैमाने पर विस्थापित हो गए हैं। बीजेपी नेता गृहमंत्री हेमंत सरकार में शामिल राजद कांग्रेस जेएमएम पर सवाल उठाया है कि इनके राज में शोषण काफी बढ़ा है इस यादव का स्पष्ट कहना है कि भाजपाइयों को आंकड़े पेश करने में शर्म आनी चाहिए क्योंकि भुखमरी के मामले में विश्व में भारत सबसे ऊंचे पायदान पर है। अमित शाह को महागठबंधन सरकार के लाभार्थी कार्यों पर टिपण्णी करनी चाहिए।

## प्रत्येक नागरिक का मत हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार है : उत्कर्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची डाक मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदय भान सिंह के जरिये एक विशेष मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रांची मंडल के सभी वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, प्रधान डाकपाल, उप डाकपाल और शाखा डाकपालों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा बहुउद्देशीय सभागार, जिला स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रांची के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार और झारखंड के डाक सेवा निदेशक पंकज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। उदय भान सिंह ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण से किया। इस अवसर



पर उत्कर्ष कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक का मत हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मौके पर पंकज कुमार मिश्रा ने मतदाता पहचान पत्र की समय पर डिलीवरी के महत्व पर जोर दिया और सभी डाकपालों को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत डाक मतदाता पहचान पत्रों की सुरक्षित और समय पर वितरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो मतदान प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जो कि रांची के केंद्रीय उप मंडल के सहायक अधीक्षक अजय कुमार के जरिये प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 450 डाकपालों ने भाग लिया। साथ ही रांची मंडल के सभी डाक निरीक्षक, मंडलीय कार्यालय के सहायक और एमई संदीप कुमार महतो भी इस महत्वपूर्ण मतदान जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है : केशव महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है। 2014 से राज्य की जनता देख रही है कि इनका हर वादा जुमला बनकर रह गया। भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया स्वरूप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा घुसपैठ की बात कर राज्य सरकार को दोष देती है। लेकिन इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार केंद्र सरकार और गृह मंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के नाम पर आदिवासी समुदाय को दिग्भ्रमित करने और खुद को उनका हितैषी साबित करने की कोशिश भाजपा कर रही है। आदिवासी अस्मिता की रक्षा का ढोंग करने वाली भाजपा ने सरना धर्म कोड लागू करने के बारे में अपने संकल्प पत्र में कोई चर्चा नहीं की जबकि सरना धर्म कोड का बिल झारखंड सरकार द्वारा पास कर भेजा जा चुका है। उन्होंने रविवार को कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछड़ों के आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था। आज उन्ही बाबूलाल के नेतृत्व में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात भाजपा कर रही है। इससे साफ है कि ये आदिवासी,पिछड़े वर्ग को मोहरा बनाकर झारखंड की सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से घबराकर भाजपा गोगो दीदी योजना लाने की बात कर रही है, कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया जा चुका है कि दिसंबर से राशि बढ़ाकर 2500 महीना किया जाएगा। लेकिन भाजपा गोगो दीदी योजना के तहत इस राशि को कम



कर 2100 रुपये महीना करने की बात कर रही है। इससे 51 लाख महिलाओं के साथ धोखा होगा। रघुवर सरकार के कार्यकाल में 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड रद्द किया गया।

## हटिया और रांची विस सीट पर जीत दर्ज कराने के लिए राजीव रंजन मिश्रा ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राँची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक भारतीय जनता पार्टी के राँची विधानसभा प्रत्याशी सी पी सिंह एवं हटिया विधानसभा प्रत्याशी नवीन जयसवाल को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सम्पन्न हुई ।बैठक में मुख्यरूप से राँची विधानसभा प्रत्याशी सी पी सिंह, हटिया विधानसभा प्रत्याशी नवीन जैसवाल, राँची विधानसभा प्रभारी अजय मरु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा, राँची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू एवं महासचिव जितेंद्र वर्मा उपस्थित थे ।बैठक की अध्यक्षता सुनील गुप्ता एवं संचालन अनिल गुप्ता ने किया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन विजय गुप्ता(गुड्डू) ने किया।

बैठक में कांग्रेस एवं जेएमएम के सैकड़ो लोगो ने नवीन दुबे, यश दुबे एवं रोशन सिंह के नेतृत्व में राँची विधायक सी पी सिंह एवं हटिया विधायक नवीन जैसवाल के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया ।बैठक में आए सभी मुख्य अतिथियों ने भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की ।बैठक में मोहन शर्मा, उर्मिला गुप्ता, सुनीता झा, मीना सिंह, रेखा साहू, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कच्छप, राजू राय, विनोद राजन, इंदु भूषण गुप्ता, रितेश बक्शी, अजोधर कुमार, भारत साहू, राम मनोज साहू, पंकज पंडित, अमित प्रजापति, कालीचरण लोहरा, निरंजन साहू, मनोज साहू, मीना साहू सहित सैकड़ों की संख्या में हटिया एवं राँची विधानसभा छेत्र के समाजसेवी उपस्थित थे।

## जेयूटी का पहला दीक्षांत समारोह 15 नवंबर को



**रांची :** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) का पहला दीक्षांत समारोह राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को आयोजित होगा। कुलपति डॉ. डीके सिंह की अध्यक्षता में हुई जेयूटी की 21वीं कार्यकारिणी परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

## भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया स्वरूप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा घुसपैठ की बात कर राज्य सरकार को दोष देती है, लेकिन इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार केंद्र सरकार और गृह मंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के नाम पर आदिवासी समुदाय को दिग्भ्रमित करने और खुद को उनका हितैषी साबित करने की कोशिश भाजपा कर रही है। आदिवासी अस्मिता की रक्षा का ढोंग करने वाली भाजपा ने सरना धर्म कोड लागू करने के बारे में अपने संकल्प पत्र में कोई चर्चा नहीं की जबकि



सरना धर्म कोड का बिल झारखंड सरकार द्वारा पास कर भेजा जा चुका है। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछड़ों के आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था आज उन्ही बाबूलाल के नेतृत्व में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात भाजपा कर रही है। इससे साफ है कि ये आदिवासी, पिछड़े वर्ग को मोहरा बनाकर झारखंड की सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से घबराकर भाजपा गोगो दीदी योजना लाने की बात कर रही है, कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया जा चुका है कि दिसंबर से राशि बढ़ाकर 2500 महीना किया जाएगा। भाजपा गोगो दीदी योजना के तहत इस राशि को कम कर 2100 महीना करने की बात कर रही है इससे 51 लाख महिलाओं के साथ धोखा होगा। रघुवर सरकार के कार्यकाल में 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड रद्द किया गया, हमने 23 लाख नए राशन कार्ड जारी किए। अपने कार्यकाल में भाजपा ने पत्थलगड़ी के नाम पर 8500 आदिवासियों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया, जिसे महागठबंधन सरकार ने वापस लिया। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर भाजपा का संकल्प पत्र जनता को ठगने के लिए है, लेकिन झारखंड की जनता सजग हो चुकी है, झूठे वादों के भ्रमजाल में पड़ने वाले नहीं हैं।

## नगर आयुक्त ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आगामी छठ महापर्व के दौरान एक स्वच्छ एवं साफ़ वातावरण में श्रद्धालु पूजा करे तथा सम्पूर्ण रांची नगर निगम क्षेत्र कूड़ा मुक्त रहे, इस प्रण के साथ पूरी टीम मुस्तैदी के साथ कार्यों का निष्पादन करे। सभी गठित टीम अपने-अपने संबंधित जोन में सफ़ाई अभियान को प्राथमिकता के साथ मॉनिटर करे। अगले 24 घंटों के भीतर सभी चिन्हित 72 छठ घाटों की संपूर्ण सफ़ाई सुनिश्चित करें। उक्त दिशा-निर्देश नगर आयुक्त संदीप सिंह के द्वारा 03.11.2024 को रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न जलाशयों के तट पर अवस्थित प्रमुख छठ घाटों पर निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए निगम की टीम को दिया गया। इस क्रम में उनके द्वारा मुख्य रूप से कांके डैम, बड़ा तालाब, हटनिया तालाब व अन्य तालाबों का निरीक्षण किया गया।उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के साथ-साथ लाखों श्रद्धालु छठ घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए जुटती है, इसके लिए निगम स्तर से कई महत्त्वपूर्ण तैयारियां की जा रही है। साफ़-सफ़ाई की दृष्टिकोण से सभी चिन्हित 72 छठ घाटों तथा



उसके सभी संपर्क पथों पर विशेष सफ़ाई अभियान दीपावली के पूर्व से ही चलाई जा रही है, जिसमे अतिरिक्त सफ़ाई कर्मी भी लगाए गए है। मूर्तियों के अवशेषों को जल्द से जल्द निकालते हुए सभी घाटों में फैली गंदगी की सफाई, ग्रास कटिंग, तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान हेतु बैरीकेडिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव (तालाब के चारों तरफ) एवं तालाबों के संपर्क पथों पर एवं आस-पास के क्षेत्रों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करे। साथ ही छठ से पूर्व निगम के वाटर टैंकरों व एंटी स्मॉग गन के द्वारा सभी मुख्य पथों पर पानी का नियमित छिड़काव करना सुनिश्चित करे।इसके अलावा उनके द्वारा सभी जलाशयों में खतरनाक स्थलों/गहरे पानी के क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए रेड रिबन/बास-बल्ली से बैरीकेडिंग करने के कार्यो को जल्द पूरा करने का भी निदेश दिया गया ताकि लोग गहराई की तरफ न जाएं और किसी भी तरह की अनहोनी ना हो।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया भाई दूज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया। संस्था की संचालिका बी के राजमती ने भाई दूज का टीका सभी को लगाया और मुंह मीठा किया। भाई दूज के आध्यात्मिक रहस्यों को बताते हुए कहा कि वास्तव में मस्तक या दोनों भौहों के बीच भृकुटि का मध्य मनुष्य शरीर का वह स्थान है, जहां आत्मा निवास करती है। शिव शक्तियां



मनुष्यों को अर्थ सहित ईश्वरीय ज्ञान का यह रहस्य भी सुनाती है। आत्मा अविनाशी है। कार्यक्रम में सभी ने एक -एक दीप जलाकर आने वाले समय में आत्मदीप जागृत रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुबोध कुमार, नरेश कुमार, डॉ अनिल कुमार, आशुतोष द्विवेदी, लीला देवी, ऊर्मिला देवी, रीता देवी, बसंती देवी, संपति देवी, कविता सेन, रोहित कुमार, चंदन, विनोद, रौशन सहित अन्य उपस्थित थे।

## तरुण संघ काली पूजा समिति की पूजा धूमधाम से संपन्न



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी रेलवे मार्केट के तरुण संघ काली पूजा समिति क्लब न.17 में काली पूजा धूमधाम से मनाया गया। पुरोहित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। एवं बकरे की बलि दी गई। रात्रि में पूजा समाप्त होने के बाद भक्तों के बीच खीर, खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। एवं दुसरे दिन बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। एवं तिसरे दिन भंडारा का आयोजन किया गया भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भंडारे का लुफ्त उठाया। साथ ही संध्या के समय विधिवत पूजा अर्चना कर मां काली का विसर्जन किया गया। विसर्जन में काफी लोग शामिल हुए।मां का विसर्जन रेलवे क्लोनी का भ्रमण करते हुए मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी में विधिवत विसर्जन किया गया। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष राजा पाण्डेय,एवं राजेश कुमार,उपसचिव सोनु प्रसाद,सचिव सोनु सिंह, आनंद महतो,जितेश सिंह, जितेन्द्र महतो,रोशन पासवान, मंगल महतो,कमल विश्वास,दीनु चौधरी,हेमंत पाल समेत कमेटी का सरहानिय योगदान रहा।

## खलारी में धूमधाम से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी तथा कोयलांचल क्षेत्र में कायस्थ परिवार के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से की। कायस्थ परिवार के लोग अपने-अपने घरों में भगवान चित्रगुप्त का चित्र रखकर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किए। इस अवसर पर चित्रगुप्त भगवान की कथा सुनी गई। पूजन में भगवान चित्रगुप्त के साथ कलम, दवात की भी पूजा की गई। पूजा के दौरान कायस्थ लोग कोरे कागज पर स्वस्तिक का चिन्ह बनाकर कथा में वर्णित मंत्र लिखे। इस दौरान आय-व्यय का लेखा जोखा भी लिखे। जिसमें मान्यता के अनुसार आय कम तथा व्यय अधिक दर्शाया गया। पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त से विद्या, बुद्धि तथा लेखन का आशीर्वाद मांगे। अंत में आरती की गई तथा उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## चुनाव कार्यालय का किया गया उद्घाटन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनगड़ा प्रखंड के गोंदली पोखर में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व राँची लोकसभा सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संयुक्त रूप से किया । मौके पर सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि इस बार महागठबंधन को उखाड़ फेकना है सभी लोगो ने राम कुमार पहान को जीताने का संकल्प लिया प्रत्यासी राम कुमार पहान कार्यालय प्रभारी राकेश भास्कर जैलेन्द्र कुमार रणधीर महतो सत्यदेव मुंडा आजसू वरिष्ठ नेता राजेन्द्र शाही मुंडा राजु नायक रामकृष्ण चौधरी रामबिहारी साहू सुरेंद्र महतो मनोज कुमार चौधरी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू डॉ रीझू नायक सुनील महतो जलनाथ चौधरी जितेंद्र सिंह जगरनाथ महतो अजय महतो सिकदर अंसारी छोटेलाल अजित महतो गौरीशंकर मुंडा संजय भोगता राजू प्रमाणिक आतिस महतो हिमालय चौधरी रामशाय मुंडा जलेश महतो आदि शामिल थे ।

## पिपरवार के चिरैयांटांड़ मे हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ काली पूजा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा श्रद्धा एंव भक्ति के साथ मनाया गया। रविवार को सामूहिक रूप से हवन यज्ञ के साथ काली पूजा का समापन किया गया।वही काली पूजा समिति के सचिव गुलाबचंद महतो के आकस्मिक निधन पर काली पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मेला को स्थगित कर दिया गया।जानकारी के अनुसार काली पूजा के अवसर पर चिरैयाटांड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला का भी आयोजन किया जाना था, लेकिन एक नवंबर की रात्रि चिरैयाटांड़ निवासी पूर्व सीसीएल कर्मचारी एवं काली पूजा समिति के सचिव गुलाबचंद महतो के निधन के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी।इसके बाद समिति के सदस्यों ने बैठक कर काली पूजा के मौके पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मेला को स्थगित कर दिया।रविवार को समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में सामूहिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमें पुजारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ कराया गया। हवन यज्ञ के साथ ही काली पूजा का समापन किया गया।हवन यज्ञ के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।हवन यज्ञ कार्यक्रम मे बसंत नारायण महतो,विमल महतो,लखन महतो, बालकिशुन महतो,नागेश्वर महतो,विश्वनाथ महतो, जानकी महतो,कीर्तन महतो, अर्जुन महतो,विजय महतो, टिकेश्वर महतो,वीरेंद्र महतो,प्रीतम महतो,अमर महतो,देवनाथ महतो,महेश महतो,सुरेश करमाली, शिवनाथ महतो,सुरेश महतो, संतोष महतो,अजय महतो, रमन महतो,प्रदीप महतो, तरुण महतो,राज महतो सहित काफी संख्या ने लोग मौजुद थे।

# गोधन में भाइयों को श्रापकर बहनों ने की मंगलकामना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** भाई दूज के मौके पर खलारी में कई जगह गोधन कूटा गया। भाई बहन के प्रेम की इस अनोखी परंपरा में बहनों ने सुबह सबसे पहले अपने भाइयों को जी भर के कोसा। कोसने के क्रम में मर जाने तक का श्राप दिया। फिर रेंगनी का कांटा अपने जीभ में चुभोकर पश्चाताप किया। गोबर से चौकोर आकृति बनाई गई, जिसमें यम-यमी की आकृति बनाई गई। साथ ही सांप बिच्छु की आकृति भी बनाई गई। बहनों ने पहले इसकी पूजा की फिर चना, नारियल ईंट व जीभ में चुभोए गए रेंगनी के कांटे को रखकर डंडे से कूटा। पारंपरिक गीत भी गया। गोधन कूटने में हर उम्र की महिलाएं, छोटी बच्चियां भी शामिल थी। बाद में भाइयों को तिलक लगाया और कूटा गया चना, नारियल व मिठाई खिलाया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिया।



**बहनों ने की भाईयों के स्वस्थ व दीर्घायु की कामना :** खलारी । खलारी क्षेत्र में बहन भाई के प्रेम का त्योहार भाई दूज श्रद्धा व प्रेम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाईयों के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। भाइयों को बिठाकर बहनों ने उन्हें तिलक लगाया, आरती की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाईयों ने परंपरा के अनुसार बहनों को उपहार दिया। पौराणिक कथा के अनुसार यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमी की कहानी पर आधारित है। परंपरा के अनुसार कई भाई बहनों के घर जाकर स्नान व भोजन किए और वहीं भाई दूज का त्योहार मनाया।

# पिपरवार में खान सुरक्षा एवं ब्लास्टिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफीसर्स क्लब में खान सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देश पर खान सुरक्षा एवं ब्लास्टिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशालय रांची जोन के डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब अहमद,धनंजय कुमार,डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी हनुमंत राव और एजाज अहमद शामिल हुआ। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर किया।इसके बाद अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर माईंस सेफ्टी आफताब अहमद ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खान सुरक्षा के प्रति जानकारी मिलती है।साथ ही दुर्घटनाओं से बचने के उपाय एवं प्रावधानों पर विशेष जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के द्वारा सीसीएल के सभी क्षेत्रों में लगातार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर सुरक्षा के प्रति कर्मियों एवं अधिकारियों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता है।लगातार हो रहे जागरूकता कार्यक्रम के बाद कोयला खदानों में दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। कोयला खदान में काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों में जागरूकता पैदा हुई है।साथ ही



कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों का सख्ती के साथ पालन कराया जा रहा है।इस कार्यक्रम में सीसीएल के पांच क्षेत्रो के अधिकारी शामिल हुए। जिसमें पिपरवार,एनके एरिया,मगध संघमित्रा, आम्रपाली चंद्रगुप्त और राजहरा एरिया के मैनेजर, ब्लास्टिंग ऑफिसर, ओवरमैन सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।इस मौके पर पिपरवार जीएम संजीव कुमार, अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह,पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी शकील अख्तर, मगध परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण,सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह,एसके चौधरी, सुभाजित हलदर सहित काफी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

# पिपरवार मे भाई की खुशहाली की कामना के साथ बहनो ने मनाया भाई दुज का त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में बहनों ने भाई की खुशहाली की कामना करते हुए भाई दूज का त्योहार खुशी-खुशी मनाया।यह त्यौहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को मनाया जाने वाला हिंदू धर्म का पर्व है।जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं जो भाई के प्रति बहन के प्यार को अभिव्यक्त करता है एवं बहने अपने भाई की खुशहाली की कामना करती है।भाई दुज से जुड़ी मान्यता के अनुसार इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर भोजन करता है उनकी उम्र बढ़ जाती है।यमराज बहनो द्वारा मानी गई हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।इसी परंपरा के अनुसार बहनों द्वारा गोवर्धन पूजा भी किया जाता है।जिसमें गोबर की आकृतियां बनाकर बहनों द्वारा तरह तरह के श्राप दिए जाते हैं एवं पुनः उन्ही श्रापों को वापस लिया जाता है।परंपरा के अनुसार कहीं-कहीं बहने सांप काटे,बाघ काटे,बिच्छू काटे,जो काटे सो आज काटे इस तरह का श्राप देती है इन श्रापों के पीछे ऐसा माना जाता है कि उसे यम के दुत भाई के प्राण नहीं लेंगे। पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत बिहार,अशोक विहार,वन बीआर,टीएच कॉलोनी,एलो कॉलोनी,माईर्न्स कॉलोनी सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भाई दूज का त्यौहार मनाया गया।भाई दूज त्योहार पर आयोजित पूजा मे काफी संख्या मे महिला,युवती और बच्चे शामिल हुए।



# टाटीसिलवे क्रिकेट क्लब एक बेहतर प्लेटफॉर्म : जितेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** टाटीसिलवे क्षेत्र के एक ऐसे शख्स जो अपने जीवन के सर्वत्र समय खेल के प्रति निंवछावर कर दिए, समाजसेवी शिक्षा में डिप्लोमा होल्डर,आर्थिक स्थिति भी बहुत मजबूत नहीं रहने के वावजूद भी हर समय खेल के प्रति तत्पर रहने वाले पहचान के मोहताज नहीं,जिन्हें आप सभी लोग भली-भांति जानते हैं, वो हैं, फूटबॉल खेल के पूर्व राष्ट्रीय रेफरी श्री सरोज नाथ महतो जी! उन्हीं के प्रयास से आज टाटीसिलवे ईईएफ फूटबॉल ग्राउंड में अंडर 14 उम्र के बच्चों को क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण देकर बच्चों के अंदर छिपे प्रतिभा को तलाशनें में लगे रहते हैं। आज के क्रिकेट उध्दाघटन मैच में बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए, अतिथि के रूप में परिचय प्राप्त करते आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केन्द्रीय सदस्य सह समाजसेवी काशीनाथ महतो आदि उपस्थित थे।



# पिपरवार में धूमधाम के साथ मनाई गई चित्रगुप्त पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर बचरा ऑफिसर्स क्लब में चित्रांश महापरिवार बचरा के द्वारा भव्य पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पुजारी विकास पाठक के द्वारा विधिवत रूप से पूजा कराया गया,जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस पूजा कार्यक्रम में चित्रांश महापरिवार के सभी लोग शामिल हुए।चित्रांश महापरिवार के अश्विनी दराद और दिलिप कुमार अम्बष्ट ने बताया कि पिछले 23 वर्षो से बचरा में भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से की जा रही है।इसमे कलम-दवात की विधिवत पूजा की जाती है।उन्होने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।वहीं क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई।इस मौके पर चित्रांश महापरिवार के संगीत कुमार, एके श्रीवास्तव,एसके सिन्हा, सागर श्रीवास्तव,राजेश कुमार,दिव्यांशु सहाय, आशुतोष सिंहा,अवधेश प्रसाद सिन्हा,दिलीप कुमार अम्बष्ट, मिथिलेश कुमार सिन्हा, अश्विनी कुमार दाराद,रमेश कुमार सिन्हा, प्रवीण कुमार दाराद,अनिल कुमार सिंहा,रवि शंकर सहाय,मनोज कुमार सिंहा, निशु निशांत,अंकित प्रियेश, विनीत रंजन,सुमित रंजन, विकास सिंहा,अनिल सिन्हा सहित दर्जनों चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# सीसीएल प्रबधंन द्वारा बचरा छठ घाट मे साफ सफाई कराया गया शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सारी तैयारी शुरू कर दी गई है।क्षेत्र के सभी छठ घाटो में साफ सफाई का काम शुरू कर दिया गया है।रविवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के द्वारा बचरा छ्ठ घाट की साफ-सफाई का काम शुरू करा दिया गया है।प्रबधंन द्वारा बचरा छठ घाट मे साफ सफाई,पहुंच पथ की मरम्मति एंव रंग रंगाई का काम शुरू करा दिया गया है।छ्ठ पूजा समिति के सदस्यो की उपस्थिति मे जेसीबी एंव लोडर मशीन से पुरे छ्ठ घाट एंव झाड़ियो की सफाई की गई।इस संबंध में बचरा छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष बचरा छठ घाट में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के तत्वाधान में पूरे घाट की साफ सफाई कराई जाती है।वहीं छठ पूजा समिति बचरा के द्वारा पूरे छठ घाट को आकर्षक रूप से सजाया जाता है।छठ पूजा करने वाले छठ व्रतियो को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो इसका विशेष ख्याल रखा गया है। पूरे छठ घाट में आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। इसके अलावा बचरा छठ घाट परिसर में सूर्य भगवान की आकर्षक प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जिसको लेकर पंडाल बनाने का काम किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर पूजा समिति के द्वारा लगभग सारी तैयारी जोर-शोर से की जारी है।



## पिपरवार के बेंती में आज होगा सोहराय जतरा का आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती बाजारटांड़ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय जतरा मेला का आज आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि सोहराय जतरा के अवसर पर विभिन्न प्रकार की दुकान एवं झूला भी लगाया जाएगा।इसके अलावा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।रात्री मे नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि दोपहर दो बजे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार मेला का उद्घाटन करेंगे,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति के सदस्यों ने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से इस मेला में शामिल होने की अपील की है।

## बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक इंडस टावर्स ने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम प्रगति के तहत बिहार के सीतामढ़ी जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 1550 राहत किट वितरित करके आपदा राहत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। वितरण आज सीतामढ़ी के बिष्णुपुर में हरिवंश मध्य विद्यालय में श्री बिनोद प्रसाद सिंह - मुखिया, पंचायत - बरहेता, ब्लॉक- रुन्नीसैदपुर, जिला- सीतामढ़ी की उपस्थिति में हुआ।इस पहल की सराहना करते हुए, श्री बिनोद प्रसाद सिंह, मुखिया, पंचायत, बरहेता ने कहा, फ़ऐसी प्राकृतिक आपदा के समय, यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी प्रभावित समुदाय का समर्थन करने के लिए एकजुट हों। इंडस टावर्स के 22 स्वयंसेवकों की एक समर्पित टीम ने वितरण प्रक्रिया को सुगम बनाया।

## बिजली बिल माफी योजना से लोगों को बहकाया जा रहा है : राजा पीटर

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बुंडू स्थित जदयू कार्यालय में एनडीए प्रत्याशी गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वर्तमान सरकार को निशाना साधते बिजली बिल रशीद दिखाते हुए कहा बिजली बिल माफी योजना से लोगों को भटकाया जा रहा है। आचार संहिता के पहले बिजली बिल माफ किया गया लेकिन चुनाव नजदीक आने पर ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली बिल बकाया ऑनलाइन दिख रहा है। इससे ये साबित हो रहा है जनता को ठगा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की सरकार में छात्रों को जातीय स्थानीय आय प्रमाण पत्र, जमीन के म्यूटेशन, और सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का बोलबाला से जनता परेशान रहे जनता बदलाव चाहती है। बिहार सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के शासन में बिहार सुशासन सामाजिक न्याय और विकास किया है उसीट तर्ज पर झारखंड वर्तमान विधानसभा क्षेत्र में भी सामाजिक न्याय के साथ विकास की गाड़ी दौड़ेगी। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के हर खेतों में सालों भर पानी, बिजली स्वास्थ्य, और शिक्षा के विकास में कार्य किए जाएंगे। कुछ राजनेता बेबुनियाद आरोप लगाते हैं, जनता का प्यार मुझे मिल रहा है। जनता एनडीए सरकार बनाने के लिए मेरे पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर विनय सिंह मुंडा, राजा कर्मकार, संतोष जायसवाल,अशोक कुमार,राणा, कोशिश, गौतम शुक्ला सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में में चार युवक घायल, रिम्स रेफर

**कर्रा :** प्रखंड के जरियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की सुबह लगभग 7 बजे रुंजू-तिलमी मुख्य सड़क के बीच जंगल के पास दो मोटरसाइकिल के आपसी में टक्कर होने से चार युवक घायल हो गए. जिसे तत्काल बरवादाग गांव निवासी छोटू उरांव ने सभी घायलों को अपने बोलेरो गाड़ी से कर्रा सीएचसी लाया. जहां डॉक्टर सिद्धार्थ द्वारा उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजू गांव निवासी आजाद तोपनो, तिलमी गांव निवासी बिरसा मुंडा एंव गुलशन खलखो एक ही मोटरसाइकिल पर रंजू गांव से तिलमी की ओर आ रहे थे वहीं दूसरी ओर मास्को गांव निवासी दिपयान गोप कोटलो गांव की ओर जा रहा था. जंगल मोड़ के पास दोनो मोटरसाइकिल सीधी आमने सामने टक्कर होने से सभी युवकों रास्ते में गीर गया और सभी गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना की सुचना मिलने के बाद कर्रा प्रखंड जेएमएम अध्यक्ष शेख फिरोज एवं समाजसेवी अनूप लकड़ा, महादेव लोहरा ने पहुंचकर 108 एंबुलेंस को फोन करके बुलाया और तत्काल बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज गया।

## जलंगा बाजार टांड़ में किया गया भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तोरपा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलंगा बाजार टांड़ रविवार को भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना के बाद भाजपा गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह नारियल फोड़कर किया गया. जलंगा बाजार टांड़ में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समारोह के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा को भारी मतों विजय बनाने को लेकर संकल्प लिया साथ ही विधायक प्रत्याशी कोचे मुंडा जिन्दाबाद, अर्जुन मुंडा जिन्दाबाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, जेपी नाडा जिन्दाबाद, बाबूलाल मरांडी जिन्दाबाद भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद का नारा लगाया गया. वहीं सभी कार्यकर्ताओं के बीच बीजेपी का पट्टा, बेच, पर्चा व? सिब्बल का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री सुधीर सिंह,भाजपा गोविन्दपुर मंडल महामंत्री निलाम्बर सिंह, प्रेम साहू, मुखिया मीना देवी, प्रिती देवी, मुस्तकिम मियां, देवेन्द्र सिंह सनिका उरांव, विनोद सिंह, अशोक सिंह, सुदामा सिंह, तुलसी गोप, दिनेश लोहरा, गजेन्द्र सिंह, नारायण सिंह, श्याम सोनी, मधुसुदन साहू, नारायण साहू, जागरनाथ साहू, सुजीत कुमार, राजू गोप, देवेन्द्र सिंह के अलावे सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां तुझे सलाम ने कीताडीह पंचायत में चलाया मतदाता जागरूक अभियान




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मां तुझे सलाम संस्था द्वारा कीताडीह पंचायत के गरीबन मोहल्ला में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया। इस अभियान में उपस्थित मतदाताओं को 13 नवंबर को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक अपने मतदान का उपयोग करें और एक जिम्मेदार व्यक्ति को चुन कर विधानसभा में भेजें जो आपकी समस्याओं को बेबाक तरीके से विधानसभा में उठाए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान एवं कीताडीह पंचायत की सरपंच दसमती सुंडी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीणा सवैया ,मौसमी, माही हसदा, सलमा हसदा, नूरजहां बेगम, प्रिया बड़ी, शांति, जब्बार, चंपा,माचो आदि शामिल थे।

## बोड़ाम में बांदना पर्व पर गोरू खूंटा कार्यक्रम का आयोजन, उमड़ी भीड़



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के बारियादा में रविवार को सोलआना कमिटी की ओर से रविवार को बूढ़ी बांदना के दिन बैल और भैंस खूंटा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने बैल और भैंस को चमड़ा के सहारे नचाया जिसे देखने के लिए आसपास गांव के काफी लोग आए। कार्यक्रम के बाद बैल और भैंस खूंटाने वाले किसानों व वाद्य यंत्र बजाने वाले लोगों को बारियादा सोलआना कमिटी की ओर एक-एक कुड़माली गमछा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपेन महतो, विश्वनाथ महतो, तारापद महतो, खगेन महतो, मनबोध महतो, छुटुलाल, संदीप, तपन, मनसा, रजनीकांत, देवेन व जितेन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सरयू राय ने सोनारी, मानगो में की पदयात्रा, लोगों से अपने पक्ष में की वोट देने की अपील



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने रविवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से कहा कि किसी भ्रम में न पड़ें। इस चुनाव में कमल ही सिलेंडर है और सिलेंडर ही कमल है। कदमा के शास्त्रीनगर और रानीकुदर से अपनी पदयात्रा की शुरुआत करते हुए श्री राय विभिन्न इलाकों में गये। लोगों के बीच पर्चा बांटा. उनकी समस्याएं जानी और समझी। इस दौरान श्री राय ने कदमा के रामनगर, भाटिया बस्ती, साकची के शिवपुरी कोलोनी में लोगों से मुलाकात कर मतदान करने की अपील की। सोनारी के ही बच्चा सिंह बस्ती तथा बलराम बस्ती में गए। यहां से श्री राय गुदड़ी बाजार सिनेमा मैदान भांगड़ समिति द्वारा आयोजित आरती में शामिल हुए। शाम में न्यू सीपी क्लब में उन्होंने विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। सोनारी में ही उन्होंने खूंटाडीह में आयोजित भजन संध्या में हिस्सा लिया. इसके बाद तरूण संघ, सोनारी में श्री राय ने बंगाली समाज के लोगों के साथ बैठक की।

## ट्रांसफर खराब होने से अंधेरे में गुजरा दीपावली, शाम होते ही बना रहता है हाथी का डर



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकडु प्रखंड के सिरूम टोला कुमारडीह में ट्रांसफार्मर काफी दिनों से खराब होने के कारण ग्रामीणों ने दीपावली अंधेरे में मनाया। ग्रामीणों ने कहा कि कुमारडीह टोला में 25 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है जो बार बार खराब हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन की उजाले में तो किसी तरह पार हो जाता है परंतु शाम ढलते है हाथी ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण घर से निकलने के लिए अपने को बहुत ही असुरक्षित महसूस करते है। वहीं बच्चों का पढ़ाई लिखाई भी पिछले काफी दिनों से लगभग ढप हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि हमारे टोला में लगभग 100 बिजली उपभोक्ता है और बिजली आपूर्ति के लिए 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा है जो इस मोहल्ला के लिए प्रयास नहीं है। उनकी मांग है कि 25 केबी के ट्रांसफॉर्मर को हटाकर 65 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

## कुईयानी को 11 रन से हराकर आमझोर की टीम बनी चैंपियन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड से सटे नीमडीह प्रखंड के पाथरडीह फुटबॉल मैदान में आमझोर क्रिकेट टीम की ओर से रविवार को एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बोड़ाम, पटमदा और नीमडीह प्रखंड के आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच कुईयानी और आमझोर के बीच खेला गया। आमझोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 ओवर में 14 रन बनाई। जवाबी पारी में उतरी कुईयानी क्रिकेट टीम ने आमझोर की शानदार गेंदबाज़ी के सामने 2 ओवर में सिर्फ 3 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में दलगोबिंद सिंह, परमेश्वर सिंह, अश्विनी, श्याम प्रसाद, सहदेव, मनोज, विजय, सूरत, मानिक, महेश्वर, बबलू, अर्जुन, तपन, सुभाष, सूर्य, विष्णु व सिकंदर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## साइकिल रैली के माध्यम से मतदान का संदेश

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट से निकली साइकिल रैली ने शहरवासियों के बीच 13 नवंबर को मतदान का संदेश दिया। कलेक्ट्रेट परिसर से मरीन ड्राइव, सीएच एरिया, टाटा स्टील गेट, रेड क्रॉस भवन होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में साइकिल रैली संपन्न हुआ । सामान्य प्रेक्षक समेत जिला प्रशासन के पदाधिकारी तथा 50 की संख्या में रैली में शामिल अन्य साइकिल सवारों ने 13 नवंबर को जिलावासियों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया।

# उलीडीह मानगो में खूब दहाड़ी कल्पना सोरेन

# बन्ना गुप्ता को जिताने का लिया जनता से वादा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड की शेरनी के नाम से विख्यात कल्पना सोरेन ने जनसभा में कहा कि झारखंड बनने के बाद भी हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है. अभी भी हम आदिवासी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं. जब हेमंत सोरेन जी मईया योजना लागू करते हैं तो उनसे डरी हुई केंद्र सरकार उन्हें जेल भेजने का काम करती है. कल्पना सोरेन ने कहा कि विपक्ष हमें बाँटने का काम कर रहा है जबकि इंडिया गठबंधन जोड़ने का काम कर रहा है. झारखंड का हर गांव एक शहीद की कहानी कहता है. केंद्र सरकार झारखंड का पैसा रोक कर बैठा है. गठबंधन की सरकार ने 55 लाख महिलाओं के खाते में मईया सम्मान योजना का लाभ पहुंचाया है. हेमंत सोरेन झारखंड की माताओं बहनों के लिए चिंतन करते हैं. झारखंड में सबसे ज्यादा राज भाजपा ने किया. किंतु आज वे सिर्फ घर तोड़ने का काम कर रहे हैं. जबकि झामुमो कांग्रेस राजद की सरकार आधी आबादी के लिए काम कर रहे हैं. मैं आह्वान करने आई हूँ कि बन्ना भईया को जिताइये. क्रमांक 1 पर पंजा छाप पर बटन दबाकर बन्ना भईया के हाथों को मजबूत करना है. यह चुनाव हक अधिकार को पाने के लिए लड़ा जा रहा है. जिसमें एक ओर जात पात धर्म के नाम पर तोड़ने वाले लोग हैं. दूसरी ओर आपके अपने हेमंत और बन्ना जैसे लोग हैं, जो मानगो फ्लाइ ओवर जैसी बड़ी बड़ी योजनाओं को लाने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं. इस चुनाव में ऐसे षड़यंत्रकारी लोगों को सबक सिखाना है.




### हेमंत सरकार माँ बेटे की है सरकार : बन्ना गुप्ता

जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो लोग कल तक कमल फूल को डुबाने में लगे थे. आज कहते हैं कि कमल ही सिलेंडर है. ये लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं किंतु जनता इनकी सच्चाई जान गई है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार माँ बेटे की सरकार है, जिसमें एक बेटा अपने राज्य की हर माता को सम्मान देने का काम कर रहा है. जिसमें एक भाई झारखंड की हर बहन को सम्मान देने का काम कर रहा है.

## पप्पू यादव पहुंचें जमशेदपुर और बन्ना के समर्थन में मांगे वोट



पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार ने पांच वर्षों में बेहतरीन काम किया है. जब हेमंत सोरेन की सरकार ने गरीब, दबे-कुचले लोगों का काम करने लगे, केंद्र से अपना हक मांगने लगे तो साजिश रचकर हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया. ऐसे में नारी शक्ति स्वरूपा के रूप में कल्पना सोरेन ने भाजपा का मुकाबला किया. दूसरी तरफ नीतीश कुमार ने भाजपा से सौदेबाजी कर झारखंड में दो सीटें ली हैं. हमें भगोड़ों को भगाना है और काम करने वालों को जिताना है.

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने किया रोड शो, साकची गुरुद्वारा और मंदिरों में माथा टेका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने रविवार को विजया गार्डेन और टिनप्लेट स्टेडियम में प्रातः भ्रमण करने वालों का आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने काशीडीह, सिदगोड़ा, सीतारामडेरा में रोड शो किया। इस दौरान कई जगहों पर लोगों ने उनका काफिला रोक कर स्वागत किया। उन्होंने रास्ते में पड़ने वाले कई मंदरों में पूजा-अर्चना भी की। रोड शो में भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्भय सिंह, दिनेश कुमार, संजीव सिंह, पवन अग्रवाल, रमेश नाग, संतोष ठाकुर, रुबी झा, प्रभा देवी, मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, सुरेश शर्मा,जीवन साहू, ध्रूव मिश्रा, अमित अग्रवाल,सन्नी संघी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। पूर्णिमा साहू साकची गुरुद्वारा भी गई जहां उन्होंने माथा टेका और गुरुग्रंथ साहिब का गुरता दिहाड़ा में शामिल हुई। इस मौके पर अकाली दल जमशेदपुर के कथावाचक हरप्रीत सिंह वडाला, प्रधान सुखदेव सिंह खालसा,महासचिव रवीन्द्र पाल सिंह आदि मौजूद थे। एक अन्य कार्यक्रम में उन्होंने साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान निशान सिंह, ट्रस्टी सतनाम सिंह , प्रवक्ता बलजीत संसोआ, मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह छिते के अलावे अन्य लोगों से मुलाकात की और समर्थन मांगा।

**मंडलों में कार्यालय का उद्घाटन :** भाजपा ने चुनाव प्रचार को और सटीक बनाने के लिए रविवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के चार मंडलों में कार्यालय खोला। टेल्को आजाद मार्केट में संजीव सिंह और बोल्टू सरकार, गोलमुरी बाजार, चौधरी धर्मशाला में रामबाबू तिवारी और गुंजन यादव, बर्मामाइंस बाजार में मिथिलेश सिंह यादव और पप्पू सिंह, सीतारामडेरा उरांव बस्ती में खेमलाल चौधरी और कुलवंत सिंह बंटी ने कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकाश शर्मा, पप्पू उपाध्याय, सूरज सिंह, सुरेश शर्मा और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**झारखंड तैलिक साहू समाज की बैठक में भाजपा को जिताने का फैसला :** सीतारामडेरा के बाबूडीह छठ घाट स्थित शिव मंदिर में झारखंड तैलिक साहू समाज की बैठक हुई , जिसमे भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का फैसला लिया गया। इसके लिए समाज की ओर से जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में सोमवार से जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, महामंत्री मदन कुमार, मुख्य संरक्षक विजय कुमार साहू, मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बैठक का संचालन मिथिलेश कुमार साव ने किया।

### कल्पना सोरेन एवं पप्पू यादव के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## जल, जंगल, जमीन और स्वभिमान की लड़ाई है : पप्पू यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार के लिए रविवार को कल्पना सोरेन और पप्पू यादव ने बिरसानगर संडे मार्केट से बारीडीह चौक तक रोड शो किया. इस दौरान कल्पना सोरने को एक झलक देखने और उनकी बातों को सुनने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. सबसे पहले कल्पना सोरेन, पप्पू यादव और डा.अजय कुमार ने संडे मार्केट पहुंच कर धरती आबा बिरसा मुंडा का माल्यार्पण किया. उसके बाद मीडिया से बात की. इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था, रोड शो में सैकड़ों की संख्या में बाईक सवार आगे आगे चल रहे थे. वहीं ढ़ोल नगाड़ों से कार्यकर्ताओं को जोश दोगुना हो गया था. पूरे रोड शो में कल्पना सोरेन जिंदाबाद, पप्पू यादव जिंदाबाद डा. अजय कुमार जिंदाबाद के नारे लग रहे थे. इस रोड शो में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल जिसमें आप पार्टी,सीपीएम सहित अन्य दल के नेता और कार्यकर्ता सहित आम लोग भी शामिल हुए.

**गरीबों को उनका हक दिलाएंगे, जमशेदपुर को खूबसुरत बनाएंगे : कल्पना**

रोड शो के दौरान मीडिया से बात करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है. बिरसा नगर सहित जमशेदपुर की अन्य बस्तियों के लोगों को मालिकाना हक दिलाएंगे साथ बस्तियों में बेहतर नागरिक सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है. बच्चों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बहनों की सुरक्षा के लिए हमारी सरकार काम करेगी. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इंडिया गठबंधन सरकार लगातार प्रयास कर रही है. कल्पना सोरेन ने लोगों से डा. अजय कमार को भारी मतों से जीत दिलाने का आह्वान किया.

**25 वर्षों से जमशेदपुर को लुटने वाले के खिलाफ यह उलगुलान : पप्पू यादव**

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यह झारखंड की स्वभिमान एवं जल,जंगल और जमीन की लड़ाई है. 25 वर्षों से जमशेदपुर को लुटने वाले के खिलाफ यह उलगुलान है. जनता को निर्णय लेना होगा कि उनको डा. अजय कुमार जैसा ईमानदार, बेदाग, शिक्षित और सर्वसुलभ जनप्रतिनिधि चाहिए या 25 वर्षों से लुटने वाले परिवार को चुनना है. भाजपा के पास झारखंड के विकास की कोई योजनाएं नहीं है. वो झारखंड की जल, जंगल और जमीन को लुटना चाहती है. 24 वर्षों में 17 वर्ष तो झारखंड में भाजपा का ही शासन रहा लेकिन कोई विकास नहीं हुआ महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए कोई योजना शुरु नहीं की गई. पप्पू यादव ने लोगों से डा. अजय कुमार को जीताने की अपील की.

### बीजेपी ने कार्यकर्ताओं को धमकाया

## डा.अजय ने डीजीपी को ट्विट कर की कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पूर्वी के कांग्रेस के प्रत्याशी डा.अजय कुमार ने रविवार को ट्वीट कर डीजीपी अजय कुमार सिंह से बीजेपी के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की. उन्होंने डीजीपी से कहा कि बीजेपी नेताओं द्वारा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है ताकि वो चुनाव में प्रचार से दूर रहें. डा. अजय ने डीजीपी से बीजेपी के गुंडागर्दी के खिलाफ कार्रवाई कर उस पर अंकुश लगाने की मांग ताकि जमशेदपुर पूर्वी में विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न हो सके. इस संबंध में डा. अजय ने कहा कि हार की डर से भाजपा द्वारा हमारे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है. मैं इसकी निंदा करता हूं. मैं ईमानदारी से कार्य करता हूं एवं ईमानदारी से चुनाव लड़ रहा हूं. जनता का प्यार मेरे साथ है. मुझे और कुछ नहीं चाहिए. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर को सुरक्षित एवं विकसित बनाना मेरा लक्ष्य है. शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार मेरी प्राथमिकताएं हैं. 25 वर्षों के कुशासन से मुक्ति के लिए जनता को निर्णय लेना होगा.

## आशीष डे 'भाई' के पुण्यतिथि पर परिजनों व कर्मचारियों ने उन्हें दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची श्रीलेदर्स के स्व. आशीष डे 'भाई' की पुण्यतिथि पर शनिवार को साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स एवं होटल स्मिता (होटल डेज ऑनर्स) में परिवार के सदस्य एवं दोनों संस्थान सभी कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्व आशीष डे 'भाई' स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चन्द्र डे के तृतीय (सबसे छोटे) पुत्र थे और अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुँचाया एवं अपने पिता के दुरगामी एवं निःस्वार्थ सोच को अपने जीवन में यथार्थ करते हुए कई परिवार के हाथों को काम एवं लाखों करोड़ों भारतवासियों को एक उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध करा रहें हैं। इस अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मियों सहित स्व आशीष डे के परिवार के सदस्यों ने उक्त परम्परा को आगे बढ़ाने, देश एवं समाज के हित में कार्य करने का प्रण लिया। उक्त अवसर पर साकची श्रीलेदर्स एवं होटल स्मीता के सभी सदस्यों, उनके परिजनों के अतिरिक्त समाज सेवी मुन्ना अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुखी समाज ने डॉ. अजय को सौंपा ज्ञापन, कोर्ट परिसर में अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय को शंकर मुखी की अध्यक्षता में मुखी समाज ने रविवार को ज्ञापन सौंपा. मुखी समाज ने कोर्ट परिसर में भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की. मौके पर डा. अजय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के महापुरूषों एवं क्रांतिकारी के सम्मान के लिए समर्पित रहती है. मेरा पूरा प्रयास रहेगा की कोर्ट परिसर में भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जाए. उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग का विकास के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार प्रतिबद्ध है. वहीं मुखी समाज ने डा. अजय कुमार को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी. शंकर मुखी ने कहा कि डा. अजय की जीत निश्चित है. जमशेदपुर पूर्वी की जनता इस बार परिवर्तन के मुड में है. जनता मन बना चुकी है. इस बार वो शिक्षित, ईमानदार और गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले प्रत्याशी को चुनेगी.

## जमशेदपुर एफसी और चेन्नइयन एफसी अपनी पिछली हार से उबरने के लिए भिड़ेंगे

### - मैच आज शाम 7:30 बजे से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** चेन्नइयन एफसी और जमशेदपुर एफसी अपनी पिछली हार से उबरने के लिए सोमवार को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले आईएसएल 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी। रेड माइनर्स को अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से 5-0 की करारी हार मिली जबकि चेन्नइयन एफसी को नई दिल्ली में पंजाब एफसी ने 3-2 से हराया। आगामी मैच में, स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल और फारुख चौधरी व डेनियल चीमा चुक्कू पूर्व टीम के खिलाफ अपने पुराने मैदान पर उतरेंगे। कॉयल ने 2021-22 में रेड माइनर्स को चैंपियनशिप की सफलता दिलाई थी।

**रेड माइनर्स का घर पर दबदबा**

चेन्नइयन एफसी से बेहतर रेड माइनर्स जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मरीना माचांस के खिलाफ पिछले चार मैचों में अपराजित रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एक मैच जीता है और तीन ड्रा खेले हैं। इस मैदान में चेन्नइयन एफसी (1-0) को एकमात्र जीत लगभग सात साल पहले 28 दिसंबर, 2017 को मिली थी।

**घर में दमदार प्रदर्शन :** लगातार तीन घरेलू जीत के साथ जमशेदपुर एफसी इस सीजन में अपने घर में निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने प्रत्येक मैच में कम से कम दो गोल किए हैं।

**ओवेन कॉयल का जमशेदपुर एफसी पर दबदबा :** रेड माइनर्स के खिलाफ अपराजित कॉयल ने आईएसएल में अपने पूर्व क्लब जमशेदपुर एफसी का चार बार सामना किया है जिनमें दो जीत और दो ड्रा हैं। कॉयल की टीमों ने रेड माइनर्स के खिलाफ 11 गोल किए हैं।

**आमने-सामने :** दोनों टीमों ने आईएसएल में 14 मैच खेले हैं। चेन्नइयन एफसी छह बार जीती है, जबकि जमशेदपुर एफसी ने तीन मैच जीते है। पांच मुकाबले ड्रा रहे हैं।

**हमें सुधार करके वापसी करनी होगी : खालिद**

जमील ने कहा, हमें करारी हार मिली है, इसलिए अब प्रयास करके सुधार करने और बेहतर करने का समय है। हमें अपनी गलतियों पर सोचने और सुधारने के लिए पर्याप्त समय मिला और हम कल बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

**खालिद बेहतरीन कोच हैं : कॉयल**

कॉयल ने मैच से पहले अपने समकक्ष जमील की प्रशंसा की। उन्होंने जोर दिया कि विरोधियों की प्रशंसा का मतलब यह नहीं है वह कल तीन अंक जीतने के लिए हर संभव प्रयास नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, खालिद एक बेहतरीन कोच हैं। जमशेदपुर एफसी ने उन्हें अवसर दिया है जिसे उन्होंने भुनाया है। लेकिन मैच में हम जीत का हर संभव प्रयास करेंगे।

## दलित व पिछड़े वर्ग की आवाज है बन्ना : पुरेंद्र नारायण सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पश्चिमी जमशेदपुर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के चुनावी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में राजद के प्रदेश महासचिव और पूर्वी सिंहभूम के प्रभारी पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि %बन्ना गुप्ता संघर्ष से उपजे हैं और समाज के सभी वर्गों के लिये सातों दिन चौबीसो घंटे उपलब्ध रहने वाले नेता हैं. किसी का कुछ भी काम हो, वे जात-पात, धर्म और पार्टी लाइन से अलग हट कर सबकी मदद करते हैं. उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता सदन में दलित और पिछड़े वर्ग की आवाज है. इसलिए इनका चुना जाना पिछड़े व दलित वर्ग के लिए बहुत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता ने पश्चिमी जमशेदपुर में विकास में नए आयाम स्थापित किए हैं. उन्होंने राजद के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की है कि सभी एकजुट होकर बन्ना गुप्ता को जिताने में अपनी पूरी शक्ति लगाएं. प्रेस वार्ता में पुरेंद्र नारायण सिंह के साथ-साथ कमल किशोर अग्रवाल, मंजर अमीन, जम्मी भास्कर, यूवा प्रभारी उदित यादव, रविंद्र नाथ साहू, कृष्ण यादव, हरि बालक राम, ओमप्रकाश भगत, संतोष शर्मा, सैयद नूरुज्जमा आदि मौजूद थे.

विचार प्रवाह

संपादकीय

# रुको, सोचो, टांग दो

**साइबर** अपराधियों और जालसाजों का खौफ इतना बढ़ चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी 'मन की बात' में इसका जिक्र करना पड़ा। प्रधानमंत्री को देश की चिंताओं के साथ अपने सरोकार साझा करने पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी घटनाओं से डरना नहीं है, क्योंकि यह सब कुछ फर्जीवाड़ा है। प्रधानमंत्री ने एक मूल मंत्र का सुझाव भी दिया है कि जब भी कोई ऐसी कॉल आए और आपको 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की जाए, तो आपको यह करना चाहिए-'रुको, सोचो और फिर एक्शन लो।' किसी भी प्रधानमंत्री ने पहली बार देश को स्पष्ट किया है कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, पुलिस आदि सरकारी एजेंसियां फोन पर गिरफ्तारी की धमकियां नहीं देती हैं और न ही यह उनकी कार्यप्रणाली है। यदि कोई अपराध हुआ है, तो उसकी जांच करने और दंड देने की कार्यप्रणालियां तय हैं। दरअसल देश का आम आदमी इन सरकारी एजेंसियों की प्रक्रिया नहीं जानता और उनसे खौफ खाता है, लिहाजा उनकी आड़ में जालसाज लूट रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आश्वस्त भी किया है कि सरकार साइबर अपराध, जालसाजी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने जा रही है। एजेंसियों ने अपने काम आरंभ भी कर दिए हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री के इस सरोकार का अपना ही महत्व है, क्योंकि यह जालसाजी और डिजिटल अरेस्ट किसी महामारी की तरह फैल रही है। साइबर अपराधियों ने किसी उद्योगपति से 7 करोड़ रुपए लूट लिए, तो एक सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर को 75 लाख रुपए किसी अनाम बैंक खाते में ट्रांसफर करने को विवश कर दिया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किसी से 19 लाख रुपए लूट लिए और जालसाज ने खुद को 'मुंबई फाइनेंशियल टास्क फोर्स' का सदस्य बताया। साइबर अपराधियों ने हर रोज अखबार बेचने वाले को भी नहीं बख्शा और उसके खाते से 1 लाख रुपए झटक लिए। दरअसल यह जालसाजी और लूटने की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी है। ये अपराधी पढ़े-लिखे इंजीनियर नहीं, बल्कि बेहद औसत किस्म के होते हैं, लेकिन वे 'साइबर अपराध' के पक्के खिलाड़ी हैं। हरेक जालसाजी में एक पुलिसवाला होता है, जिसकी वर्दी नकली होती है। उसके अलावा, सीबीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, कभी-कभार रिजर्व बैंक आदि का प्रतिनिधि भी बताते हैं। नकली सर्वोच्च अदालत भी दिखा दी जाती है और फर्जी वारंट भी पेश कर दिया जाता है। वीडियो कॉल पर बात करते हुए अपराधी बार-बार कहते हैं कि पास में कोई तीसरा आदमी नहीं होना चाहिए। कभी-कभार पुलिसिया रौब भी दिखाते हैं। जालसाज इतना मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि डिजिटल अरेस्ट वाला व्यक्ति, अंततः, पैसा ट्रांसफर करने को विवश हो जाता है। ये अपराधी अपने नकारात्मक हुनर में इतने सिद्धहस्त होते हैं कि किसी के बेटा, बेटी या अन्य परिजन की आवाज 'क्लोन' करके भी सुना देते हैं। आप उस आवाज को ही 'असली' मान कर समझौता करने को तैयार हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में इस फर्जीवाड़े को पूरी तरह साझा किया है। 'नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल' पर 1 जनवरी से 30 अप्रैल, 2024 के बीच 7.4 लाख शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। 'इंडियन साइबर क्राइम कॉऑरडिनेशन सेंटर' के मुताबिक, जालसाजियों की कई किस्में हैं-डिजिटल अरेस्ट, ट्रेरडिंग स्कैम, निवेश घोटाला, रोमांस, डेटिंग स्कैम आदि। इसी साल जनवरी से अप्रैल के बीच भारतीयों ने डिजिटल फ्रॉड में 120.3 करोड़ रुपए गंवाए हैं, जबकि ट्रेरडिंग घपले में 1420.48 करोड़, निवेश घोटाले में 222.58 करोड़ और रोमांस, डेटिंग स्कैम में 13.23 करोड़ रुपए खोए हैं। रपटों के मुताबिक, कई जालसाज, अपराधी म्यांमार, लाओस, कंबोडिया आदि देशों में हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रपट में उल्लेख है कि 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट संबंधी फ्रॉड केस हुए हैं। सवाल यह है कि सरकार इन अपराधों से आम आदमी को कैसे मुक्ति दिला सकती है? भारत में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन उसकी विशेषज्ञ पुलिस हमारे पास नहीं है। जो सामान्य पुलिस है, उसे ही बदल-बदल कर साइबर का काम सौंप लिया जाता है। उन्हें जालसाजों की तरह महारत हासिल नहीं है और न ही वे बदलती प्रौद्योगिकी के जानकार हैं। औसतन 3-4 लाख लोगों पर एक पुलिसवाला है।

> प्रधानमंत्री को देश की चिंताओं के साथ अपने सरोकार साझा करने पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी घटनाओं से डरना नहीं है, क्योंकि यह सब कुछ फर्जीवाड़ा है। प्रधानमंत्री ने एक मूल मंत्र का सुझाव भी दिया है कि जब भी कोई ऐसी कॉल आए और आपको 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की जाए, तो आपको यह करना चाहिए-'रुको, सोचो और फिर एक्शन लो।' किसी भी प्रधानमंत्री ने पहली बार देश को स्पष्ट किया है कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, पुलिस आदि सरकारी एजेंसियां फोन पर गिरफ्तारी की धमकियां नहीं देती हैं और न ही यह उनकी कार्यप्रणाली है। यदि कोई अपराध हुआ है, तो उसकी जांच करने और दंड देने की कार्यप्रणालियां तय हैं।

दीपावली रौशनी का त्योहार है,जो हमारे जीवन में रौशनी लाता है

# सत्त, रज व तम के समन्वयक हैं दीपक

सुनील कुमार महला

> दीपावली का पावन त्योहार बहुत ही हर्ष,खुशी, उमंग व उल्लास के साथ मनाते हैं। त्योहार कोई भी हो, हंसी-खुशी, समृद्धि, सकारात्मकता, पवित्रता व असीम ऊर्जा का प्रतीक होता है। आज भी दीपावली मनाई जाती है, पहले भी मनाई जाती थी लेकिन समय का रंग हमारे सभी त्योहारों पर ऐसा चढ़ गया है कि अब हर त्योहार आधुनिकता, शहरीकरण,दिखावे, बनावटीपन व पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगते चले जा रहे हैं, और दीपावली का त्योहार भी इन सबसे अछूता नहीं रहा है।

**हर** वर्ष हम कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को दीपावली का पावन त्योहार बहुत ही हर्ष,खुशी, उमंग व उल्लास के साथ मनाते हैं। त्योहार कोई भी हो, हंसी-खुशी, समृद्धि, सकारात्मकता, पवित्रता व असीम ऊर्जा का प्रतीक होता है। आज भी दीपावली मनाई जाती है, पहले भी मनाई जाती थी लेकिन समय का रंग हमारे सभी त्योहारों पर ऐसा चढ़ गया है कि अब हर त्योहार आधुनिकता, शहरीकरण,दिखावे, बनावटीपन व पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगते चले जा रहे हैं, और दीपावली का त्योहार भी इन सबसे अछूता नहीं रहा है। दीपावली (संस्कृतः दीपावलिः = दीप + आवलिः = पंक्ति, का अर्थ ही पंक्ति में रखे हुए दीपकों से होता है, लेकिन अब दीपावली पर मिट्टी के दीपक कम, चाइनीज़ लाइटें, लड़ियां, रंग-बिरंगे बल्ब, एलईडी लाइटें अधिक जलतीं नजर आतीं हैं। दीपावली रौशनी का त्योहार है,जो हमारे जीवन में रौशनी लाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि दिवाली के त्योहार का धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। प्रकाश का यह पर्व हम सभी को सीख देता है कि केवल बाहरी चकाचौंध ही नहीं, अपने मन के भीतर भी प्रकाश उत्पन्न करना जरूरी है। रौशनी के इस पवित्र त्योहार पर पंच तत्वों के प्रतीक मिट्टी के दीपक आज जलते तो हैं लेकिन धीरे-धीरे इनकी संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। जो बात मिट्टी के दीपकों में है वह चाइनीज़ लाइटों, झालरों व बल्बों में कहां है ? हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और हमारे शास्त्रों में मिट्टी के दीपक को तेज, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक माना गया है। जब भगवान श्रीराम चौदह साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे, तब अध्योध्यावासियों ने मिट्टी के दीये( घी के दीपक ) जलाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया था। वास्तव में, दिवाली पर मिट्टी के दीपक जलाने के पीछे धार्मिक महत्व भी है। मिट्टी के दीपक न केवल हमारे पर्यावरण व प्रकृति का ध्यान रखते हैं, अपितु यह हमारी सादगी,संपन्नता, सुख-समृद्धि , शांति व ऐश्वर्य के भी प्रतीक हैं। यह बात तो हम सभी जानते हैं कि इस संपूर्ण ब्रह्मांड की रचना पंचतत्वों से हुई है, जिसमें जल, वायु, आकाश, अग्नि और भूमि शामिल हैं। वास्तव में,मिट्टी का दीपक भी इन पांच तत्वों का प्रतिनिधित्व करता है। मिट्टी का दीपक वर्तमान का प्रतीक माना गया है, जबकि उसमें जलने वाली



प्रज्ज्वलित 'लौ' भूतकाल का प्रतीक होती है। जब हम रुई की बाती डालकर दीप प्रज्जवलित करते हैं तो वह आकाश, स्वर्ग और भविष्यकाल का प्रतिनिधित्व करती है। मिट्टी मंगल ग्रह का प्रतीक है और मंगल साहस और पराक्रम का। तेल शनि भगवान का प्रतीक है। वहीं पर मिट्टी के दीपक में घी समृद्धि व शुक्र का प्रतीक माना जाता है।आज दीपावली इलैक्ट्रिक लाइटों का त्योहार हो गई है। सच तो यह है कि आधुनिकता, शहरीकरण की चकाचौंध में हमारे प्राचीन रीति-रिवाज आज बहुत पीछे छूट रहे हैं। हिंदू धर्म में मिट्टी के दीपकों का बहुत महत्व है। पूजा-अर्चना से लेकर जन्म-मरण के विधि-विधानों में मिट्टी के दीपक जलाने की परंपरा हमारे देश में रही है। दीपक में ईश्वर का वास माना जाता है, इनमें देवी-देवताओं का तेज होता है, सकारात्मक ऊर्जा होती है। ऋग्वेद काल से लेकर हर युग व काल में दीपकों का महत्व किसी से छुपा नहीं हुआ है। हमारे वेदों, उपनिषदों में गाय के घी से दीपक जलाने के अनेक वर्णन मिलते हैं। वर्णन मिलता है कि द्वापर युग में कृष्ण के नरकासुर राक्षस वध के बाद वहां के वासियों ने दीपक जलाकर जीत की खुशी को प्रकट किया था। वास्तव में दीपक आत्मा के परमात्मा से मिलन का मार्ग खोलता है। मिट्टी का दीपक वास्तु दोष को समाप्त करने की अद्भुत क्षमता रखता है। आज घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों में रंग-बिरंगी लाइटें, झालरें भले ही जगमगाती हों लेकिन मिट्टी के दीपकों की आभा और नूर कुछ अलग ही दमकता व झलकता है। मिट्टी के दीपक जब जलते हैं तो वे हमें किसी दिव्यलोक का सा अहसास कराते हैं। मिट्टी के दीपक दुःख, आलस्य, निर्धनता को दूर करके जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, खुशी, स्फूर्ति, आनंद, ऐश्वर्य लाते हैं। आज मिट्टी के दीपकों से भले ही महंगाई के कारण, आधुनिकता व पाश्चात्य सभ्यता-संस्कृति के प्रभाव के कारण, मिट्टी के दीपकों में तेल-बाती डालने के झंझटों के कारण भले ही मोह भंग हो गया हो, लेकिन मिट्टी के दीये के मुकाबले इलैक्ट्रोनिक लाइटें, झालरें, लड़ियों के प्रकाश की आभा कहीं भी नहीं ठहरती है। मिट्टी के दीपक जहां कीट-पतंगों का नाश करते हैं और हमारे पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं वहीं इलैक्ट्रोनिक लाइटें यह सब संभव नहीं कर पातीं हैं। आज कृत्रिम लाइटें, झालरें, लड़ियां कुम्हारों के रोजगार पर भी आफ़त बनकर टूट रही है। चाइनीज़ लाइटों, झालरों, लड़ियों के उपयोग से हम अपने देश की अर्थव्यवस्था पर भी कहीं न कहीं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डाल रहे होते हैं। पर्यावरण संरक्षण तो दूर की बात इसलिए रह जाती है क्योंकि दिवाली पर होने वाले पटाखों के प्रदूषण को हम मिट्टी के दीपक जलाकर रोकते नहीं है। हमारा संपूर्ण ध्यान आधुनिक चकाचौंध पर होता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मिट्टी का एक छोटा सा दीया गहरे अंधकार में भी उजास की लौ जलाकर रखता है। मिट्टी से मानवजाति का जन्म-जन्मांतर का रिश्ता है और हम इस रिश्ते को लगातार भूल रहे हैं। मिट्टी हमारे पर्यावरण, हमारे परिवेश का अहम और महत्वपूर्ण हिस्सा है।भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला हो या माता पार्वती के जन्म की कहानी, मिट्टी का हर युग में वर्णन मिलता है। भारतीय संस्कृति में दीपों का इतिहास अति प्राचीन है। विशेषज्ञों व इतिहासकारों के मत के अनुसार शुरूआत में दीपक पत्थर को तराशकर बनाए गए होंगे, लेकिन धीरे-धीरे सभ्यता के विकास के साथ मिट्टी के दीपक बने। जानकारी मिलती है कि दीयाबत्ती या मोमबत्ती का आविष्कार भी 5 हजार साल से पहले हो गया था और इसके लिए वनस्पति तेल या जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल होता था। ऐसी जानकारी मिलती है कि घरों में रौशनी के लिए मशालों, दीपकों और लालटेनों का विकास प्राचीन भारत, चीन और मिस्र की सभ्यताओं में हो गया था।पुरातत्त्विदों को सिंधु घाटी सभ्यता से आगे हर सभ्यताओं व विभिन्न राजवंशो के खुदाई में विभिन्न प्रकार के दीये प्राप्त हुए हैं।

दृष्टि कोण

# कश्मीर युद्ध के गुमनाम नायक शेर जंग थापा

**बाईस** अक्तूबर 1947 को पाक सेना ने हजारों कबायली लड़ाकों के साथ जम्मू-कश्मीर रियासत पर हमला कर दिया था। जम्मू-कश्मीर के शासक 'हरि सिंह' के लिए परिस्थितियां गंभीर हो चुकी थीं। 26 अक्तूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर रियासत का भारत में इलहाक हुआ तो रियासत की स्टेट फोर्सेज भितरघात का शिकार हो गई। गिलगित व बलोचिस्तान की सुरक्षा में तैनात जम्मू-कश्मीर राज्य की फोर्स 'गिलगित स्काउट' तथा सैंकड़ों मुस्लिम सैनिक विद्रोह करके पाक सेना से जा मिले थे। गिलगित स्काउट के कमांडर मेजर 'विलियम ए ब्राउन' ने गिलगित के गवर्नर ब्रिगेडियर 'घनसारा सिंह' को कैद करके एक नवंबर 1947 को अपने मुख्यालय पर पाकिस्तान का परचम फहरा दिया था। गिलगित एजेंसी की सीमा पर 'बुंजी' में तैनात 'जम्मू कश्मीर इन्फैंट्री' की 'छठी' बटालियन के कर्नल 'अब्दुल मजीद खान' को भी कैद कर लिया गया था। उसी बटालियन के कैप्टन 'मिर्जा हसन खान' ने सैंकड़ों मुस्लिम सैनिकों के साथ मिलकर बगावत को अंजाम देकर बुंजी के निकट 'जंगलोट' में तैनात अपनी ही सिख कंपनी पर हमला करके कई सिखों को हलाक कर दिया तथा पाक सेना से जा मिले थे। उसी छठी जम्मू कश्मीर इन्फैंट्री में सेवारत हिमाचल के 'शेर जंग थापा' उस समय अपनी एक कंपनी के साथ लद्दाख सेक्टर में तैनात थे। शेर जंग थापा को कर्नल पद पर पदोन्नत करके स्कर्दू में अपनी बटालियन की कमान संभालने का आदेश मिला। लद्दाख से स्कर्दू तक का सफर पैदल तय करके शेर जंग तीन दिसंबर 1947 को स्कर्दू पहुंचे। शेर जंग ने कैप्टन कृष्ण सिंह के नेतृत्व में सिख सैनिकों को 'त्सारी' तथा कैप्टन 'गंगा सिंह' के नेतृत्व में एक सैन्य दस्ता 'कारगिल' में तैनात किया। मात्र साठ सैनिकों के साथ शेर जंग ने स्कर्दू में मोर्चा संभाला। दस फरवरी 1948 को कैप्टन प्रभात सिंह दो कंपनियों के साथ शेर जंग की सहायता के लिए स्कर्दू पहुंचे, मगर शेर जंग की बटालियन के कैप्टन 'नेक आलम' ने अपने मुस्लिम सैनिकों के साथ पाक फौज से मिलकर दस फरवरी 1948 को स्कर्दू के त्सारी में तैनात सिख कंपनी पर हमला करके कैप्टन कृष्ण सिंह सहित लगभग पूरी कंपनी को हलाक करके पाक सेना में शामिल हो गया। 12 फरवरी 1948 को पाक फौज ने स्कर्दू किले की घेराबंदी करके हमले शुरू कर दिए। शेर जंग के नेतृत्व में सैनिक पाक फौज के हमलों को नाकाम करते रहे, लेकिन पाक फौज की उस बड़े पैमाने की घेराबंदी के बाद शेर जंग को सैन्य सहायता नसीब नहीं हुई थी। जम्मू-कश्मीर राज्य बलों से बगावत करके पाक सेना से जा मिले कर्नल बुरहानुद्दीन, मोहम्मद खान व बाबर खान गिलगित स्काउट की कमान संभाल कर स्कर्दू किले को घेर चुके थे। शेर जंग की बटालियन के भगोड़े कर्नल 'एहसान अली' की कयादत में 'आईबेक्स फोर्स' तथा चित्राल रियासत के 'चित्राल स्काउट व चित्राल बाडीगार्ड' के साथ सैंकड़ों कबाइली व पश्तून लड़ाकों को कर्नल मताउल मुल्क की कमान में पाक सिपाहसालारों ने स्कूर्द किले की घेराबंदी में तैनात किया था। मिर्जा हसन खान को बुंजी सेक्टर का गर्वनर तथा कर्नल 'असलम खान' 'पाशा' को गिलगित स्काउट का कमांडर नियुक्त कर दिया था। शेर जंग की मदद के लिए ब्रिगेडियर 'फकीर सिंह' तथा कर्नल संपूर्ण बचन सिंह की कमान में दो बड़े सैन्य दल श्रीनगर से सैंकड़ों मीलों का पैदल सफर तय करके स्कर्दू के लिए जरूर निकले थे। मगर उसी गिलगित स्काउट के सैनिकों ने उन सैन्य दस्तों पर घात लगाकर हमले किए जिसमें बड़ी संख्या में सैनिक शहीद हुए। नतीजतन कोई भी सैन्य दल स्कर्दू तक नहीं पहुंच सका। दरअसल जम्मू से श्रीनगर, जोजिला, कारगिल, द्रास से स्कर्दू तक का सैंकड़ों मीलों का पैदल सफर, भीषण ठंड, बेहद दुर्गम क्षेत्र हमारे सैनिकों के लिए चुनौती बन चुका था। पाक सेना सभी रास्तों पर किलेबंदी कर चुकी थी। जम्मू कश्मीर रियासत के सैंकड़ों मुस्लिम सैनिक पाक सेना का हिस्सा बनकर कश्मीर के स्कर्दू व लद्दाख के महाज पर लड़ रहे थे। स्कर्दू के बचाव के लिए जितनी सेना व हथियारों की जरूरत थी, उतनी तादाद में सैनिक व असलाह शेर जंग तक नहीं पहुंचा। 17 जून 1948 को पाक फौज ने शेर जंग को आत्मसमर्पण का पैगाम भेजा जिसे शेर जंग ने ठुकरा दिया था। 12 अगस्त 1948 को पाक फौज ने स्कर्दू किले पर जोरदार हमला किया। शेर जंग के सैनिकों ने पलटवार करके कई पाक सैनिकों को हलाक करके वो हमला नाकाम किया, मगर स्कर्दू किले में गोला बारूद व खाद्य आपूर्ति समाप्त हो चुकी थी। आखिर भारतीय सेना के श्रीनगर डिवीजन के कमांडर के अनुरोध पर कर्नल शेर जंग थापा ने स्कर्दू किले को छोडने का फैसला लिया।

कुछ अलग

# मध्यमवर्गीय व्यथा अनंता

**कामलीला** मैदान समस्त मैदानों में सबसे खास है। वहां पर वर्ग इंतकाम यज्ञ चल रहा था। एक दिन सोमेश मुनि वहां पधारे। तब वहां पर एकत्रित समस्त पाक शास्त्रियों ने उनसे अनुरोध किया कि वे उन्हें लोकतंत्र के वर्ग महापुराण की कथा व्यथा सुनाएं। उनके अनुरोध पर पहले उन्होंने उच्च वर्ग की कथाएं विस्तार से सुनाईं और फिर निम्न वर्ग की। अंत में उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण मध्मवर्गीय जीव की कथा सुनाते कहा, 'हे मस्तशास्त्रीगण! तीनों वर्गों में यह वर्ग सबसे महत्वूपर्ण है। ये जो मध्यमवर्ग है, यह वर्ग अनंत, इसकी कथा व्यथा अनंता। इस वर्ग के माहात्मय का वैसे तो कोई वर्णन नहीं कर सकता। मध्यमवर्ग अनंत असफल इच्छाएं-आकांक्षाएं धारण करने वाला वर्ग है। इसके मुख पर पल में प्रसन्नता के तो पल में दुःख के भाव आते-जाते रहते हैं। इस वर्ग के कदम-कदम पर विघ्नों का वास रहता है। इस वर्ग का जीव बहुत भावुक टाइप का जीव होता है। यह दिखावे को ही हुंकार भरता है। इसके पास डरपोक भावनाओं के सिवाय और कुछ नहीं होता। भावनाएं ही इसकी पूंजी होती हैं। इसका शोषण करने की कुंजी होती है। इस वर्ग का जीव अपने मरने को लेकर उतना भावुक नहीं होता जितना वह दूसरों के जीने को लेकर भावुक होता है। यह खुद जीते-जीते मरो और दूसरों के जीने दो के सिद्धांत का मौन समर्थक होता है। इस वर्ग का जीव शर्म से बहुत डरता है। इसीलिए भगवान का नाम लेते हुए कदम कदम पर ईमानदारी की बात करता है। इसे हुज्जत नहीं, इज्जत प्यारी होती है। इसे लगता है जो इसकी इज्जत की पतलून उतर गई तो वह निम्न मध्यमवर्ग में जा गिरेगा। वह गिरना नहीं, उठना चाहता है। इसी चक्कर में वह लूटना नहीं लुटना चाहता है। इस वर्ग का जीव रिश्तों को लेकर बहुत भावुक होता है। इसे लगता है कि जो उसने जो रिश्ते न निभाए तो इस दुनिया से रिश्तों पर से विश्वास उठ जाएगा। रिश्तेदार उस पर थूकेंगे। रिश्तेदार उस पर मूतेंगे। इसलिए यह रिश्ते बचाते बचाते मर जाता है। मरने के बाद भी रिश्ते निभाते निभाते रिश्तेदारों से जूते खाता है। जिसकी किस्मत में मरने के बाद भी जूते खाना लिखा हो, उसे आप मजे से आंखें बंद किए मध्यमवर्ग श्रेणी के जीव में रख सकते हैं। इसके जीते जी तो जीते जी, इसके मरने के बाद भी आपके मन में जो आए उसे पूरे उत्साह से बक सकते हैं। यह किसी के बके का बुरा नहीं मानता। क्योंकि मरने से पहले और मरने के बाद जूते खाना इस वर्ग के जीव की नियति होती है। परिवार को उच्च वर्ग में लाने की कोशिश में मरते मरते मरने के बाद पैसे बचाने के चक्कर में बिन गाय के ही यह वैतरणी पार कर जाता है। फिर मरने के बाद भी मर चुके रिश्ते निभाता है। रिश्तों के बचे कर्ज चुकाता है। यमलोक के किसी भी बैंक से जैसे तैसे फिर लोन लेकर। मृत्युलोक के बैंकों का डिफाल्टर रहा हो तो रहा हो। मरने के बाद भी बैंक का डिफाल्टर होना इस वर्ग के हेड जीव का सौभाग्य है। जिस मध्यमवर्गीय परिवार का हेड जीव लिया लोन चुका मरता है, वह नरक को जाता है। जो मध्यवर्गीय हेड दसियों बैंकों का डिफाल्टर होकर मरता है, स्वर्ग में उसकी जय जयकार होती है। इस वर्ग का जीव उतना अपने को लेकर भावुक नहीं होता जितना वह तीज त्योहारों वारों को लेकर भावुक होता है। इसे लगता है कि जो यह तीज त्योहार नहीं मनाएगा तो तीज त्योहारों को अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इसलिए यह हर तीज त्योहार को अपनी जेब को ताक पर रख उसे पूरे उल्लास से डरते मरते पूरे अधूरे उल्लास, उखड़ी सांस से मनाता है। हर त्योहार को मनाने के बाद रात को त्योहार को मनाने के लिए लोन को हटाने के बारे में सोचता सोचता नींद न आने पर भी सो जाता है। जब भी कोई त्योहार आता है तो बीवी और विज्ञापन इसके दिमाग की धडक़नें और बढ़ा देते हैं। तब इसका बीपी बढ़. जाता है। पर इसकी विवशता! न तो वह बीवी को छोड़ सकता है, न विज्ञापनों को।

देश दुनीया से

# भ्रष्टाचार-महंगाई रोकने के उपाय

**भ्रष्टाचार** और महंगाई दो ऐसे सुरसा के खुले मुंह जैसे रोग हैं जो देश में बढ़ते ही जा रहे हैं और हर सरकार यह घोषणा करती है कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन देगी और महंगाई नियंत्रित करेगी, पर जिस देश में आधे से ज्यादा सांसद, विधायक दागी हों, अरबपति हों और नोट देकर वोट खरीदते हों, वहां भ्रष्टाचार समाप्त करने की बात दिवास्वप्न जैसी ही लगती है। सबसे पहला भ्रष्टाचार तो वहां शुरू हो जाता है जहां चुनाव लडऩे वाले जो विवरण चुनावी खर्च का देते हैं, उसे 99 प्रतिशत प्रत्याशियों का चुनाव आयोग स्वीकार कर लेता है। कौन नहीं जानता कि धन बल, बाहुबल और शराब की नदियां बहाकर अधिकतर चुनावी संग्राम जीते जाते हैं। जीतने वाले और हारने वाले दोनों इन्हीं शस्त्रों का सहारा लेते हैं, पर पूरे देश में न महंगाई नियंत्रण में हुई और न भ्रष्टाचार। यह ठीक है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भ्रष्टाचार नियंत्रण करने की बात कही थी और उन्होंने अपने समय में विधायक समेत कई प्रमुख लोगों को जेल में भिजवाया। आईएएस, आईपीएस तक के अधिकारी पकड़े गए और अभी कुछ दिन पूर्व ही पंजाब के मुक्तसर के एडीसी भी सलाखों के पीछे पहुंच गए। मेरा यह मानना है कि जो भी नेता या अधिकारी अनुचित अवैध साधनों से कमाया धन घर लाता है, उसके परिवार को, बच्चों को, पत्नी को उसकी पूरी जानकारी होती है, क्योंकि उसी धन के बल पर वे आकाश पर उड़ते हैं और देश-दुनिया घूमते हैं। वैसे यह हर दिन का समाचार है कि पुलिस के कनिष्ठ, वरिष्ठ बहुत से कर्मचारी पकड़े गए। नागरिक प्रशासन के लोग भी पकड़े गए और सत्ता पक्ष के कुछ कार्यकर्ता भी जो रिश्वत मांगते या बिचौलिये का काम करते थे, पकड़ लिए। यह भ्रष्टाचार को नकेल डालने का एक स्वस्थ प्रयास है। वैसे रिश्वत लेने वाले कुछ ज्यादा ही हिम्मत रखते हैं। यह देखने के बाद भी कि रिश्वत लेने वाले पकड़े गए, अपमानित हुए, जेलों में भेजे गए और उनके रिटायरमेंट के सारे लाभ खत्म हो रहे हैं, फिर भी वे हिम्मत करके रिश्वत ले ही लेते हैं, लेकिन यह मानना पड़ेगा कि जब तक नैतिक मूल्यों की समाज में ज्यादा मान्यता नहीं होती, दंड से ही भ्रष्टाचार रोकना होगा। लड़ाई अभी बहुत लंबी है, पर इसके लिए एक काम तो करना ही पड़ेगा, वह है परिवार का रिश्वत के पैसे को नकार देना। मैं यह विश्वास रखती हूं कि अगर परिवार की महिलाएं, माता, पत्नी, बेटियां अपने पति-पिता-पुत्र को यह सख्ती से समझा दें कि घर में मेहनत की कमाई आएगी, रिश्वत की नहीं, तब बहुत अंतर पड़ सकता है, पर अब तो महिला अधिकारी भी रिश्वत लेने में संकोच नहीं करतीं। इसलिए यह परिवार के किशोर और युवा बच्चों को निर्णय लेना होगा कि उन्हें पिता की रिश्वत की कमाई से सुख सुविधाएं चाहिए या पिता का सम्मान और मेहनत की रोटी चाहिए। जिस दिन बच्चे पिता द्वारा आमदनी से अधिक लाया धन, उपहार और अन्य सुविधाएं पूरी तरह से नकार देंगे तब एक बहुत बड़ा परिवर्तन समाज में देखने को मिलेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। वैसे महिलाएं भी बहुत कुछ बदल सकती हैं। मैंने बार-बार यह लिखा है व समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि अगर देश की महिलाएं और परिवार के बच्चे यह तय कर लें कि वे सीमित साधनों में ही अपना गुजर बसर कर लेंगे तो रिश्वत लेने-देने की बीमारी काफी कम हो जाएगी। मेरा यह भी मानना है कि अगर विवाह शादियों पर भारी खर्च और अमीरी का प्रदर्शन बंद हो जाए तब भी कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार से दूर रहेंगे जो यह तर्क देते हैं कि बच्चों की शादी के कारण उन्हें अनुचित साधनों से धन कमाना पड़ता है। राजस्थान के इतिहास में महारानी महामाया का बहुत सुंदर उदाहरण मिलता है। जब उसने यह तय कर लिया कि युद्ध में पीठ दिखा कर आए पति को किले में प्रवेश नहीं करने देगी और पति को यह आदेश सुना दिया कि उसका स्वागत होगा, पर जब वह विजयी अथवा रण क्षेत्र में शहीद होकर आएगा। इसका पूरा असर हुआ और पूरी शक्ति से शत्रुओं से जूझते हुए महाराजा जसवंत सिंह विजयी होकर वापस आए। इसी प्रकार अगर आज की महिलाएं, परिवारों के बच्चे यह संकल्प कर लें कि पिता, पति अथवा पुत्र द्वारा अनुचित साधनों से कमाया, घर लाया धन स्वीकार नहीं करेंगे तो अधिकतर लोग रिश्वत के मोह से बचेंगे और अपने देश को दीमक की तरह खा रही यह भ्रष्टाचार की बीमारी नियंत्रण में आ जाएगी। वैसे भी होना यह चाहिए कि जो अधिकारी या कर्मचारी, महिला या पुरुष कोई भी हो, अनैतिक साधनों से धन कमा कर लाता है, अगर उसका परिवार इस धन संपत्ति को स्वीकार कर ले तो उसे भी अपराधी घोषित किया जाना चाहिए। कुछ वर्ष पहले ही दिल्ली की एक अदालत ने रिश्वत लेने वाले अधिकारी की पत्नी को रिश्वत लेने के आरोप में दंडित किया था। भारतीय दंड संहिता की धारा 379, 380, जो अब बदल गई, के अंतर्गत चोरी का अपराध करने वाले को सजा होती है, पर साथ ही जो व्यक्ति जानते हुए भी कि वह जो वस्तु या धन संपत्ति स्वीकार कर रहा है चोरी का माल है, उसे भी भारतीय दंड संहिता की धारा 411 (पुरानी) के अंतर्गत गिरफ्तार करके सजा दिलवाई जाती है। अब इसका सीधा अर्थ यह है कि जो परिवार पति या परिवार के मुखिया द्वारा रिश्वत के रूप में लाई हुई धन संपत्ति को स्वीकार करता है उसे भी सलाखों के पीछे होना ही चाहिए। अगर इस धारा का सख्ती से पालन किया जाए तो बहुत से परिजन अपने परिवार के मुखिया को भ्रष्ट साधनों से धन कमाने से रोक लेंगे। एक पटवारी या एक डॉक्टर या एक वरिष्ठ अधिकारी पकड़ में आ गया तो यह नहीं समझ लेना चाहिए कि रिश्वतखोरों पर नकेल कसी गई। जब तक इस देश के चुनाव लडऩे वाले नेताओं के परोक्ष धन स्रोतों का पता लगा कर सब कुछ पकड़ा नहीं जाएगा, तब तक प्रशासनिक क्षेत्र से भी रिश्वत बंद नहीं हो सकती। जब तक ट्रांसफर करवाने और मनचाहे पदों पर नियुक्ति पाने के लिए इस देश और समाज में चांदी के पहियों का सहारा लिया जाएगा, तब तक कुछ वरिष्ठ अथवा कनिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार करके पीठ थपथपाने वाली सरकारी मशीनरी कभी भी इस बुराई को दूर नहीं कर सकती।

> भ्रष्टाचार मुक्त शासन देगी और महंगाई नियंत्रित करेगी, पर जिस देश में आधे से ज्यादा सांसद, विधायक दागी हों, अरबपति हों और नोट देकर वोट खरीदते हों, वहां भ्रष्टाचार समाप्त करने की बात दिवास्वप्न जैसी ही लगती है। सबसे पहला भ्रष्टाचार तो वहां शुरू हो जाता है जहां चुनाव लडऩे वाले जो विवरण चुनावी खर्च का देते हैं, उसे 99 प्रतिशत प्रत्याशियों का चुनाव आयोग स्वीकार कर लेता है।

आप का नजरीया

# त्योहार के साथ लौटता हिमाचल

**हिमाचल** को देखने और मिलने आती दिवाली के पहियों पर, पथ परिवहन निगम की भूमिका के दीये भी जलते हैं साल जब-जब मनाता है त्योहार। इस बार विशेष गाडियों की रफ्तार सौ से शुरू होकर 155 सरकारी बसों तक पहुंच गई। त्योहार की पलकों पर हिमाचल की लौटती आशाएं पहाड़ पर समृद्धि की चांदनी लेकर भी आती हैं। यह चांदनी दूर किसी मंजिल पर जिंदगी को फतह करने के मंसूबों से रूबरू है, तो कदमताल करते प्रदेश के रास्तों को संभावना के अक्स पर खड़ा कर देती है। इस दौरान अगर सरकारी बसों में दस हजार लोग लौट रहे हैं, तो निजी वाहनों, वोल्वो व अन्य प्रदेशों की बसों से हजारों युवा अपने रोजगार के सेतु से घर-परिवार तक कुशलक्षेम पूछने पहुंच जाते हैं। रोजगार होना और रोजगार के योग्य होने में अंतर है। लौटते बीबीएन से युवा भी अपनी कहानी सुना देते हैं, लेकिन जिन मुहानों को छूकर बाहरी प्रदेशों से आते हैं, वहां प्रवासी होने के मायने दिखाई देते हैं। दिवाली मोटे तौर पर हजारों लोगों की वापसी नहीं, बल्कि जिंदगी से हासिल लम्हों के साथ लौटना है। अब यह हिमाचल रोजाना भी दौड़ता है और जब से फोरलेन निर्माण के साथ मंजिलें और गंतव्य नजदीक आ रहे हैं, रफ्तार का आलम राज्य में भी तस्वीर बदल रहा है। ऐसे में हमें रोजगार के हब खड़े करने हैं। विडंबना यह है कि औद्योगिक क्रांति ने प्रदेश के सीमांत इलाकों में आर्थिकी की पदचाप तो सुनी, लेकिन ये क्षेत्र रोजगार के सही मायने में डेस्टिनेशन नहीं बने। क्यों हिमाचली युवा प्रदेश की सीमा लांघते ही क्षमतावान हो जाता है। उसके चेहरे पर आत्मविश्वास और करियर की संभावना का विस्तार हो जाता है। बेशक हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्रों में नौकरियां बढ़ रही हैं, लेकिन रोजगार की सीढियां वहीं की वहीं हैं। वहां रोजगार का चेहरा दिहाड़ी सरीखा और भविष्य का एक कमजोर पक्ष है, जबकि देश की खाक छानकर युवा जो प्रोफेशन अपना रहे हैं, वहां का माहौल बीबीएन में स्थापित नहीं हो सका। रोज शाम ढलते बीबीएन की पोशाक में वह रुतबा नहीं, जो चंडीगढ़, दिल्ली, नोएडा, हैदराबाद, पुणे, मुंबई या ऐसे अनेक शहरों की अमानत में है। बीबीएन से एक पूरा राज्य अन्य प्रदेशों को लौटता और पूरे हिमाचल से लौटते हैं हर दिन सैंकड़ों प्रवासी। यहां की गाडियों के पहिए उन्हें उठाकर लाते हैं ताकि चिमनियों के धुएं में इनसान का परिश्रम उनके नाम हो जाए। हिमाचल का रोजगार हिमाचल के काम आए, इसके लिए भूमि और भूमिका में बदलाव चाहिए। जिस जमीन पर उद्योग या व्यापार खड़ा हो रहा है, वहां का रोजगार हिमाचली युवाओं के लिए सुनिश्चित हो, इसके लिए सोच, समझ और रास्ते बदलने पडेंग़े। लौटते हिमाचल की रगों में सफलता का ऐसा नशा, यहां रहते हुए भी तो पैदा हो सकता है, बशर्ते रोजगार के सृजन में प्रदेश की क्षमता के अवसर मिलें। हिमाचल प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों, कालेजों व विभिन्न संस्थानों ने सूचना प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम को बेहद बांट दिया, लेकिन डिग्री कंगाल हो गई।

# झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनी तो घुसपैठिये को हटाएंगे : अमित शाह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया खादी ग्राम उद्योग मैदान में गृह मंत्री अमित शाह का आगमन तड़के 4 बजे हेलीकॉप्टर से हुआ। श्री शाह को देखने के लिए करीब पांच विधान सभा के लगभग 8 से 10 हजार महिला और कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल थे। मंच पर आते हीं श्री शाह ने कार्यकर्ताओं को जय श्रीराम और भारत माता की जय कह कर संबोधन किया और झारखण्ड के लिए वादे का पिटारा खोल दिया। कहा कि झारखण्ड में यदि भाजपा की सरकार बना तो सभी महिलाओं के लिए गो गो दीदी योजना के तहत 2100 रुपए दिए जाएंगे। सिमरिया प्रत्याशी उज्ज्वल दास और भाजपा गठबंधन के जनार्दन पासवान चतरा को यदि जीता कर भेजते हैं तो यहां डिग्री कॉलेज, अस्पताल, और बच्चियों के लिए विद्यालय मात्र दो वर्ष में हीं पूरा कर दूंगा। आगे कहा कि अनुसूचित जाति के लिए बजट में 15 लाख 50 हजार देने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। पिछड़ा समाज को शतप्रतिशत आरक्षण देने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। 500 में गैस सिलेंडर और दीपावली एवं रक्षाबंधन के पर्व पर दो दो सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा।वहीं युवाओं के लिए 1 लाख 50 हजार प्रति वर्ष नौकरी देंगे,50 लाख की खरीदी स्टैंप ड्यूटी में निःशुल्क किया जाएगा।जीवन धारा योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त,5 लाख तक 70 वर्ष आयु वाले लोगों को मुफ्त इलाज, दिव्यांगों और विधवाओं को 25 सौ प्रति माह किया जाएगा। बाबा गोरखनाथ मंदिर और कई मंदिरों के लिए 500 - 500 सौ करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। वहीं आगे कहा कि हमारी सरकार झारखण्ड में बनी तो यहां से घुसपैठियों को चुन चुन कर भगाएंगे और उल्टा लटका देंगे। आपको बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह को देखने के लिए दूर दूर के पांच विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता और समर्थक आए हुए थे। और तो और लोग भीड़ में पानी पीने के लिए परेशान थे। कार्यकर्ताओं और समर्थकों तथा पत्रकारों को पानी तक नसीब नहीं हुआ। कई लोग पानी पीने लिए कार्यक्रम छोड़ बाहर निकल गए। वहीं दर्जनों महिलाओं को कमल फूल छाप का साड़ी पहने देखा गया। जिसका बजारों में खूब चर्चा का विषय बना रहा। लोगों का कहना था कि फूल गले की शोभा है ना कि साड़ी बना कर पहनने का है। कार्यक्रम में खास कर सिमरिया प्रत्याशी उज्ज्वल दास और चतरा प्रत्याशी जनार्दन पासवान शामिल थे।

## चित्रांश परिवार ने भगवान चित्रगुप्त की पूरे धूमधाम से किया पूजा अर्चना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** रविवार को चित्रांश परिवारों ने एक साथ मिलकर पूरे धूमधाम से भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की। जहां चित्रांश परिवारों ने टंडवा के पत्रकार रविन्द्र बक्शी के आवास में व खधैया टाउन हॉल में सामुहिक रूप से पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, बुद्धि, और तरक्की का आशिर्वाद मांगा। पूजन के दौरान सभी ने वर्ष भर का लेखा जोखा चित्रगुप्त महाराज के समक्ष प्रस्तुत किया। उधर महिलाओं ने अपने भाई की दीर्घ जीवन के लिए भैया दूज का व्रत रखा, जहा बहनों ने अपने अपने भाईयों को थोड़ी चंदन लगाकर तथा आरती उतारकर भाईयों के लिए लंबी उम्र एवं दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करने की मन्नतें मांगी। इस मौके पर विजय सिन्हा, अजय सिन्हा, वरिष्ट पत्रकार विनय सिन्हा, अनुप सिन्हा, किशोरी मोहन प्रसाद, विकास सिन्हा, अनिल सिन्हा,पंकज सिन्हा, रविन्द्र बक्शी, सुनील सिन्हा, समेत चित्रांश परिवार शामिल थे।

## हिमंता बिस्वा शर्मा को मनिका क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते ही बढ़ा भाजपा की रुझान



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा शर्मा ने लातेहार जिले के मनिका के हाई स्कूल मैदान में शनिवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा के बाद क्षेत्रवासियों का रुझान भाजपा की ओर बढ़ने लगा है।कुशल वक्ता और प्रभावशाली नेता माने जाने वाले बिस्वा शर्मा के मनिका क्षेत्र का दौरा करना भारतीय जनता पार्टी के लिए रणनीतिक कदम माना जा रहा है। मनिका जैसे क्षेत्रों में हिमंता विश्व शर्मा का पहुंचना भाजपा के लिए काफी मायने रखता है। श्री शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिकृष्णा सिंह के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने प्रदेश की गंठबंधन सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार घुसपैठियों की सरकार है।ये सरकार वादाखिलाफी करने वाली धोखेबाज सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने से पहले हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन की कसम खाकर कहा था कि, मैं प्रदेश के 5 लाख युवाओं को नौकरी दूंगा। हेमंत ने वादा किया था कि, जब तक नौकरी नहीं मिलेगी तब तक भत्ता देने का काम करेंगे। लेकिन हेंमत सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया है। आज प्रदेश में न युवाओं को नौकरी है, न भत्ता मिल रहा है,लेकिन हेमंत और कल्पना एक दूसरे की तारीफ करते रहते हैं। बिस्वा शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कल्पना और हेमंत सोरेन एक दूजे के साथ फिल्मी शूटिंग करते रहते हैं, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाया है। भाजपा की सरकार बनते ही पेपर लीक कराने वाले लोगों को जेल भेज दिया जाएगा।हेमंत सोरेन ने चुनाव से पहले वादा किया था, कि माताओं को 2000 रुपए महीना खर्चा देंगे,लेकिन उसको पूरा नहीं किया।

## दो पली में में पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधान सभा आम चुनावः 2024 के सफल संचालन हेतु पिठासीन पदाधिकारी (पुरूष एवं महिला) को रविवार को प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न (पिन नम्बर- 341700007 से 341709660) तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05 बजे अपराह्न (पिन नम्बर- 341709662 से 341716414) तक को राज्य सम्पोषित 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा में प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन अधिकारी को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया। इस मौके पर उन्हें मतदान संबंधी पूरी प्रक्रिया विस्तार से बताई गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान संपादित कराने की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को समझाया गया कि निर्वाचन सामग्री प्राप्त करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि सूची के अनुसार सभी सामग्री उन्हें मिल गई है। मुख्य रूप से मतदान यूनिट, नियंत्रण यूनिट, निविदत्त मतपत्र, मतदाताओं का रजिस्टर, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति और नामावली की अतिरिक्त प्रतियां, ग्रीन पेपर सील, सीलिंग वैक्स एवं अमिट स्याही सहित महत्वपूर्ण सामग्री शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम के बारे में तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया है। मतदान सम्पन्न कराने के लिए तैनात किए गए पीठासीन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों की स्थापना, मतदान शुरु होने से पूर्व की जाने वाली घोषणा, एजेंटों की मौजूदगी में माकपोल, ग्रीन पेपर सील लगाना, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए रक्षोपाय, मतदान केन्द्र में और बाहरी 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेशों के पालन आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया।

# सड़क और बिजली नहीं, तो वोट नहीं

# मंत्री व सांसद के प्रति लोगों में रोष, जताथी नाराजगी

➲चुनाव जितने के बाद विधायक व मंत्री आज तक नहीं पहुंचें हैं सोहरलाट
➲ग्रामीण सड़क को लेकर लोकसभा चुनाव में भी कर चुके हैं बहिष्कार, प्रशासन के मनाने के बाद किया था मतदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुंदा :** विधानसभा मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है,वैसे-वैसे विकास के मुद्दे को लेकर ग्रामीण गोलबन्द होने लगे हैं। सड़क और बिजली नहीं,तो वोट नहीं की तख्ती लेकर प्रखंड के सिकिदाग पंचायत के सोहरलाट के सैकड़ों ग्रामीणों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने इस बार विधानसभा चुनाव में सड़क बिजली, पानी नहीं तो वोट नहीं करने का निर्णय लिया ग्रामीणों ने मंत्री, सांसद के प्रति नाराज़गी व्यक्त करते हुवे गांव में सड़क, बिजली व पानी की माँग किया। जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण गांव में न सड़क और न ही बिजली आ पाई है। गांव के लोगों के लिए आज भी बिजली सपना बना हुआ है इस डिजिटल युग में भी लोग ढिबरी युग में जीने को मजबूर हैं। सड़क में बड़े बड़े गढ़े होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा की आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी आज तक प्रखंड मुख्यालय से गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है, नही बिजली आई है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है।इसी को मुद्दा बनाकर हमलोगों ने आंदोलन करने का संकल्प लिया है। जब चुनाव आता है तो नेता लोक लुभावन वादे कर चले जाते हैं इसके लिए इस बार हमलोग वोट बहिष्कार भी करेंगे। ग्रामीण रवि कुमार, चंचल कुमार, नन्दकिशोर महतो, कलेन्द्र गंझू, अशोक भोक्ता, बुधन बिरहोर, नरेस बिरहोर, प्रसाद बिरहोर, बिहारी साव, संजय साव, ललेस गंझू, विजय साव, उदय भोक्ता, संतोष भोक्ता, रामबली साव, रोहित महतो, संतोष साव आदि ने बताया की सड़क, बिजली गांव के लोगों की लम्बे समय से मांग है। चुनाव के दौरान नेता आते हैं,आश्वासनों का घूंट पिलाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सब कुछ भूल जाते हैं।जिसका परिणाम है कि अब तक गांव में सड़क और नदी में पुल नहीं बन पाई है। बतादें की लोकसभा चुनाव के दौरान भी वोट बहिष्कार किया गया था, उसके बाद भी जनप्रतिनिधियों ने सड़क, बिजली और पुल को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। ग्रामीण बताते हैं कि गांव में आज तक न तो मंत्री गांव देखने आएं और न ही सांसद आएं हैं इस बार विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय ग्रामीणों ने लिया है।

## मनिका में कांग्रेस का चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले के मनिका में रविवार को कांग्रेस का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह जोश और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। विभिन्न वक्ताओं ने मंच से कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा, और समाज के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कांग्रेस को जनता की समस्याओं का समाधान करने वाली पार्टी के रूप में प्रस्तुत किया।कांग्रेस प्रत्याशी ने जनता को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जनता उन्हें दोबारा अवसर देती है, तो वे क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने रोजगार के अवसर बढ़ाने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने के अपने संकल्प को दोहराया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कांग्रेस को एकमात्र ऐसा विकल्प बताया जो समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए काम कर सकता है, और आगामी चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की।

## बैजनाथ राम ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से झामुमों प्रत्याशी बैजनाथ राम, झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल प्रतिक्षा के समीप चुनावी कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर बोलते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी सह वर्तमान शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि उनका किसी से कोई मुकाबला नहीं है।राज्य में वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं महिलाओं एवं गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी।जिसका लाभ सीधा चुनाव में मिलेगा। वहीं झामुमो के जिला अध्यक्ष मोती लाल शाहदेव ने गठबंधन के कार्यकर्ताओं को चुनाव को लेकर कई टिप्स दिए और कहा कि इस बार चुनाव विपक्षियों के साथ डट कर लड़ना है आप सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी बुथों तक जाएं हेमंत सरकार की उपलब्धियों को गिनाये और अधिक से अधिक मतदान करायें। इस बार भी झारखंड में पूर्ण रूप से इंडिया गठबंधन की सरकार को बनने जा रही है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर हयात, कांग्रेस वरिष्ठ नेता मोहम्मद जुबेर, मोतीउर रहमान, जुनैद अनवर, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, शमसूल खान, मो.इमरान, प्रदीप गंझु, झामुमो नेत्री रीना उराँव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र में चलाया जनसम्पर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने बारियातू प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत बिश्रामपुर, बारा, नावाडीह एवं साल्वे पंचयात के जबरा, तथा बठेठ, रोन्हे, रुचवा, बेसरा, भाटचतरा, झिरमतकोमा, मकरा, बघौता, टोटी, अमरवाडीह, तथा मानधनीयां सहित विभिन्न गाँवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके कार्यकर्ता व सदस्य उनके साथ रहे, इस जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रत्याशी प्रकाश राम ने ग्रामीणों से भेट मुलाक़ात कर भाजपा के कमल फूल छाप वॉलेट एवीएम मशीन के 2 नंबर पर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए उसने अपील की. साथ ही ग्रामीणों को भारी से भारी मतों से विजय बनाने के लिए निवेदन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र का समस्या को रखा।भाजपा प्रकाश राम ने क्षेत्र के विकास व क्षेत्र वासियों के हर समस्या का निवारण करने व सुख दुःख में साथ रहने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने भी भारी से भारी मतों से विजय बनाने के लिए हुंकार भरी।सभी ग्रामीणों ने भारी से भारी बहुमत देकर प्रकाश राम को लातेहार विधानसभा से विधायक बनाने का संकल्प लिया।

## लातेहार में कांग्रेस का संवाद कार्यक्रम, सरकार की योजनाओं की सराहना



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी ने रविवार को लक्ष्मी होटल में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने की। जबकि संचालन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव ने किया। विशेष अतिथि के रूप में महागठबंधन प्रत्याशी और लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कार्यक्रम में शिरकत की और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार की उपलब्धियों की प्रशंसा की।बैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार ने महिलाओं और किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनसे गरीब परिवारों को व्यापक लाभ मिला है। उन्होंने अबूआ आवास, ऋण माफी और बिजली बिल माफी जैसी योजनाओं का उल्लेख किया, जो गरीबों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। इसके साथ ही मइयां सम्मान योजना की भी चर्चा की, जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों और महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की सहायता दी जा रही है।राम ने बालूमाथ में अस्पताल निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि वह जनता के हित में सरकार से सवाल करने में हिचकिचाएंगे नहीं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, हेरहंज प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लाडले खान, और चंदवा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे। सभी ने विधायक बैद्यनाथ राम की कार्यों की सराहना की और महागठबंधन को भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा के समर्थन में खरवार आदिवासी एकता संघ ने बैठक आयोजित कर दिया एकता का परिचय






प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** रविवार को मनिका में खरवार आदिवासी एकता संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव में मनिका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह को विजयी बनाने के लिए आवश्यक रणनीति तैयार करना था। बैठक में संघ के सदस्यों और स्थानीय खरवार समुदाय के बुढ़े बच्चे व महिला पुरुष काफी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में समर्थन बढ़ाने और चुनाव प्रचार को गति देने पर विचार-विमर्श किया।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हरिकृष्ण सिंह के समर्थन में व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आदिवासी समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वक्ताओं ने बताया कि श्री सिंह आदिवासी समुदाय के हितों के प्रति संवेदनशील हैं और उनके विजयी होने से क्षेत्र में विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि पिछले बार अपने कार्यकाल में इन्होंने चौमुखी विकास किया है। संघ ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे एकजुट होकर भाजपा के संदेश को हर घर तक पहुँचाएं और जनता को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों से अवगत कराएं। इसके साथ ही, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प लिया गया।बैठक का समापन इस विश्वास के साथ हुआ कि संघ के सदस्य और समर्थक मिलकर हरिकृष्ण सिंह की जीत सुनिश्चित करेंगे 13 नवंबर को होने वाले मतदान में कमल फुल छाप पर वोट देकर भारी से भारी मतों से विजयी बनाने का निर्णय लिया। सभा को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य मनिका विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने आदिवासी समुदाय और स्थानीय लोगों के उत्थान के लिए कई योजनाओं और नीतियों का उल्लेख किया, जिनसे क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में सुधार होगा। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि यदि उन्हें इस चुनाव में जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिलता है, तो वे मनिका को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।श्री सिंह ने आदिवासी समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि वह उनके हक और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आदिवासियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनके लिए कई विकास योजनाएं लेकर आई है। अंत में, उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे एकजुट होकर भाजपा का समर्थन करें और इस चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करके उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वह क्षेत्र के विकास को गति दे सकें। साथ ही उन्होंने भावुकता से अपने संघर्ष जीवन की व्यथा सुनाई उन्होंने उपस्थित युवाओं को अपने कैरियर के प्रति सजग रहने एवं संघर्ष करने का हौसला अफजाई किया। कार्यक्रम के अंत में आदिवासी परंपरागत वस्त्र धारण कर मांदर के थाप में लोग नाचे व हरिकृष्ण भईया के जिताऊ के गाने गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### मनिका व बरवाडीह में भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

मनिका में थाना के सामने व बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा प्रत्यासी सह पूर्व विधायक ह्रीकृष्णा सिंह ,मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह,जिप सदस्य संतोषी कुमारी कन्हाई प्रसाद, ईश्वरी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इससे पहले कार्यालय से पैदल मार्च कर बस स्टैंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर में पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया।मौके पर भाजपा प्रत्याशी सिंह ने कहा कि भाजपा की पहचान संघर्ष का रहा है। हम क्षेत्र का विकास के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं । उन्होंने पिछली सरकार पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं को ठगने, महिलाओं को प्रलोभन देकर उनके वोट लेने का खाका तैयार किया है जबकि वर्तमान सरकार में कई आदिवासी महिलाओं का शोषण किया गया । कहा कि विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को बचाना आप सबों की जिम्मेदारी है अगर झारखंड में हमारी सरकार बनेगी तो सबसे पहले भूमि सर्वे कराया जाएगा साथ ही बरवाडीह को अनुमंडल, छिपादोहार को प्रखंड, बरवाडीह - मंडल सड़क निर्माण कार्य किये जाएंगे। मौके पर महामंत्री मनोज प्रसाद वरिष्ठ अशोक प्रसाद, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रुपाली देवी बरवाडीह मुखिया कालो देवी, मनोज सिंह चेरो, संतोष सिंह, दीपक तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, श्रवन सिंह, कैलाश सिंह, विनोद यादव, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, शिबू साव, सुनील कुमार सिंह, राज महेंद्र सिंह, विवेक सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मंजीत यादव का दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने से यादव समाज मे आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विगत 29 अक्टुबर को सुबह करीब 8.00 बजे रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी मंजीत यादव की हत्या उनके सिरका खिरगांव स्थित निवास के सामने गोली मारकर कर दी गई। इस घटना के बाद हजारीबाग के पूरे यादव मे शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को यादव समाज के द्वारा मिशन रोड स्थित मधुवन मे शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में 2 मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया व उनकी आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा मे उपस्थित यादव समाज के सभी लोगों का एक स्वर मे आवाज उठाया की इस हत्याकांड मे शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करते हुए उन्हें फाँसी की सजा दी जाए। इस मौके पर यादव समाज के प्रतिनिधियों ने मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन व सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन दोषियों पर जल्द कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा नहीं दिलाती है तो यादव समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय यादव महासभा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष उमेश यादव ने कहा कि यादव समाज मंजीत यादव की हत्या का कड़े शब्दों



में निंदा करती है व मांग करती है कि इस हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों के गिरफ्तारी जल्द से जल्द पुलिस के द्वारा सुनिश्चित की जाए साथ ही उन्हें फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने प्रशासन निक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पूरे राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगा हुआ है जगह-जगह पुलिस के द्वारा ब्रैकेटिंग लगाकर आवागमन करने वाले वाहनों की जांच की जा रही है साथ ही ऐसे एक-एक सूचना पर प्रशासन ध्यान दे रही है जिससे चुनाव प्रभावित न हो और लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न ना हो बावजूद इसके मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपराधी आते हैं और गोली मारकर हत्या कर फरार हो जाते हैं इस स्थिति को देखकर यह लगता है कि यह प्रशासन की एक भारी चूक है। बड़कागाँव प्रखंड के गोंदलपुरा के मुखिया वासुदेव यादव ने प्रशासनिक कार्यवाई पर नाराज़गी जताते हुए कहा की एफआईआर मे नामजद आरोपियों को गिरफ्तार होना चाहिए।राजद के वरिष्ठ नेता अर्जुन यादव ने कहा की प्रशासन दोषियों पर कार्यवाई करे यदि ऐसा नही होता है तो उच्च अधिकारियों से मिलकर दोषियों पर कार्यवाई की मांग की जाएगी यदि ऐसा नही होता है तो चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगें। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा की मंजीत यादव के हत्या मे शामिल अपराधियों को फाँसी हो ।

### निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा का चुनावी दौरा, ग्रामीणों से मिलकर मांगा समर्थन और आशीर्वाद

# यह चुनाव सिर्फ जीत का नहीं,बल्कि आपके भविष्य को संवारने का एक अवसर है : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए जनता से मुलाकात की और उनसे चुनाव 13 नवंबर को क्रमांक संख्या 23, छड़ी छाप पर समर्थन देने की अपील की। अपने इस अभियान के दौरान उन्होंने सिलवार खुर्द, सिलवार कला, डूमर, सरौनी,और चुटियारों जैसे गांवों का दौरा कर लोगों से संवाद स्थापित किया। उनका यह चुनावी दौरा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जिसमें खासकर युवाओं का जोश और बुजुर्गों का आशीर्वाद भरपूर मिला। हर्ष अजमेरा के साथ गांवों में ढोल-नगाड़ों के बीच उनका स्वागत हुआ। ढोल की धुन पर ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था, जिसमें सभी कदम से कदम



मिलाकर उनके साथ चल रहे थे। अजमेरा ने कहा कि छड़ी हमारा सहारा है, तीसरा विकल्प ही हमारा नारा है और यह नारा केवल चुनाव प्रचार का एक साधन नहीं, बल्कि उनके संघर्ष और जमीनी मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और यह वादा किया कि चुनाव जीतने पर वे प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणों की जरूरतों पर काम करेंगे। गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा, शिक्षा का अभाव, और युवाओं के रोजगार के मुद्दों पर उन्होंने गंभीरता से ध्यान देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे अपनी नीतियों के माध्यम से गांवों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हर्ष अजमेरा के दौरे में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। बड़ी संख्या में युवा उनके समर्थन में सड़कों पर उतरे और उनके साथ प्रचार में कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।

# विष्णुगढ़ की जनता का मिल रहा समर्थन से पक्का है, बदलाव होगा : बिहारी महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जेएलकेएम प्रखण्ड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो के नेतृत्व में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी बिहारी महतो का विष्णुगढ़ में सघन जनसंपर्क अभियान का आरंभ किया गया।जनसंपर्क से पूर्व अहले सुबह नागी पंचायत स्थित पहाड़ी बाबा प्रांगण में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर जनसंपर्क के लिए निकले।जनसंपर्क का शुभारंभ नरकी पंचायत से की गई गई। नरकी के पश्चात खरकी,गाल्होबार,जोबर, मडमो,सारुकूदर,चानो, नागी पंचायतों में की गई।इस दौरान जगह-जगह पर जेएलकेएम प्रत्याशी बिहारी महतो का सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं माताओ एवं बहनों ने तिलक ,चंदन ,आरती एवं



फूल माला पहनाकर , ढोल नगाड़ों के साथ बिहारी महतो का भव्य स्वागत किया गया। जनसंपर्क अभियान के दौरान नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए बिहारी महतो ने कहा कि जेएलकेएम सुप्रीमों जयराम महतो की विचारधारा को अपार जन समर्थन मिल रहा है। लोगों के आंखों में बदलाव की उम्मीद जगी है, वर्षों से स्थानीय विधायक होने के बावजूद यहां के लोग शोषित पीड़ित हैं। रोजगार का कोई साधन नहीं है, लोग देश विदेश में पलायन को मजबूर है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। शिक्षा,स्वास्थ्य व्यवस्था काफी बेहाल है। केवल हर बार नली,गली ,सड़क ,पुल पुलिया की हवाला देकर वोट लेने वाले विधायक के प्रखंड क्षेत्र की स्थिति काफी दयनीय है। इस बार जनता बदलाव के मूड में हैं, जेएलकेएम चुनाव जीतते ही घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप केंद्रीय कमिटी ,जिला कमिटी,प्रखंड कमिटी ,पंचायत कमिटी के पदाधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# एनडीए प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनडीए समर्थित बड़कागांव विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने दिन रविवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क पदयात्रा के दौरान संपर्क साधते हुए अपने पक्ष में वोट मांगा। पदयात्रा की शुरुआत गर्रीकलां से शुरु कर गर्रीखुर्द बरियातू कांडाबेर, पत्तरा खुर्द,बेलतू,पहरा,बिलारी, हेवई,कुम्हार बेंगवरी,पांडु,तरहेसा,टुंडा, पेटो,पुरनी पेटो,सायल,सलगा, कुठान, घुटु,जोको,कराली,केमो होते करते केरेडारी में अंतिम सभा हुई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण तथा क्षेत्र की जनता ने उनका भव्य रूप से स्वागत किया।उन्हें सुनने के लिए काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों की भीड़ उमड़ रही थीं।

लोगों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि यहां के वर्तमान हेमंत सरकार तथा स्थानीय विधायक ने क्षेत्र के लोगों को ठगने का काम किया है,लगातार इनके परिवार ने सत्ता का सुख भोगा है लेकिन इस क्षेत्र के लोगों को खुशी की आंसू की जगह खून का आंसू रुलाने का काम किया है। पूरा क्षेत्र विस्थापित है लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि ने लोगों की लड़ाई लड़ने छोड़



कंपनी के साथ सांठ गांठ करके सभी चीजों को बेचने का काम किया। लोग विस्थापन, पुनर्वास, बेरोजगारी, युवा नौकरी के लिए लाठी खा रहे है, लोग त्राहिमाम है अन्य कई चीजों का दंश झेल रहे हैं लेकिन विधायक अपने संपति वृद्धि में लगी हुई है। हमारी सरकार बनते हीं युवाओं को रिक्त पड़े सारे सरकारी नौकरियों में भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी,बेरोजगार युवाओं को तैयारी के लिए 2 साल तक प्रत्येक माह 2000 रुपए दिए जाएंगे,गो गो दीदी योजना के तहत सभी 18 से 49 वर्ष तक की महिला बहनों को प्रत्येक माह 2100 रुपए,प्रधानमंत्री आवास के तहत बनने वाले घर के लिए फ्री में बालू दिया जाएगा,5 लाख नव सृजित रोजगार से युवाओं को जोड़ा जाएगा।क्षेत्र में संचालित कोल कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा की अहम बैठक, अंबा प्रसाद को जिताने पर दिया जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक बड़कागांव में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह



झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह एवं संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया एवं विशिष्ट अतिथि विधायक अंबा प्रसाद की छोटी बहन अनुप्रिया ने सभा को संबोधित किया। श्री बेदिया ने कहा इंडी गठबंधन के बड़कागांव विधानसभा के प्रत्याशी अंबा प्रसाद है भारी मतों से जीत दर्ज कराना है, और राज्य में हेमंत सोरेन का दोबारा सरकार बनाना है। वहीं अनुप्रिया ने कहा विधायक अंबा प्रसाद बड़कागांव विधानसभा में दर्जनों योजना लाकर क्षेत्र में विकास करने का कार्य की है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, झामुमो नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा, विशेश्वर राम, सूरज वर्मा, शंकर साव, शांति देवी, नंदकिशोर भुईयां, मोती भुइयां, गणेशा राम, गिरजा भुईयां, शंकर भुईयां, राम सागर महतो, अरविंद महतो, मुंद्रिका सिंह, ओम प्रकाश कुमार, सुनील राम, राजेंद्र भुईयां, विनोद बेसरा, विनोद यादव, फलेंद्र गंझु, सुरेश यादव, रामचंद्र भुईयां एवं अन्य उपस्थित थे।

## महागठबंधन समर्थित अम्बा प्रसाद का बड़कागांव क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान


**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अम्बा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत विभिन्न



पंचायतों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाते हुए प्रखंड क्षेत्र के हरली, नयाटांड़, बिश्रामपुर, पिपराडीह, कुम्हरडीहा, तलसवार, पतरा, आंगों, अंबाटोला, बरतुआ, पोटंगा, उरीमारी, गरसुला में कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए लोगों से अपील की। अपने संवाद के दौरान उन्होंने अपने पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने हर वर्ग के हित में काम किया है और क्षेत्र की सेवा के प्रति समर्पित रही हूं। कांग्रेस प्रत्याशी अम्बा प्रसाद ने कहा, मैंने हमेशा आपके विश्वास को प्राथमिकता दी है और इसी विश्वास के साथ हर वर्ग–किसान, मजदूर, युवा, महिला, व्यापारी–के विकास और उनके उत्थान के लिए कार्य किया है। सेवा का यह संकल्प और आपके लिए मेरा समर्पण भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का भारी समर्थन देखने को मिला।

## लक्ष्मी पूजा के अवसर पर मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लक्ष्मी पूजा के शुभअवसर बेंगवरी में मेला के रात्रि भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्री महालक्ष्मी पूजा समिति बेंगवरी के सदस्यों के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। जय माँ काली जागरण मंडली के



द्वारा भक्ति भजनों के माध्यम से भक्त श्रद्धालुओं को रात भर झूमाया। गीत, संगीत के साथ साथ एक से बढ़कर एक जीवंत झांकिया दिखाई गई जिसे देख खूब आनंदित हुवे। जीवंत झांकियों को देखने के लिए दर्जनों गांव से लोग पहुँचे और रात भर झूम झूम कर जागरण का आनन्द लिए । कार्यक्रम में शांति मौहोल बनाए रखने में श्री श्री महालक्ष्मी पूजा समिति के सभी सदस्यगण अपना अहम योगदान दिए।

## निर्दलीय प्रत्याशी अविनाश आर्या के समर्थन में फिल्मी अभिनेत्री भाग्यश्री ने किया रोड शो

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधान सभा के निर्दलीय प्रत्यासी अविनाश आर्या चंद्रवंशी के समर्थन में फिल्म अभिनेत्री



भाग्यश्री का रोड शो और जनसंवाद कार्यक्रम रविवार को बरही में किया गया। बरही में करीब 2 बजे अभिनेत्री भाग्यश्री का आगमन हुआ, जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बरही चौक पर खुले वाहन में सवार अभिनेत्री जनता के बीच अभिवादन की। मौके पर अविनाश आर्या ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग माटी के बेटा को एक बार चुने फिर देखें की बरही का विकास कैसे होता है। इतने साल हो गए लेकिन अभी तक बारहवासियों को पानी नहीं मिला, सिर्फ जिनको आज तक आप प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने हैं, वे आपस में लड़ते रहते हैं कोई विकास का काम नहीं करते हैं। इसलिए इस बार बदलाव होना बहुत जरूरी है। वही समर्थन करने आए भाग्यश्री ने कहा कि मैंने सुना है कि अविनाश आर्या ने पिछले एक साल में बरही विधानसभा में कई कार्य किए हैं, बेटियों के शादी से लेकर रोजगार मेला, स्वास्थ्य मेला, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा सहित कई कार्य किए हैं, जो काफी सराहनीय है। इनके अंदर कार्य करने का जज्बा है, यहां तक की यह लोकल भी है तो एक बार है अपना बहुमूल्य वोट देकर जरूर विजय बनाएं, ताकि बरही विधानसभा का विकास हो सके।

# बरही विधानसभा के धनवार पंचायत में भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव के समर्थन में आयोजित हुई चुनावी पंचायत

- **बरही विधानसभा में कमल खिलेगा मिल रहा हैं जनता का आपार समर्थन : मनोज कुमार यादव**
- **जो हिन्दू हित की बात करेगा वहीं बरही विधानसभा में राज करेगा : राजेन्द्र प्रसाद**
- **भाजपा ने रोटी, माटी, बेटी का हमेशा सम्मान किया है : ममता देवी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा के धनवार पंचायत में स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के अध्यक्षता में भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के समर्थन में चुनावी महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसका संचालन नन्दलाल प्रसाद ने किया।इस चुनावी महापंचायत सभा बतौर मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव शामिल हुए।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता सहित स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया, और भाजपा के प्रत्याशी को समर्थन देने का दृढ़ संकल्प लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रत्याशी को मनोज कुमार यादव को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। एवं माला पहनकर भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने जनता से भावुक अपील किया,और कहा कि प्रत्याशी के रूप में बरही से और आप सभी की सेवा के लिए संकल्पित हुएं।उन्होंने महिलाओं से कहा कि सृष्टि की कल्पना उनके बिना अधूरी है, महिलाओं से उन्होंने कहा कि उनका मत सृष्टि की कल्पना उनके बिना अधुरी हैं,उनका मतरूपी आशीर्वाद की उन्हें जरूरत है,उन्होंने



आद दिलाया की के चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में सुरक्षा और लोगों के दुखड्ढसुख में सहभागी बने रहे, आगे श्री यादव ने कहा की बरही में खुशहाली और विकास लाने के लिए आपका समर्थन चाहिए।उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वह आगामी 13 नवंबर को क्रम संख्या 2 पर कमल के फूल का बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजय बनाएं। उन्होंने बरही के वर्तमान विधायक पर तंज करते हुए कहा कि हाल के दिनों में कांग्रेस छोड़कर वह साइकिल पर चढ़ गए हैं, लेकिन मेट्रो युग में साइकिल चढ़ने लायक नहीं बची वहीं कांग्रेस उम्मीदवार पर तंज करते हुए कहा कि पार्टी ने 300 किलोमीटर दूर से युवक को भेजकर उम्मीदवार बनाया है, लेकिन पार्टी को सोचना चाहिए की बरही के लोग बड़े सजग और जागरूक है, कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार की माता भी चुनाव लड़ी थी, लेकिन चुनाव हारने के बाद कभी यहां के लोगों के सुख-दुख में शामिल नहीं हुई इसलिए यहां के लोगों को सोचने और समझने की जरूरत है, समाज के नाम पर नहीं बल्कि जात-पात से ऊपर उठकर धर्म को देखते हुए अपना मतदान अवश्य करें।

# विष्णुगढ़ में इंडिया गठबंधन के समर्थन में झामुमो का बैठकों दौर जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी पारा अपने पूरे रंग को अख्तियार कर चुका। विष्णुगढ़ विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के दौरा बढ़ चुका है। वहीं के एनडीए तथा इंडिया गठबंधन के साथियों ने बैठक कर अपने प्रत्याशियों को जिताने की जद्दोजहद में जुट चुकी है। इसी क्रम में रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना पंचायत में झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में बैठक का आयोजन किया ।बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया नारायण गंझु ने किया तथा संचालन झामुमो वरिष्ठ नेता सुनील सिंह ने किया।बैठक में झामुमो कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को समर्थन कर माण्डू विधानसभा जिताने का संकल्प लिया। बैठक में सचिव संजय कुमार प्रजापति ने कार्यकर्ताओं से आग्रह पूर्वक कहा कि 5 वर्षों में हेमंत सरकार ने अनेको जनहित के कार्य किये जिसे जनता को बताने की जरूरत है। वही विष्णुगढ़ पूर्वी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी ने मोर्चा संभालते हुए झामुमो की वरिष्ठ महिला नेत्री अम्बिया देवी के नेतृत्व में करगालो में महिला समूहों के साथ बैठक कर विष्णुगढ़ के बेटे को जिताने की अपील की इस पर महिला समूहों से आई महिलाओं ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की बात कही। इस मौके पर दोनो बैठकों में मुख्य रूप से अम्बिया देवी, दुलारचंद गंझु बुधन गझुं, रूपलाल गंझु,लखन गंझु, द्वारका महतो, बंसी महतो पूरन महतो समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## अनियंत्रित टेलर वाहन बरही जवाहर पुल के नीचे गिरी, दूसरे दिन शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार देर संध्या बरही पुलिस को सूचना मिली कि बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाटी तिलैया डैम पर बने पुल को तोड़ते हुए एक टेलर वाहन अनियंत्रित होकर चालक सहित डैम में डुब गई है। जिसे निकालने के लिए काफी प्रयास किया गया। परन्तु गहरा पानी होने के कारण टेलर में सवार व्यक्ति को निकाला नहीं जा सका। दूसरे दिन रविवार को स्थानीय गोताखोरो एवं क्रेन की मदद से वाहन चालक को डैम से मृत हालत में निकाला गया। मृतक का पहचान पांचु मीणा उम्र-21 वर्ष, पिता नाथु मीणा ग्राम गोरधा, थाना जिला अजमेर (राजस्थान) पाया गया है। इस संबंध में आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक एवं ट्रैक्टर में हुई टक्कर, दो लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव टंडवा रोड मुख्य सड़क कर्णपुरा कॉलेज के पास ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल के बीच सड़क दुर्घटना हो गया जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल युवक सीकरी पारपैन गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों का नाम बादल कुमार पिता झनकु महतो उम्र 22 वर्ष और विकास कुमार पिता सुखदेव महतो उम्र 23 बताया गया। दुर्घटना के पश्चात दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव ले जाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। विकास की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। मामले को लेकर सीकरी थाना ओपी प्रभारी से पूछे जाने पर बताएं कि बाइक एवं ट्रैक्टर को थाना ले आया गया है।

## कुमकुम देवी ने दर्जनों गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान, अपने पक्ष में वोट देने की किया अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुमकुम देवी ने कार्यकर्ताओं संग रविवार को दर्जनों गांव के लोगों से अपने पक्ष में मतदान के लिए संपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि विकास करने के लिए सेब छाप पर वोट दें लेकिन पैसा लेकर किसी को वोट नहीं दें। जो आपके क्षेत्र में कार्य करगें, सुख दुःख में साथ देंगे और आपके क्षेत्र में विकास करेंगे उसी को वोट दे। जनसंपर्क के दौरान कहा कि आप अपने अधिकार को जाने ओर वोट के माध्यम से इस बहन को, बेटी को वोट दे विजयी बनाएं । वहीं प्रवासी मजदूरों पर उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों से अधिक संख्या में लोग मजदूरी करने जाते हैं। जब आप हमारा हाथ मजबूत करेंगे तभी प्रवासी मजदूरों का हाथमजबूत होगा । बरकट्ठा विधानसभा कीजनता बदलाव चाह रही है बदलावका समय आ गया है। बदलाव अवश्यकरें। इस दौरान उन्होंने गड़गी, परसाबाद स्टेशन, कटिया, अंबाडीह, तेतरोन चौक, नावाडीह, नई टांड, मेंसौंधा, पिपराडीह समेत दर्जनों गांवमें जनसंपर्क किया। इस मौके पर पूर्वजिप सदस्य मीना देवी, लोकहितअधिकार पार्टी के नेता केदार साव, बबलू मंडल, बिनोद मंडल, बिनोद कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# 5 नवंबर को बड़कागांव में योगी आदित्यनाथ का आगमन, रौशन लाल चौधरी के पक्ष में करेंगे जनसभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भाजपा प्रत्यासी रोशन लाल चौधरी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 5 नवंबर को बड़कागांव हाई स्कूल के मैदान होना तय हुआ है। इस बाबत एनडीए के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हेलिपैड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी ने पत्रकारों को बताया कि 5 नवम्बर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़कागांव की धरती पर पहली बार रामभक्तों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ को देखने व उनके भाषण को सुनने के लिए आतुर बड़कागांव, केरेडारी, भुरकुंडा तथा भदानीनगर के आम लोगो में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। चारो ओर सिर्फ यही चर्चा है कि योगी जी के आने से यहां से निश्चित रूप से भाजपा प्रत्यासी की जीत होगी। इस मौके पर प्रभारी किसलय तिवारी ने आह्वान किया है कि हजारों की संख्या में पधारकर योगी आदित्यनाथ के भाषण को सुने। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करनेवालों में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, सतेंद्र नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, खेमलाल महतो, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता पूनम साव, आजसू पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, महामंत्री नर्सिंग प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बैजनाथ साव, युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, युवा नेता मनीष पांडे, युवा मोर्चा जिला कार्यसमि सदस्य उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, अर्जुन महतो, घनश्याम जायसवाल, सुधांशु शेखर, कामेश्वर महतो, रामप्रसाद महतो आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# पतरातू पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पतरातू थाना से पश्चिम करीब 01 कि0मी0 की दूरी पर तिलैयाटांड़ के आस पास एक व्यक्ति को हिरो पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल नं0 JH025198 पर अवैध आर्म्स के साथ देखा गया है, जो कुछ देर में अपने मोटरसाईकिल से तिलैयाटांड़ से पी0टी0पी0एस0 हॉस्पिटल की ओर जाने वाला है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा पतरातू थाना स्थित तिलैयाटांड में अलग-अलग टीम बनाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में एक काला रगं का हिरो पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल नं0 JH025198 के चालक पुलिस को देख कर मोटरसाईकिल को तेजी से भगाने लगे, जिसका पीछा कर मोटरसाईकिल को पकड़ा गया तथा चालक का नाम पता पूछने पर चालक अंशुमन कुमार, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता-शंभु ठाकुर, सा0न्यू मार्केट पी0टी0पी0एस0, थाना पतरातु, जिला रामगढ़ बताया गया तथा चालक का तलासी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ, जिस संबंध में चालक से वैध कागजात की मॉग करने पर कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। चालक को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पतरातु थाना काण्ड सं0 274/2024 दिनांक 03.11.2024 धारा 25 (1-ड्ढ) ड्ड/26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारीध्कर्मी का नाम पवन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू , पु0नि0 योगेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक पतरातू अंचल , पु0अ0नि0 शिवलाल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी पतरातू , स0अ0नि0 अर्जुन ठाकुर एवं पतरातु थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पुलिस पर्यवेक्षक द्वारा बड़का गांव विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय रामगढ में किया गया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु रविवार को देबाबत दास (भा0पु0से0) पुलिस पर्यवेक्षक एवं अजय कुमार (भा0पु0 से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक, कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में सी0ए0पी0एफ0 कम्पनी कमाण्डरों के साथ दिनांक 13.11.2024 को 22 बड़कागॉव विधान सभा में होने वाले चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा उपस्थित पदाधिकारियों को निम्नलिखित बिन्दुओं क्रमश 1. टेलीफोन निर्देशिका, 2-जिला अवलोकन, 3-जिला चुनाव प्रोफाइल, 4- एफएसटी, 5- एसएसटी, 6- वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य, 7- नियंत्रण कक्ष, 8- अंतर जिला/राज्यीय चेक पोस्ट, 9- संचार योजना, 10- आपातकालीन हेलीपैड, 11- चिकित्सा योजना, 12- सीएपीएफ का बेस कैंप, 13- पेट्रोल पंपों का विवरण, 14- अपराध परिदृश्य, 15- सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र और घटनाएं, 16- सक्रिय गिरोह 17- स्थायी वारंटी, 18- घोषित अपराधी, 19- अंतरराज्यीय वांछित अपराधी/ भगोड़ा/ वारंटी/ हिस्ट्रीशीटर, 20- कैंप और पिकेट, 21- चुनावों में सीएपीएफ की भूमिका, 22- कानूनी प्रावधान 23. क्या करें और क्या न करें पर तैयार किया गया पुस्तक उपलब्ध कराया गया तथा सभी बिन्दुओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक (मु0) / अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू, द्वितीय कमान अधिकारी, 26 बटा0, उप-समादेष्टा, सी0आई0एस0एफ0, सहायक समादेष्टा, सी0आई0एस0एफ0, परिचारी प्रवर, रामगढ़, सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी, सभी सी0ए0पी0एफ0 कम्पनी के कम्पनी कमाण्डर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आदित्यनाथ योगी का 5 नवंबर को बड़कागांव में होगा चुनावी जनसभा : महेंद्र महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत आदित्यनाथ योगी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी के पक्ष में बड़कागांव में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने दी आगे महेंद्र महतो ने बताया कि एनडीए गठबंधन के रोशन लाल चौधरी भाजपा के उम्मीदवार हैं और इन्हीं के पक्ष में महंत आदित्यनाथ योगी इस चुनावी जनसभा को संबोधित करने वाले है। महंत आदित्यनाथ योगी के आने की खबर से पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल बढ़ गई है तथा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों की पहुंचने की संभावना है।

## रामगढ़ कॉलेज में एकेडमिक ऑडिट संपन्न और ग्रीन ऑडिट का कार्य जारी




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ में एकेडमिक ऑडिट संपन्न हुआ और ग्रीन ऑडिट प्रक्रिया में है। पहले से ही ग्रीन ऑडिट का काम शुरू कर चुका है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय के नेतृत्व में सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के सहयोग से नैक का कार्य चल रहा है। छुट्टियों पर भी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी महाविद्यालय आकर कार्य कर रहे हैं।

## रामगढ़ में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाने को लेकर बैठक हुई आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा रामगढ़ बस स्टैंड के पास भगवान बिरसा मुंडा 149 वां जयंती बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा। बिरसा जयंती हर साल की भांति इस वर्ष भी पूरे हषोल्लास के साथ मनाया जाएगा द्य मौके पर जगन्नाथ मुंडा श्रीवास्तव मुंडा ,राजेश पहान, दीपक उरांव ,नितेश मुंडा, रवि मुंडा, विक्की मुंडा, सूरज मुंडा बसंत मुंडा ,आर्य मुंडा ,रमेश बेदिया, दीपू मुंडा , राजू मुंडा, रूपलाल मुंडा, सुरेंद्र मुंडा चंदन मुंडा शेखर मुंडा ,धर्मनाथ करमाली, गणेश पहन, माटू मुंडा, प्रदीप मुंडा आदि कोई उपस्थित थे ।

## स्वीप के तहत डोर टू डोर जाकर वृद्ध मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया गया प्रेरित



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया इस दौरान 80 प्लस वृद्ध मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया प्रेरित ।मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं क्ष्ड्ढष्ठ मतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को ÷वोट करेगा रामगढ़,ष्ट- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं ष्ट - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# 15 नवंबर को स्थापना दिवस को लेकर झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाने को लेकर किया विचार विमर्श

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रविवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला कार्यालय कैथा में आंदोलनकारियों की बैठक की गई। जिसमें रामगढ़ विधानसभा चुनाव एव 15 नवम्बर को स्थापना दिवस मनाने निर्णय लिया गया । जिसमें रामगढ़ विधानसभा चुनाव एवं 15 नवंबर को झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा ने किया तथा संचालन जिला सचिव दीपक सिंह टाइगर ने किया बैठक में 15 नवंबर को झारखंड आंदोलनकारी दिवस बनाने एवं कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी को शाल एवं पुष्प देकर तथा झारखंडी गमछा देकर सम्मानित किया जाने का प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही रामगढ़ के डीसी से मिलकर झारखंड आंदोलनकारीयो को सम्मान देने के एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क रामगढ़ जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा ने किया व संचालन जिला सचिव दीपक सिंह टाइगर ने किया बैठक में 15 नवंबर को झारखंड आंदोलनकारी दिवस बनाने एवं कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी को शाल एवं पुष्प देकर तथा झारखंडी गमछा देकर सम्मानित किया जाने का प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही रामगढ़ के डीसी से मिलकर झारखंड आंदोलनकारीयो को सम्मान देने के एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति का आग्रह किया जाएगा । और वार्ता करने का निर्णय लिया गया बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संरक्षक- गौरंग राय , केंद्रीय सदस्य -रंजन सिंह, जिला उपाध्यक्ष- जटाधारी साहू ,सुनील वर्मा, रमेश महतो , रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मुरलीधर कोठारी , कृष्ण कुमार, सूरज जायसवाल ,सीताराम पटेल ,महेंद्र महतो , गोविंद महतो ,वीर साई महतो, कुंवर कोयरी, वालों रविदास, सुरेंद्र कुमार महतो ,भीमराव महतो ,एमडी इम्तियाज, प्रशांत कुमार , कमरुदीन खान सहीत लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार द्वारा अराध्यदेव चित्रगुप्त महाराज की उत्साह के साथ की गई पूजा अर्चना

### आज होगी महापरिवार की बैठक और विभिन्न प्रतियोगिताओं को होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार द्वारा रविवार को चित्रगुप्त नगर बिजुलिया स्थित चित्रगुप्त मंदिर में अराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त की धूमधाम से पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की गई । इस मौके पर प्रातः 10 बजे से भगवान चित्रगुप्त की पूजा आरंभ हुई । 11:30 बजे लेखनी पूजा की गई । 12:30 बजे हवन का अनुष्ठान हुआ । वहीं, आरती व पुष्पांजलि 1 बजे और अपराहन 2 बजे से प्रसाद का वितरण हुआ। पूजा में यजमान के रूप में राहित वर्मा शामिल हुए जबकि अनुष्ठान पुजारी सनोज पांडे ने विधि पूर्वक संपन्न करवाया। वहीं, 4 नवंबर को 11 बजे चित्रगुप्त महापरिवार की बैठक होगी। जिसमें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष समेत समाज के कई वरिष्ठ सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। 11:30 से 12:30 बजे के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पारितोषिक वितरण 1 बजे किया जाएगा। जबकि प्रीतिभोज 2 बजे से आरंभ होगा। संध्या आरती 5 बजे और कलश विसर्जन 5:30 बजे किया जाएगा । मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा, राजीव रंजन, चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, सचिव रोहित वर्मा, आशुतोष कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, रणंजय कुमार्र उॅ कुंटू बाबू, डॉ उदय श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिन्हा, गुड्डु, नितेश रंजन, विनोद श्रीवास्तव, बिट्टू, अमित कुमार सिन्हा, अनुज सिन्हा, संजीव कुमार, मिथलेश कुमार, कौशल किशोर, प्रभात सिन्हा, आदित्य सिन्हा, रवि श्रीवास्तव, सुशील कुमार सिन्हा, उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर पहले दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर पहले दिन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के पहले दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। प्रभातफेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। सरदार अंगद सिंह चंडोक व सरदार गुरजोत सिंह निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। पूरा क्षेत्र गुरु नानक की वडिऐ सिमर, नानक घर के गोले, है तन मन वस्या सोई, सुख तेरा दित्ता लाये% से गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुबाष चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला होते हुए सरदार मनपाल सिंह सोनी डा् मनबीर कौर सोनी जी दे स्टाइल उप परिसर पहुंची, जहां सोनी परिवार के द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया. गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रीतम सिंह ने सरदार मनपाल सिंह को सरूपा देकर सम्मानित किया।यहां सोनी परिवार ने कंपनी के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, गुरप्रीत सिंह जगजीत सिंह जग्गी राजू नंदा अंगद चंडोक, मशहूर सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा पलविंदर सिंह बल, गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा मौजूद रहे।

## कोल इंडिया स्थापना दिवस पर सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को मिला बेस्ट एरिया जीएम का अवार्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** कोलकाता के कोल भवन स्थित रविवार को कोल इंडिया का 50 वा स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह को बेस्ट एरिया जीएम का अवार्ड दिया गया। वहीं यह अवार्ड स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किसन रेड्डी के द्वारा दिया गया। वहीं इस स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के द्वारा कोल इंडिया कि अन्य अनुषंगी कंपनीयों को भी पुरस्कृत किया गया। बता दें कि सीआईएल वर्ष 2007 से औपचारिक रूप से अपने स्थापना दिवस समारोह को एक आंतरिक कार्यक्रम के रूप में मनाते आ रही है। यह भी बता दें कि कोल इंडिया लिमिटेड अपने स्थापना वर्ष 1975-76 में उत्पादन 89 मिलियन टन किया था। और कोल मंत्रालय के अधिन होने के बाद वित्त वर्ष 2024 मे उत्पादन 773.6 मिलियन टन रहा। इस तरह उत्पादन का 8.7 गुणा तक वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोल इंडिया स्थापना दिवस पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह ने बेस्ट एरिया जीएम का अवार्ड प्राप्त करने पर पुरे बरकासयाल क्षेत्र को बधाई दी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह हमारे पुरे बरकासयाल क्षेत्र के युनियन, विस्थापित,व ग्रामीणो के दुवाओं व स्नेह का असर है। और यह पुरे बरकासयाल के लिए गौरव कि बात है।

### झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने छठ व्रतियों के बीच बाटी निशुल्क संपूर्ण पूजन सामग्री

## लगातार आठ वर्षों से यह कारवां चलता आ रहा है और चलता रहेगा : अमित साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सानिध्य में छठ व्रतियों माताओं एवं बहनों के बीच निशुल्क संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि यह पूजन सामग्री बांटने का कार्य आठ वर्षों से किया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि जो भी माताओं एवं बहनों आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं है और वह छठ पूजन करना चाहते हैं। वह संपूर्ण पूजन सामग्री प्राप्त करके पूरे भव्यता के साथ छठ पूजा कर सकते हैं। इस अवसर पर रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमो आत्म संतुष्टि की प्राप्ति होती है। एवं आम लोगों में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रति विश्वास और भी बढ़ता है। इस अवसर पर रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, कार्यकारिणी सदस्य मुरारी लाल अग्रवाल, उप समिति के सदस्य रामप्रवेश गुप्ता, समाजसेवी मनमोहन सिंह लांबा, पप्पू जसस्ल, सेमत अनेकों लोग मौजूद थे।

## झारखंड में जनता के आशीर्वाद से फिर बनेगा हेमंत सोरेन की सरकार : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक सह महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी ने गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत के विभिन्न गांवों में जा कर लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगा। दौरे के क्रम में चक्रवाली , संधोय, चोपादारू, ऊपरखखरा, फूलझरिया, गांव के लोगों के समक्ष अपने कार्यकाल में किए गए कामों और हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा चलाए गए योजनाओं और विकाश कार्यों को गिनाई जिसमें अबूवा आवास, मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले किशोरी योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना,और सरकार के समर्थक में वोट करने की अपील किया। जनसंपर्क में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजित करमाली,विनीत प्रभाकर,अंदु राम महतो, रमेश मुंडा, धीरेन महतो, भदरू सिंह, सहदेव सिंह, विजय कुमार, राजेश महतो, चंद्र हंस महतो,पठान, पटेल महतो, दिनेश हेंब्रम, फुलचंद करमाली, रामकुमार हेंब्रम, आशिक मुर्मू, सूदन महतो, कैलाश महतो, रमेश महतो, कुलेश्वर महतो, गौरीशंकर महतो, तसलीम अहमद, सगीर अंसारी, वरुण कुमार,नकुल महतो, भुनेश्वर महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पोटंगा डायर जतरा मेला का इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के अश्वा तिलैया मैदान में शनिवार कि देर शाम दिपावली के शुभ अवसर पर डायर जतरा मेला का आयोजन किया गया। वहीं देर रात नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस जतरा मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने दिप प्रज्ज्वलित कर व फिता काटकर किया। वहीं विशिष्ट अतिथि में उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम, मुखिया चरका करमाली, गणेश राम मौजूद रहे। वहीं मुख्य अतिथि राजू यादव ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम एवं डायर जतरा मेला आपसी भाईचारे को बढ़ाता है। डायर जतरा मेला यहां हर वर्ष लगाया जाता रहा है। जिसमें यहां के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग जुटते हैं। वहीं इस मौके पर पंसस किशोर बेदिया, विश्राम सोरेन,जीतन मुंडा,सवाना सोरेन, योगेन्द्र बारला,चन्दू जयसवाल,दीपक यादव, कमिटी कि ओर से छतरू मुंडा, जितेन्द्र सोरेन, लालदेव गंझू,कजरू उरांव, गणेश उरांव,पॉलिस उरांव, पुकेश्वर गंझू,उदान सोरेन,चुंदा उरांव, सरोज उरांव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध संचालित किया गया सघन अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चितरपुर जवाहर रोड मुंडा टोला में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 200 कि0ग्रा0 बरामद हुआ, जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 14,000/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित भट्टी को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में रजरप्पा थानान्तर्गत सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

# तीनों विधानसभा के 40 में से 11 प्रत्याशीयों के विरुद्ध दर्ज है मामले, पाकुड़ के 7, लिट्टीपाड़ा व महेशपुर के 2-2 प्रत्याशी शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** आगामी 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान को लेकर मैदान में उतरने वाले 40 प्रत्याशियों में से 11 प्रत्याशियों के विरुद्ध थानों में मामले दर्ज हैं। इनमें से पाकुड़ विधानसभा के 7 प्रत्याशी, लिट्टीपाड़ा विधानसभा के 2 प्रत्याशी और महेशपुर विधानसभा के भी 2 प्रत्याशी शामिल हैं। इनके विरुद्ध अलग-अलग जिलों में तथा अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पाकुड़ जिला अंतर्गत विभिन्न थाना के साथ-साथ साहिबगंज जिले में भी कई प्रत्याशियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इनमें से कई प्रत्याशियों पर धोखाधड़ी, मारपीट, गबन, हरिजन अत्याचार, रुपए लेनदेन, क्षति पहुंचाने, सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क जाम करने, मजमा लगाकर सरकारी काम में बाधा डालने, रंगदारी वसूलने के लिए गाली गलौज, अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार, घरेलू झगड़े, विस्फोटक अधिनियम जैसे संगीन आरोप भी लगे थे। कई प्रत्याशियों पर मामूली आरोप भी लगाए गए थे। इनमें सजायाफ्ता प्रत्याशी भी शामिल हैं। यह आंकड़ा चुनाव आयोग के वेवसाईट से ली गई है। प्रत्याशियों के द्वारा अपने हलफनामे में दर्शाएं गए आंकड़ों के मुताबिक पाठकों को अखबार के जरिए जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।



**पाकुड़ विधानसभा से इन प्रत्याशियों के विरुद्ध दर्ज हुए थे मामले-**

पाकुड़ विधानसभा सीट से कुल 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें से 7 ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनके विरुद्ध थानों में मामले दर्ज किए गए थे। इनमें एआइएमआइएम पार्टी से चुनाव लड़ रहे हाजी मोहम्मद तनवीर आलम, निर्दलीय प्रत्याशी शंभू नंदन कुमार, आजसू के अजहर इस्लाम, निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार शुक्ला, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी मो. हंजिला शेख, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी दिवेंदु कुमार मंडल तथा आपकी विकास पार्टी के प्रत्याशी मो. अशरफ अली शामिल हैं।

**कब-कब और कितने दर्ज हुए मामले-**

एआइएमआइएम के हाजी मोहम्मद तनवीर आलम के विरुद्ध नगर थाना में कांड संख्या 203/2019 दर्ज किया गया था। शंभू नंदन कुमार के विरुद्ध पांच मामले दर्ज हैं। साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना कांड संख्या 86/2020 तथा 87/2020, पाकुड़ नगर थाना 129/2019, पाकुड़ नगर थाना 165/2023 तथा पाकुड़ एससी एसटी कांड संख्या 01/2021 दर्ज किए गए थे। आजसू के अजहर इस्लाम के विरुद्ध नगर थाना में दो मामले दर्ज हैं। कांड संख्या 17/2023 तथा 231/2024 दर्ज किए गए थे। निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार शुक्ला के विरुद्ध साहिबगंज जिले के बोरियों थाना में कांड संख्या 144/2021 दर्ज किया गया था। एसडीपीआई के मो. हंजिला शेख के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। नगर थाना में कांड संख्या 86/2017 तथा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 87/2019 दर्ज हुए थे। लोकहित अधिकार पार्टी के दिवेंदु कुमार मंडल के विरुद्ध नगर थाना कांड संख्या 150/2017 दर्ज कराई गई थी। आपकी विकास पार्टी के प्रत्याशी मो. अशरफ अली के विरुद्ध मुफस्सिल थाना कांड संख्या 100/2023 दर्ज किए गए थे।

**महेशपुर विधानसभा के इन प्रत्याशियों के विरुद्ध दर्ज हुए थे मामले-**

महेशपुर विधानसभा सीट से कुल 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें से दो प्रत्याशियों के विरुद्ध मामले दर्ज हैं। इनमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी दाऊद मरांडी तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी स्टीफन मरांडी शामिल है। दाऊद मरांडी के विरुद्ध आचार संहिता का उल्लंघन के मामले में पाकुड़ नगर थाना में 52/2009 कांड संख्या दर्ज किया गया था। वहीं स्टीफन मरांडी के विरुद्ध महेशपुर थाना में कांड संख्या 168/2019 दर्ज हुए थे।

**लिट्टीपाड़ा विधानसभा से इन दो प्रत्याशियों के विरुद्ध दर्ज हुए थे मामले-**

लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से कुल 15 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इन प्रत्याशियों में से दो ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनके विरुद्ध थाना में मामला दर्ज किया गया था। इनमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू तथा निर्दलीय प्रत्याशी निर्मल मुर्मू शामिल है। भाजपा के बाबूधन मुर्मू के विरुद्ध पाकुड़ के मालपहाड़ी ओपी में कांड संख्या 109/2021 तथा 166/2021 दर्ज किए गए थे। निर्मल मुर्मू के विरुद्ध अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या 59/2023 दर्ज किया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, समाचार पत्रों के जरिए जानकारी सार्वजनिक करेंगे प्रत्याशी-**

सुप्रीम कोर्ट का दिशा निर्देश है कि प्रत्याशियों को उन पर लगे आरोप और दर्ज मामलों की जानकारी अखबारों के माध्यम से सार्वजनिक करनी होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार ऐसे प्रत्याशियों को स्वतः शपथ पत्र के अलावा समाचार पत्र में तीन बार जानकारी सार्वजनिक करनी होती है।

# भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू ने मांगा समर्थन, लिट्टीपाड़ा के विकास का किया वादा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** लिट्टीपाड़ा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू का क्षेत्र दौर लगातार जारी है। उन्होंने शनिवार की देर रात से लेकर रविवार को भी विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान तारापुर, बड़ा राहरसा, जितालपुर, सुरजबेड़ा, जामजोड़ी, चीतलो, पिपरा, चिनपाड़ा आदि गांव का दौरा किया। भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू ने ग्रामीणों से पार्टी के विचारधारा और घोषणा पत्र से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा का विकास भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है। इसलिए भाजपा के कमल छाप का बटन दबाकर जनता का प्रतिनिधित्व करने का मौका दे।



अगर मैं विधायक बना तो लिट्टीपाड़ा की तस्वीर बदल कर दिखाऊंगा। झारखंड में एनडीए की सरकार बनी, तो लिट्टीपाड़ा में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी की समस्या को जड़ से खत्म कर दूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासी समाज के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार आदिवासी और दलित समाज के लिए कई योजनाएं लाई है। जिसके जरिए आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। झारखंड में आदिवासियों और दलितों के लिए यहां की सरकार ने कोई काम नहीं किया। इसका जवाब आपको वोट के जरिए देना होगा। अगर बीजेपी की सरकार बनती है तो निश्चित रूप से आदिवासी और दलित समाज का विकास होगा। भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू ने बड़ा राहरसा के जितपुर गांव में पहुंच कर आत्महत्या करने वाली लिली सोरेन के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

# कल से शुरू हो जायेगा नेम निष्ठा के महापर्व छठ का विधान, छठ घाटों व आसपास शुरू हुई साफ सफाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** नेम निष्ठा के महापर्व छठ का विधान मंगलवार को नहाय-खाय से शुरू हो जाएगा। क्षेत्र के लगभग सभी छठ घाटों व आसपास साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में एसीसी छठ घाट आसपास साफ सफाई शुरू की गई। यहां के सफाई अभियान में सीसीएल केडीएच परियोजना, पुलिस प्रशासन, खलारी सीमेंट प्रबंधन, छठ पूजा समिति, समाजसेवी सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। मालूम हो कि सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन प्रत्येक वर्ष क्षेत्र के सभी छठ घाटों की सफाई कराती है। निविदा प्रक्रिया से तय संवेदक भी साफ सफाई करा रहे हैं। वहीं कई समाजसेवी छठघाट तक व्रतियों के



आने जाने के रास्तों के साफ सफाई के लिए प्रयासरत हैं। कार्यकर्ताओं के प्रयास बता रहे हैं कि अर्घ्य के दिन तक सभी छठ घाट दुरूस्त कर लिए जाएंगे। एसीसी छठघाट की सफाई में बिट्ठु सिंह, घंटु पांडेय, अवधेश यादव, सत्येन्द्र सिंह, राजेन्द्र रजक, बबलु सिंह, रामानुज सिंह, अशोक रावत, मितेश सिंह, विजय तुरी, विकास सिंह, अजीत सिंह, सोनू सिंह, संजय कामत, सूरज मुंडा, सागर राम, रणजीत केशरी, सूरज रावत, प्रमोद प्रजापति, हरि प्रजापति, ललन सिंह, योगेंद्र रजक, अभिषेक सिंह आदि ने सहयोग किया।

## दीवाली बीतते ही घरों में शुरू हो गई छठ की तैयारी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीवाली त्योहार बीतते ही जिन घरों में छठ पूजा होना है, वहां तैयारी शुरू कर दी गई है। नेम निष्ठा के लिए घरों में रंग रोगन से लेकर अन्य सफाई कार्य किए गए हैं। छठ के विशेष प्रसाद ठेकुआ बनाने की तैयारी चल रही है। आटा के लिए गेहूं को धोने-सुखाने और सफाई कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में व्रतियों के अलावा परिवार के दूसरे सदस्य से लेकर पड़ोसी तक सहयोग कर पुण्य कमा रहे हैं। नहाय खाय के लिए रविवार साप्ताहिक हाट में भी लोग लौकी खरीदे। कई लोग सूप दौरा भी खरीदे।



## आज खलारी आयेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव, तैयारी जोरो पर

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सोमवार को खलारी आएंगे। खलारी भाजपा के लोगों ने बताया कि मोहन यादव पूर्वाह्न 11 बजे हेलीकाप्टर से खलारी के एसीसी क्लब मैदान में आएंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने जनसभा स्थल में मंच व हेलीकाप्टर उतरने के स्थल का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सभा स्थल में तैयारी पूरी करने में जुटे रहे। अधिक से अधिक भीड़ जुटाने की रणनीति बनाई गई है। सभा स्थल के आसपास के सभी परिवारों को सभा में उपसिथत होने की अपील की गई है। तैयारी में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं में कांके विधानसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, नसीबलाल महतो, प्रथम साहू, प्रीतम साहू, अनिलकुमार गंझू, कार्तिक पांडेय, अरविन्द सिंह, आनंद झा, विकासकुमार सिंह, विकास दुबे, रामसूरत यादव, भरत रजक, शैलेन्द्र शर्मा, श्यामसुन्दर सिंह, जीतेन्द्र पांडेय, शत्रुंजय सिंह, रवीन्द्र पासवान, कुलदीप लोहरा, प्रदीप प्रमाणिक, भरत प्रजापति, चतुरगुण भुइयां, गणेशकुमार महतो आदि शामिल हैं।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का त्योहार, बहनों ने तिलक लगाकर की भाई के लंबी उम्र की कामना

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली आसपास एवं पश्चिम बंगाल के तुलीन, झालदा के क्षेत्रों में रविवार को भाई-बहन के स्नेह का त्योहार भाई दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई को तिलक लगाकर बहनों ने लंबी उम्र की कामना किया। बंग समुदाय ने इस त्योहार को भाई फोटा रुप में मनाया। परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर बहनें भाई को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई एवं लंबी उम्र एवं यश वृद्धि की कामना की। इस दौरान भाइयों ने अपने बहनों को उपहार दिया। सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। यह त्योहार भाई व बहन के प्रेम का प्रतिक है। इस दिन बहनें भाइयों के स्वस्थ तथा दीर्घायु होने की मंगल कामना करके तिलक लगाती हैं।

## जनसंपर्क में पहुंचे बाबूधन मुर्मू का किया गया स्वागत

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू अपने समर्थकों के साथ रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी ने हिरणपुर बाजार के धोबीटोला, नामोपाड़ा, लक्ष्मी मंदिर रोड सहित पूरे हिरणपुर बाजार में पदयात्रा कर लोगों से वोट के लिए अपील किया। वहीं गांव-मुहल्ले के महिलाएं एवं बड़े-बुजुर्गों ने भाजपा प्रत्याशी को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा समर्थक चंदन दत्ता, संजय मंडल, सुकुमार मंडल, सुभाष रक्षित, राजू दे, धनंजय इंदी, बरुन दे, लक्ष्मी देवी, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी आदि मौजूद थे।

# स्लग-विधानसभा चुनाव को लेकर 6 नवंबर को पत्ता खोलेंगे : ललित महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू स्थित हैवन ब्लू होटल में रविवार को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू (वृहत झारखंड) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि जाति धर्म और पार्टी से ऊपर उठ कर माटी की रक्षा के लिए मतदान करें। झारखंड को यूपी, बिहार, बंगाल ना बनने दे। यहां सभी जाति धर्म के लोग एक सामाजिक बंधन में रहते हैं। कोई भी मामला को या कोई भी निर्णय आखाड़ा (ग्राम सभा) में लिया जाता है। ये झारखंड में लोकतांत्रिक परंपरा सदियों से चलता आ रहा है, जिसे जाति और धर्म तथा पार्टी आधारित मतदान करके ना तोड़ें भारत वर्ष में झारखंड पहला ऐसा राज्य है जहां सामूहिक निर्णय से समाज चलता है यहां सामाजिक कार्यो के भोज में इष्टीयों (दूसरे जाति के लोगों) को अलग से खस्सी देकर सम्मानित किया जाता रहा है, ये सामाजिक परंपरा ना टूटे इसलिए जाति धर्म



और पार्टी से ऊपर उठ कर माटी (जल जंगल और जमीन, समाज और संस्कृति) की रक्षा के लिए मतदान करें। जिससे झारखंड की भाषा संस्कृति की रक्षा हो। झारखंड के युवा एवं महिला तथा झारखंडवासी आत्मस्वालमब आत्मनिर्भर और स्वरोजगार हो। झारखंड के लोग ऐसे बाहरी पार्टी को वोट ना दें जिससे स्थानीय एवं नियोजन नीति मे कोई व्योधान उत्पन्न हो। लोग ऐसे प्रत्यासी के पक्ष में अपना मतदान करें जो झारखंड आंदोलनकारी हो या उस परिवार का सदस्य हो, जो अपराधिक प्रवृति का ना हो जिस पर कोई अपराधिक मामला दर्ज ना हो। इसी आधार पर आगामी 6 नवंबर को आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो के नेतृत्व में झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति और झारखंड नव निर्माण समिति÷ तथा सन 1986 से सन 2000 तक ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू के बैनर तले संघर्ष किए क्रांतिकारी साथियों सभी एक साथ मिलकर निर्णय लेंगे की किस प्रत्याशी को मतदान करना है।

*डकरा में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुरेश बैठा के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने की बैठक*

# कांके विधानसभा क्षेत्र में बदलाव की बयार है, सुरेश बैठा की जीत निश्चित : अब्दुल्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डकरा स्टेडियम में रविवार को रमेश चौहान की अध्यक्षता में कांके विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुरेश बैठा के पक्ष में एक बैठक हुई। बैठक के दौरान चुनावी रणनीति बनाई गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांके विधानसभा सीट से महागठबंधन द्वारा कांग्रेस पार्टी से सुरेश बैठा को प्रत्याशी बनाया गया। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोगों के बीच जाकर प्रत्याशी सुरेश बैठा के पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने का आग्रह करे। कहा इस बार कांके विधानसभा क्षेत्र बदलाव की बयार है, सुरेश बैठा की जीत निश्चित रूप से होगी। वहीं बैठक को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जावेद अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सुनील कुमार सिंह, मंतोश कुमार मोनू, विक्की सिंह, सोनु पाण्डेय, राहुल तुरी, मोहन एक्का, अरविंद कुमार, सरफराज अहमद, आसीफ अंसारी, अजय भगत, सन्नी कुमार, सनुप बैठा, सुनील कुमार, टुन्नु साव, कुणाल कुमार, कमलेश कुमार राय, नरेश महतो, सुरज कुमार, अशोक सिंह, मनोज कुमार यादव, राम प्रसाद तुरी, जगमोहन भोगता, उदय कुमार सिंह, लक्ष्मण उरांव, कृष्णा कुमार सिंह, राज कुमार, नसीम अंसारी, जयदीप कुमार, विजय कुमार, संतोश कुमार सिन्हा, सन्नी कुमार, राजेन्द्र भुइयां, रोहित राम, नसीम अंसारी, सुरेश महतो, अरविंद यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ओरमांझी के इरबा में तालीमी इनामी मुकाबला का आयोजन

- तहरीक ए मकातिबे फ़िक्र ने इस्लामिक क्वीज और तकरीर प्रतियोगिता आयोजित किया
- 10 नवंबर को होगा रिजल्ट घोषित,प्रथम स्थान लाने वाले बच्चों को मिलेगा रेंजर साइकिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** तहरीक ए मकातिबे फ़िक्र रांची झारखण्ड के सौजन्य से रविवार को तालीमी इनामी मुकाबले के अंतर्गत इरबा के फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट में इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता और हेरात मैरेज हॉल इरबा में तकरीर इनामी मुबाबले का आयोजन किया गया,जिसमें क्षेत्र के 55 मकतब के बच्चे एंव बच्चीयां शामिल हुए और अपने-अपने प्रतिभा का जौहर दिखाया,प्रतियोगिता का रिजल्ट 10 नवंबर को घोषित किया जायेगा,उसी दिन तिलावत और नात शरीफ का इनामी मुकाबला भी होगा, मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा,प्रथम पुरस्कार के रूप में रेंजर साइकिल दिया जायेगा। मौके पर तहरीक मकातीबे फ़िक्र के



सदर जाकिर अंसारी ने कहा कि बच्चों में इस्लामिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की गई है,ताकि गांव स्तर पर चलने वाली मकतब को मजबूत बनाया जा सकें,मकतब में बेहतर पढ़ाई लिखाई होंगे तो गांव स्तर पर दीनी फिजा क़ायम होगी,वही मकतक के उस्ताद से कहां की यही बच्चे कल के मुस्तकबिल है बच्चों की पढ़ाई लिखाई में कोताही नहीं होनी चाहिए,वहीं उन्होंने अफसोस जताया कि बहुत से गांव के जिम्मेदार मकतब पर ध्यान नहीं देते,साल भर में एक बार भी मकतब का निरीक्षण नहीं करते की मकतब में क्या पढ़ाई हो रहा हैं,कैसे बच्चे पढ़ाई करते हैं. वहीं उन्होंने गांव स्तर के सदर सेकेट्री व जिम्मेदारों से अपील किया है कि मकतब पर विशेष ध्यान दें ताकि गांव स्तर में इस्लामीक माहौल बना रहें.मौके पर मुख्य रूप से मकातिबे फ़िक्र के सेक्रेटरी नईम उर्फ़ हुम्मायु अंसारी, सरपरस्त हाफिज अतहर इमाम, मोहसीन आलम, मिन्हाज अंसारी, रब्बानी अंसारी, रफीक अंसारी, जावेद अंसारी, अनवारुल अंसारी, इरशाद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, फिरोज अंसारी, जमील अख्तर, नसीम अंसारी, मुजतबा अंसारी, जमील अंसारी, सरफराज शाहिदी, मसिउद्दीन अंसारी सहित बच्चों के अभिभावक,गांव की जिम्मेदार और बच्चे शामिल थे।

# चान्हो प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय में लतीफ अंसारी ने सैकड़ों लोगों के साथ आजसू को छोड़कर थामा कांग्रेस का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** रविवार को चान्हों प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय चान्हों में इंडिया एलायंस के समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के प्रति आस्था और विश्वास प्रकट करते हुए लतीफ अंसारी चान्हो प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फिर से जिला से आए कांग्रेस के वरिष्ट नेता जलील अंसारी प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी इरशाद खान,अब्दुल्ला अंसारी,जुल्फेकार अली,जावेद अख्तर,ऐनुल अंसारी तबरेज खान मीर मुस्लिम परवेज आलम,मांडर , बेड़ों, रातु के नेता के उपस्थिति में कांग्रेस का दामन थाम लिया। सभी ने चुनाव चिन्ह का अंग वस्त्र भेंट कर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया। इस बीच जलील अंसारी ने कहा कि चान्हो और पूरे राज्य में कांग्रेस का कारवां लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने सभी से चुनाव में पूरी लग्न और मेहनत से जनता के बीच जाने का आह्वान किया। इस दौरान शामिल हुए युवाओं ने कहा कि आदरणीय बंधु तिर्की और शिल्पी नेहा तिर्की दिन रात जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं। और ये दोनो यहां के जननायक हैं। इनके पास हर समस्याओं का समाधान होता है। इसी तरह, माननीय मुख्यमंत्री हेमंत दा की अगुवाई में हर वंचितों और हर वर्ग के लोगों का उत्थान ऐतिहासिक रूप से हो रहा है। इन सब से प्रेरित होकर आज कांग्रेस ज्वाइन किए हैं। सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया कांग्रेस में शामिल होने वालों में लतीफ अंसारी के साथ साथ इजहारूल अंसारी असरफुल अंसारी रेयाजुल अंसारी फिरोज अंसारी समीउल्लाह अंसारी कलाम अंसारी सुहैल अंसारी साहिल अंसारी अफसर अंसारी गुलाम अंसारी नवसाद अंसारी जुल्फान अंसारी इरसाद अंसारी सफीक अंसारी सलमान अंसारी अबरार अंसारी वैश अंसारी फरहान अंसारी माजिद अंसारी मोकतर अंसारी मुनताज अंसारी आदि ने कांग्रेस का दामन थामा।

# एनडीए प्रत्याशी की जीत निश्चित, पुर्ण बहूमत के साथ झारखंड में भाजपा बनायेगी सरकार : सुनीता सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पीछे आहुत की गई। बैठक में जिला भाजपा प्रभारी सुनीता सिंह जी ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सुश्री नीरू शांति भगत की जीत निश्चित है, इस बार 2024 में पुर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार झारखंड मे बन रही है। कांग्रेस की खटाखट योजना, सविंधान, आरक्षण जैसी बिषयो को अब राज्य की एक-एक जनता जान चुकी है। कांग्रेस जिस सरना कोड की बात करती है, वह सरना कोड तो कांग्रेस ने ही हटाया, कांग्रेस कभी भी जनजाति समाज के लोगो को सम्मान नहीं दिया, नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व मे भाजपा की सरकार आयी तो हर वर्ष 15 नवंबर बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर पुरे देश में जनजाति गौरव दिवस मे मनाकर जनजाति समाज को सम्मान देने का कार्य किया। इस बार 2024 मे एनडीए की सरकार झारखंड मे बनते ही दिसंबर माह के पहले ही सप्ताह मे महिलाओं की खाते में गोगो दीदी योजना के अंतर्गत 2100/-रुपये प्रति महीना हर माताओं की खाते मे जायेंगी। प्रभारी ने आगामी 05 नवंबर को देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिह के समाहरणालय मैदान लोहरदगा में विशाल जनसभा मे अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया। मौके पर बैठक मे प्रखंड प्रभारी किशोर साहु, युवामोर्चा जिला निवर्तमान जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू, प्रदेश जनजाति सद्स्य बजरंग उराँव, कैलाश महतो, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव महामंत्री मनोज साहू, पुर्व प्रखंड उप-प्रमुख दिलीप सिंह, श्रवण मुंडा, मोहन साहु, फलीन्द्र रविदास, राजेन्द्र सोनी, सुजीत साहू, विवेक प्रजापति, गोविंद महतो, पंकज साहू, नसीर आलम, पुनई उराँव इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

# मां अम्बे व्यवसायिक संघ ने किया 185 किलो लाल गेहू का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आस्था का पर्व महाछठ व्रत को लेकर सामाजिक संगठनों द्वारा छठ व्रतियों को सहायता पहुँचायी जा रही है, ताकि गरीब माता बहने भी आसानी से व्रत को कर सके। इसी क्रम में लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत माँ अम्बे व्यवसायिक संघ सेन्हा द्वारा रविवार को छठ व्रतियों के बीच 185 किलो लाल गेहू का निशुल्क वितरण किया गया। इस सबन्ध में संघ के सचिव विजय सोनी बतलाया कि संघ अपने सामाजिक दायित्व को निभाने के लिए संघ के वार्षिक आय का 10 प्रतिशत भाग खर्च करने का निर्णय लिया गया है।उन्होंने बतलाया कि संघ की स्थापना 2016 में की गई थी तब से छठ व्रतियों के बीच लाल चक्षगेहूं का वितरण, सर्दियों में गरीबो के बीच गर्म कपड़ों का वितरण, रामनवमी के मेला में शर्बत का वितरण, गरीबो के बीमार होने पर आर्थिक सहायता, रक्त दान शिविर, निशुल्क चिकित्सा शिविर जैसे कई सामाजिक सेवा के कार्य करते आ रही हैं। मौके पर अध्यक्ष जोधनायन साहू, उपाध्यक्ष केदारनाथ साहू, सचिव जितेंद्र साहू, अजय साहू, राजू कुमार साहू, राजेन्द्र प्रसाद, श्रवण साहू, अवधेश साहू, जयप्रकाश साहू, नवल साहू, कामेश महतो, अरुण साहू, मेंनित्यानंद साहू, डॉ अम्बिका गुप्ता, अजित मेहता सहित संघ के सभी सदस्य एवम पदाधिकारीयों, एवम छठ व्रती उपस्थित थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवा कर हुये लाभवान्वित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 125 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल,डॉ मृत्युंजय कुमार व संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए।और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोगों ने अपने स्वास्थ्य से संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा सुखी जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है इसके लिए आपको नियमित रूप से अपने स्वास्थ से संबंधित जांच कराते रहना चाहिए, और कहा कि असमर्थ लोगों की जितनी भी सहायता की जाए कम ही है।डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ के प्रति ध्यान रखें और समय-समय पर चेकअप कराते रहिए। छोटी-छोटी बीमारियां आगे जाकर बड़ा रूप ले लेती है।हड्डी एवं नस के चिकित्सक डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा की शारीरिक परिश्रम से, और सुबह-सुबह घूमने एवं ताजी हवा लेने से कई बीमारियों से निजात मिल सकता है और शरीर भी फुर्तीला रहता है।सहसचिव संजय चौधरी व शिक्षिका अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह चल रहे इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोग अपने स्वास्थ की जांच करवा कर अपने स्वास्थ के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है। और राय के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित लोगों का जांच किया गया। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ मृत्युंजय कुमार, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, विमल बंका, राजू अग्रवाल, रामावतार बर्मन, अतुल सर्राफ, सुधा बर्मन, हजारी साहू, कौशल्या देवी, जुगल किशोर, प्रजापति, गंगोत्री देवी, राधिका देवी, कंचन महली, प्रमोद प्रसाद, शुभांगी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मनोज प्रसाद, रामचंद्र गिरी, हृदय देवी, अनिल वर्मा, ओमप्रकाश नंदन माली अशोक अग्रवाल, रमेश शर्मा, जयंती कुमारी, नीलम देवी, राजू कुमार, देवनारायण प्रसाद, सविता देवी, ममता गुप्ता, सचिता देवी मीना देवी, कृष्णा प्रसाद आदि थें।

# आजसू के रंग में रंग चुका है लोहरदगा, नीरू शांति भगत की जीत पक्की है : नेहा महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो ने लोहरदगा चुनावी कमान संभालते हुए आज कैरों प्रखंड हनहट कैरो बाजार, नगजुआ, टाटी के विभिन्न गांव में पदयात्रा करते हुए कहा की पूरा लोहरदगा विधानसभा आजसू के रंग में रंग चुका है। और इस बार स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत निश्चित है। यहां की जनता नीरू शांति भगत को भारी मतों से जीताकर बाहरी तत्वों को यहां से भागने का कार्य करेगी। जनता पिछले 5 सालों में यह देख चुकी है, की बाहरी व्यक्ति के विधायक बनने से क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता है ।स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने जो विकास का खाका तैयार किया था और विकास की शुरुआत की थी। जिसमें किस्को से रिचुघुटा तक चौड़ी सड़क शंख नदी से चंदवा तक चौड़ी सड़क डहर बाटी परियोजना। शुरुआत उन्होंने बहुत शानदार किया था ।परंतु जनता को बरगलाकर सत्ता में आई यह सरकार सिर्फ 5 साल ठगने का कार्य किया, आखिरी समय में 1000 का लॉलीपॉप देकर जनता को फिर से बेवकूफ समझने की भूल कर रही है। जनता सब समझ रही है और समय पर जवाब देगी। इस पदयात्रा में एनडीए प्रत्याशी नीरु शांति भगत आजसू एवं भाजपा के कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में शामिल रहे। ग्राम भ्रमण के द्वारा लोगों के द्वारा भरपूर समर्थन मिल रहा है। जिसको देखकर नीरू शांति भगत एवं नेहा महतो खुशी से कहा कि एक-एक गांव एक एक गली की भ्रमण हम साथ में करेंगे लोहरदगा के लोगों ने जो प्यार दिया वह अविस्मरणी है। आज कैरो हनहट गीतीलगढ़ नागजुआ आदि गांव का भ्रमण करने पर पता चला की मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है इसे हम लोग मिलकर दूर करेंगे।

# कोलेबिरा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने किया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत के लसिया पतरा टोली, किशन टोली सहित अन्य गांवों में कांग्रेस पार्टी के युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग और पंचायत प्रभारी आंद्रेस कुल्लू, रोशन टेटे ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के पक्ष में वोट की अपील की। यह अभियान क्षेत्रीय लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन हासिल करने के लिए चलाया गया। इस दौरान, अमृत डुंगडुंग और आंद्रेस कुल्लू ने क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों और वंचितों के हित में काम करती है और इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने भी इस अभियान का स्वागत किया और कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देने का वादा किया। इस अभियान से क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की मजबूती का संकेत मिल रहा है।

## छठ पूजा समिति कोलेबिरा का हुआ गठन, गोपाल कुमार बने अध्यक्ष

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा में छठ पूजा समिति की बैठक छठ घाट परिसर में हुई। इसमें गोपाल कुमार को अध्यक्ष, सुजल कुमार को उपाध्यक्ष, विशाल कुमार को सचिव, अंकित कुमार को उपसचिव, शिवम प्रसाद को कोषाध्यक्ष, प्रज्वल कश्यप को उपकोषाध्यक्ष, प्रियांशु कुमार को पूजा प्रभारी, दीपेश कुमार और हर्ष कुमार को चाय प्रभारी नियुक्त किया गया। समिति के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने सदस्यों को निर्देश दिए और ग्रामीणों से पूर्ण सहयोग करने की अपील की। छठ पूजा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिनमें शामिल हैं- रन बहादुर सिंह चौक से डेम रोड तक की सफाई ,पूरे डेम परिसर में सफाई ,छठव्रती महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा ,श्रद्धालुओं के लिए अर्घ के दूध की व्यवस्था करना, पूरे छठ घाट परिसर को सजाना।

# 85 प्लस आयुवर्ग के मतदाताओं का पोलिंग पार्टी ने कराया मतदान, आज भी होगी होम बोटिंग



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 नवंबर रविवार को चुनाव आयोग एवं प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छुन्दा भट्टाचार्य के निर्देश पर 85 प्लस आयुवर्ग, एवं शारिरीक रुप से आशक्त मतदाताओं का पोलिँग पार्टी के द्वारा घर घर जाकर वोट करायी गयी। प्रखंड कार्यालय के प्रधान आशूलिपिक अमन शिखर ने बताया की प्रखंड बीएलओ के माध्यम से कुल 16 शारिरीक रुप से कमजोर जो मतदान केंद्र तक आने मे असमर्थ हैं एसे लोगो को चिन्हित किया गया है, जिसमे 03 नवंबर रविवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पोलिँग पार्टी के उपस्थिति मे 08 लोगों को घर-घर जाकर मतदान कराया गया शेष बचे 08 लोगो को आज 04 नवम्बर को मतदान घर-घर जाकर संपन्न करायी जायेगी। इस अवसर पर होम वोटिंग के समय सेक्टर मजिस्ट्रेट कुणाल कंचन, प्रखंड कार्यालय के प्रधान आशुलिपिक अमन शिखर, बीएलओ पंचम एतवा पहान, नसीमा खातून, पोलिँग पार्टी के पी वन, पीटू, पीथ्री दल के कर्मी होम वोटिंग के समय उपस्थित थे।

# लोहरदगा विधानसभा से एनडीए भारी बहुमत से जीतेगी : कंवलजीत सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड मुख्यालय में आजसू पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भाजपा एवं आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अखज प्रजापति ने कहा एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत भारी मतों से जीतेंगी, वर्तमान विधायक सिर्फ़ जनता को ठगने कार्य किया है। भाजपा नेता अशरफी जी ने कहा अलपसंख्यक इस सरकार से बहुत उम्मीदें पालकर वोट कर सरकार बनाया था,पर आजादी के बाद से आज तक यह हम लोग को वोट बैंक समझती रही है। पर अलपसंख्यको के लिए कुछ नहीं किया आज भी अलपसंख्यक विकास के लिए उम्मीद लगाये बैठी है। पर अब तक इन्होंने कुछ नहीं किया और आगे भी कुछ नहीं करेंगे। इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। और अब अलपसंख्यक समाज एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को भारी मतों से जीताने के लिए तन मन से लग कर कार्य करेगी।इस मौके पर आजसू मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा कि जनता मन बना चुकी है जीत हमारी होगी। लोहरदगा के विकास हम ही करेंगे जिसकी शुरुआत स्व कमल किशोर भगत ने की थी।हमसब मिलकर उसको अंजाम तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# भाजपा सरकार बनते ही भयमुक्त और विकासयुक्त झारखंड का होगा निर्माण : बाबूलाल मरांडी

## जनता ने दिया साथ तो बेहतर सिमडेगा का होगा निर्माण : श्रद्धानन्द बेसरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का विधानसभा चुनाव को लेकर केरसई में चुनावी जनसभा को संबोधित करने हेलीकॉप्टर से पहुंचे, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा को कमल पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने का क्षेत्र के जनताओं से अपील किया द्य अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र पर किए गए पांच वादों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और कहा कि कैबिनेट की पहली बैठक में ही गो-गो दिदि योजना के तहत 11 दिसंबर से महिलाओं को ?2100 मिलना शुरू हो जाएगा,उन्होंने कहा कि सिमडेगा से भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा के रूप में एक कमल फूल राँची भेज कर प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने में मदद करें क्योंकि भय मुक्त झारखंड में लोग रह सकें ऐसा भय मुक्त झारखंड का निर्माण भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।साथ ही उन्होंने गठबंधन सरकार के काले कारनामे की चर्चा करते हुए कहा की झारखंड सरकार भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित किए हैं इन्होंने कोयला बालू पत्थर सबको बेच दिया आज ग्रामीणों को 600 मिलने वाला बालू 2500 में मिलता है चार महीना से गरीबों बिरधा पेंशन बंद है पर अपनी तिजोरी मुख्यमंत्री लगातार भर रहे हैं भाजपा सरकार बनते ही भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाया जाएगा। 70-सिमडेगा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहां की 2019 के चुनाव में 285 मतों से मैं हार गया था उसके बाद से मैं पूरे 5 वर्ष तक ग्रामीण जनताओं के बीच में एवं उनके सुख-दुख में साथ में रहा हूं उन्हें मदद किया हूं अगर मैं विधायक बना तो क्षेत्र में खुलकर सेवा करने का मौका मिलेगा और एक बेहतर सिमडेगा का निर्माण करेंगे, लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा की वर्तमान विधायक के कार्यकाल में सिमडेगा का विकास ठप हो गया है वर्तमान विधायक की कोई उपलब्धि नहीं है सिमडेगा जिला के लिए आज कॉलेज में प्रोफेसर के अभाव में बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है भाजपा के सरकार बनते ही सिमडेगा में भाजपा विधायक बनते ही इन सभी कर्मियों को दूर करते हुए सिमडेगा का संपूर्ण विकास किया जाएगा।सभा को छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री सह क्लस्टर प्रभारी केदार कश्यप संगठन प्रभारी बबन गुप्ता वरिष्ठ कार्यकर्ता अनूप केसरी चुनाव संचालन समिति के संयोजक ओमप्रकाश साहू ने भी संबोधित किया,स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने किया।

# भैया दूज का त्यौहार एवं चित्रगुप्त पूजा पूरे भक्ति भाव के साथ मनाया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र में भैया दूज का त्यौहार एवं चित्रगुप्त पूजा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर व्यापारी वर्ग ने चित्रगुप्त का पूजा की। वही बहनों ने अपने-अपने भाइयो के कष्ट निवारण हेतु भैया दूज का त्यौहार मनाया। इस मौके पर बड़की चापि समेत प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में भैया दूज का त्यौहार भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाएं पूरे विधि विधान के साथ पूजा की तत्पश्चात भगवान से मंगल कामना की कि मेरे भाई हमेशा निरोग रहे एवं उन पर किसी तरह का कोई कष्ट ना आवे। पूजन करने के उपरांत बहनों ने अपने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया एवं प्रसाद दी। एक धार्मिक मान्यता के अनुसार यमदेव एवं यमुना दोनों भाई बहन थे। भैया दूज के दिन यमराज ने अपने बहन यमुना के यहां गए बहन ने काफी सत्कार किया इस पर खुश होकर यमदेव ने यमुना को आशीर्वाद दी कि जो भी बहने आज के दिन पूजा करके अपने भाई का माथे में तिलक लगाएगी। उन पर किसी तरह का कष्ट नहीं आने देंगे।

# सीएम जिला उत्कृष्ट हिंदु उच्च विद्यालय में मतदान कार्य हेतु पीठासीन पदाधिकारीयों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी (पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय पदाधिकारी व चतुर्थ पदाधिकारी) का प्रशिक्षण आज सीएम जिला उत्कृष्ट हिंदु उच्च विद्यालय में प्रारंभ हो गया। आज प्रथम पाली में 382 और द्वितीय पाली में 284 मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में आइटीडीए परियोजना निदेशक, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र समेत 14 असिस्टेंट लेवल मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में पदाधिकारियों को उनके दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई। पदाधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन कार्य एक बहुत ही संवेदनशील कार्य है जिसे अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाता है। पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए। मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सभी पदाधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता,आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चिता जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय समय पर रिटर्निंग ऑफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी पदाधिकारियों को दी गई। साथ आवश्यक प्रारूप में रिपोर्ट दिए जाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण में शामिल हुए पोलिंग पार्टी के सदस्यों ने पोस्टल बैलेट के जरिये अपना मतदान किया। प्रशिक्षण केंद्र में इसके लिए कुल 3 पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाये गए हैं। प्रशिक्षण 05 नवम्बर तक चलेगा और साथ-साथ पोस्टल बैलेट से वोट भी प्रतिदिन होगा। प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे 5.30 बजे तक संचालित किया जा रहा है।

# छठ पर्व में सूर्य, जल और वायु तीनों तत्वों की होती है पूजा : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 5 नवंबर दिन मंगलवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से नहाए खाय के साथ शुरू हो रहा है। 6 नवंबर को खरना मे छठ व्रती पूरे दिन का उपवास कर शाम में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेगी, तथा 7 नवंबर गुरुवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा?। छठ महापर्व के चतुर्थ दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन शुक्रवार 8 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर आयु आरोग्यता,यश,संपदा का आशीर्वाद लिया जाएगा। छठ पूजा एक ऐसा महापर्व है जो अपने आप में विश्वास, श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार झारखंड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश मे धूम धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है सूर्य देव को जीवन दाता माना जाता है और छठी मैया को संतान की देवी, इस पर्व मे सूर्य, जल और वायु तीनों तत्वों की पूजा की जाती है। छठ पूजा करने से स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। छठ पूजा के दौरान सभी लोग मिलजुल कर पूजा करते हैं जिससे सामाजिक एकता बढ़ती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पहली बार त्रेता युग में माता सीता ने छठ का व्रत किया था तो वही भगवान श्री राम ने सूर्य देव की आराधना की थी इसके अलावा द्वापर युग में दानवीर कर्ण और द्रौपदी ने भगवान सूर्य की पूजा और उपासना की थी। तब से ही छठ का त्यौहार बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। एक और मान्यता है कि प्रियंवद ने सबसे पहले छठ माता की पूजा की थी। 36 घंटे निर्जला व्रत रखने वाले जातकों के जीवन से सभी प्रकार से दुख कष्ट दूर हो जाते हैं। हिंदू धर्म में छठ पूजा में छठ मैया और सूर्य देवता की पूरे विधि विधान से पूजा की जाती है। दीपावली के 6 दिन बाद छठ पर्व मनाया जाता है। छठ पूजा 4 दिनों तक चलता है जिसमें शुरुआत होती है नहाए खाय और खरना से,फिर डूबते और उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इसमें व्रती महिलाएं 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखते हुए पूरी निष्ठा एवं पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान, नारियल, पान, सुपारी, माला, फूल अरिपन से डाला सजाकर छठ घाट नदी, तालाबों में कमर तक जल में डूब कर सूर्य देवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती है। सूर्य को अर्घ्य देने से मानसिक शांति, उन्नति व प्रगति होती है तथा छठ मैया की पूजा करने से व्रती को आरोग्यता, सुख-समृद्धि, संतान सुख, का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## चलते चलते एक नजर

### अजय नाथ शाहदेव ने जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की किया अपील



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर पदयात्रा और बैठक कर चुनाव प्रचार किया। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा ने भी लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में वोट की अपील की।इस क्रम में आज वे कटहल मोड़,पंडरा, लालगुटवा, झीरी,सुंडील, चटकपुर,रातु, गोविंदपुर, कटहरगोंदा,नायक चौक,बिडला मैदान , विद्यानगर गये। काफी संख्या में कांग्रेस झामुमो व गठबंधन दलों के कार्यकर्ता जोशो-खरोश के साथ शामिल हुए। शाहदेव ने पदयात्रा और बैठक कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की । उन्होंने कहा कि वे हटिया विधानसभा क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। लोगों की जिंदगी बदलना चाहते हैं। राजधानी का क्षेत्र होने के बावजूद हटिया विधानसभा में काफी मूलभूत समस्याएं हैं जिसका वे समाधान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पुरे विधानसभा क्षेत्र में अच्छे सरकारी अस्पताल, अच्छा सरकारी स्कूल की कमी है।वे लोगों के लिए इन सब सुविधाओं को मुफ्त उपलब्ध कराने का संकल्प लेते हैं। बस इस बार जनता उन्हें एक मौका दें। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा ने कहा कि हटिया में कांग्रेस पार्टी ने सबसे योग्य प्रत्याशी दिया है।

### अमित शाह जवाब दें, 22 करोड़ लोगों को नौकरी मिली या नहीं : झामुमो

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के संकल्प पत्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इसमें सिर्फ मोदी ही मोदी दिखाई पड़ रहे हैं। हां, कवर पर बाबूलाल मरांडी को देखकर अच्छा लगा। बाबूलाल को बहुत दिनों के बाद ऐसी जगह मिली है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने रविवार की जनसभा में हेमंत सोरेन से कुछ सवाल पूछे हैं। पूछा है कि पांच साल में पांच लाख की नौकरी देने की बात हमने की थी। इस पर सुप्रियो ने कहा कि ये चुनाव बाबूलाल नहीं लड़ रहे हैं, मोदी लड़ रहे हैं। तो 11 साल में प्रति साल 2 करोड़ को नौकरी देने के लिए अमित शाह जवाब दें। उनके वादे के अनुसार 22 करोड़ लोगों को नौकरी मिली या नहीं। झामुमो नेता ने कहा कि 22 करोड़ तो छोड़ दीजिये, 2 करोड़ की ही बात कीजिये। उन्होंने कहा कि नौकरी देने के बजाये 20 करोड़ लोगों की नौकरियां भाजपा सरकार ने छीनी हैं । इन 11 साल में चाहे वो सर्विस सेक्टर हो। चाहे वो टेलीकॉम सेक्टर हो। या गर्वमेंट सेक्टर हो या सेना में भर्ती का मामला हो।

### पीएम मोदी के कार्यक्रम से एक दिन पहले भाजपा को बड़ा झटका

# प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान झामुमो में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चार नवंबर को आयोजित कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश उपाध्यक्ष हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी जवाहर पासवान भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। रविवार को रंका हाई स्कूल के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा का आयोजित चुनावी जनसभा में श्री पासवान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हो गये। मुख्यमंत्री ने जवाहर पासवान एवं अन्य लोगों को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान भाजपा, बसपा, राजद, सपा आदि दलों को छोड़कर मुनेश्वर सिंह खरवार, संतोष चौधरी, रमाशंकर प्रसाद सहित काफी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया। सभी ने मंच से इंडिया गठबंधन को गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को तीर धनुष छाप पर वोट दिलाकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।



### इस वर्ष चारधाम यात्रा की अवधि घटने के बाद भी तीर्थयात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देहरादून :** यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का सत्र सकुशल संपन्न हो गया है। इस वर्ष का यात्राकाल पिछले वर्ष की तुलना में 30 दिन कम होने के बावजूद इन दोनों धामों में इस बार श्रद्धालुओं की दैनिक औसत संख्या 713 बड़ी है। समान अवधि की तुलना करने पर भी इस बार दोनों धामों में आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में लगभग डेढ़ लाख की वृद्धि हुई है। गत वर्ष 22 अप्रैल 2023 को कपाट खुलने के बाद गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर 2023 को और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर 2023 को बंद हुए थे। इस प्रकार गत वर्ष गंगोत्री में कुल 207 दिन और यमुनोत्री में 208 दिन की यात्रा अवधि रही। इस वर्ष 10 मई 2024 को कपाट खुलने के बाद 177 दिनों के अवधि के बाद गंगोत्री के कपाट गत दिन बंद हुए हैं और 178 दिनों के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद किए गए हैं। इस प्रकार पिछले वर्ष की यात्रा अवधि इस बार से 30 दिन अधिक थी। इस वर्ष गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में कुल 15 लाख 30 हजार 28 तीर्थयात्रियों का पदार्पण हुआ और इन दोनों धामों में यात्रियों का दैनिक औसत 8620 रहा है। जबकि गत वर्ष 30 दिन अधिक अवधि के यात्राकाल में इन दोनों धामों में कुल 16 लाख 40 हजार 701 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था और प्रतिदिन औसतन 7907 तीर्थयात्रियों की आमद हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष जिले में प्रतिदिन औसतन 713 यात्री अधिक आए हैं।

# भाजपा मुक्त होगा रांची मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार डा महुआ माजी के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रोड शो किया । यह रोड शो हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के उर्स मैदान से करीब 6¬30 बजे शाम में शुरू हुआ । जो डोरंडा ओवर ब्रिज होते हुए कर्बला चौक, चुटिया, थड़पखना,गुदरी चौक, चुटिया आदि जगहों में सभा को भी संबोधित किया। बता दे कि कांग्रेस, राजद, झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन से रांची के उम्मीदवार डॉक्टर महुआ माजी है। इसके जीत के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रोड शो में शामिल हुए। इस रोड शो में मुख्यमंत्री




की पत्नी की और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन को शामिल होना था , लेकिन दूसरे कार्यक्रम में होने के कारण देर हो रही थी,और जनता इंतेज़ार कर रही थी। इसलिए वे किसी कारण वश शामिल नहीं हो सकी । उनके स्थान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद मोर्चा संभाला और हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा रांची में इस बार परिवर्तन होकर रहेगा। भाजपा मुक्त रांची।

28 साल से सिर्फ भाजपा के सीपी सिंह हैं, इनके पहले भाजपा के गुलशन लाल आजमानी और यशवंत सिन्हा रांची के विधायक रह चुके हैं अगर देखा जाए तो लगता 38 सालों से भाजपा रांची को कब्जा कर रखा है, लेकिन विकास के नाम पर रांची को सुंदर राजधानी बनाने में असफल रहे ये भाजपा वाले सिर्फ लूट खसोट करते रहे। इसलिए सीपी सिंह को अब बिदाई दीजिए और डा महुआ माजी को विधायक बनाकर देखिये रांची में परिवर्तन नजर आयेगा।

# श्रीनगर के व्यस्त बाजार में आतंकियों ने किया ग्रेनेड से हमला, 12 घायल

एजेंसी

**श्रीनगर:** श्रीनगर में रविवार को पर्यटन स्वागत केंद्र (टीआरसी) के पास आतंकियों के ग्रेनेड़ हमले में 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को एसएमएचएस अस्पताल पहुंचाया गया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस घटना को परेशान करने वाला बताया। उन्होंने कहा निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। घटना के संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में साप्ताहिक रविवार बाजार के लिए खरीदारों की भारी भी? थी। उसी समय आतंकियों ने टीआरसी के पास एक व्यस्त बाजार में लोगों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका, जिसमें 12 लोग घायल हुए हैं।उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर सुरक्षाबल भेज दिए गए हैं और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। इस ग्रेनेड हमले में घायलों की पहचान मिस्बा 17 वर्ष, बेटी मोहम्मद अमीन तांत्री निवासी नौगाम, अजान कालू वर्ष पुत्र जावेद अहमद कालू निवासी नूरबागय हबीबुल्लाह, राथर वर्ष पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी बांदीपोरा, अल्ताफ अहमद सीर वर्ष पुत्र अब्दुल रशीद निवासी अमशीपोरा शोपियांय, फैजल अहमद वर्ष पुत्र फैयाज अहमद बेग निवासी खनियारय, उमर फारूक पुत्र फारूक अहमद भट निवासी पट्टन, फैजान मुश्ताक वर्ष पुत्र मुश्ताक अहमद सोफी निवासी पंपोर, जाहिद वर्ष पुत्र गुलजार अहमद वानी निवासी चेकपोरा कलां नौगामय, गुलाम मुहम्मद



सो?ी वर्ष पुत्र गुलाम अहमद निवासी छत्ताबलय और सुमैया जान वर्ष पत्नी जुबैर अहमद लोन निवासी नायदकादल सुंबल के रूप में हुई है। इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले की घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि श्रीनगर के संडे मार्केट में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है।

# मिथिलेश, सतेंद्रनाथ व गिरिनाथ ने किया सिर्फ अपना विकास : डॉ. एमएन खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाने वाले एआईएमआईएम प्रत्याशी डॉ. एम. एन. खान ने पूर्व के वर्तमान और विधायकों पर तंज कसते हुए कहा है कि विकास के खोखले वादे के साथ वे लोग जनता को छलने के लिए फिर एक बार चुनावी मैदान में है। वर्षों के अपने शासनकाल में गिरिनाथ सिंह, सतेन्द्र नाथ तिवारी, मिथिलेश ठाकुर ने जनता को सिर्फ और सिर्फ लूटने का काम किया है। पुल पुलिया सड़कों के जिस विकास की वे बात करते हैं उनमे सिर्फ और सिर्फ कमीशनखोरी की बात है। वर्तमान और पूर्व विधायकों ने गरीबों का हक लूट कर सिर्फ अपनी झोली भरकर अपना विकास किया है।

अगर गढ़वा का सच में विकास हो गया होता तो कोई बताये कि आज भी गढ़वा में कैसे बेरोजगारी चरम पर है। गरीब क्यों मजदूरी करने के लिए पलायन करने पर मजबूर हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य की स्थिति उठा कर देख लीजिये अभी भी क्या है।



श्री खान गढ़वा प्रखंड के विभिन्न पंचायत के विभिन्न गांवों पिपरा, चमरही, संग्रहे व अन्य गावों की आम अवाम से मिलकर तूफानी जनसंपर्क चला रहें हैं और लगातार लोगों के बीच अपनी बात रख रहें हैं। उन्होंने जनता से अपील किया कि 13 नवंबर, दिन बुधवार को अपने बूथ पर जाएं और क्रमांक संख्या 5 पर पतंग छाप पर बटन दबाकर डॉ. एम. एन. खान उर्फ मो. नजीबुद्दीन खान को विजय बनाएं, ताकि हम सभी मिलकर गढ़वा-रंका को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा सकें।

### सोनीपत : चलती कार में आग लगने से पिता और दो बेटियों की मौत, पांच घायल

**सोनीपत :** जिले के फरमाणा गांव से चंडीगढ़ की ओर जा रही कार में कुरुक्षेत्र के पास अचानक आग लगने से पिता पिता और उसकी दो बेटियों सहित तीन लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। इस हादसे में पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस हो गए है। घायलों को चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सोनीपत से दिवाली मना कर संदीप अपनी अर्टिगा कार में परिवार के सात अन्य सदस्यों के साथ चंडीगढ़ जा रहे थे। जब वे कुरुक्षेत्र में नेशनल हाइवे के पास गांव मोहड़ी पहुंचे, तभी उनकी कार अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में सवार सभी लोग अंदर ही फंस गए। इस दौरान कार में एक विस्फोट होने से आग और भड़क गई।

# त्रिपाठी ने भंडारीया का किया दौरा, मिला अपार जनसमर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भण्डरिया प्रखंड के दर्जनों से अधिक पंचायत के विभिन्न इलाकों का सघन जनसंपर्क सह परिभ्रमण कार्यक्रम चलाया जिसमें जोश जुनून और उत्साह से स्थानीय लोग लबरेज थे। उन्होंने भण्डरिया प्रखंड के फकीराडिह , ठेकही, बिजका, चपलसी, हरता, तिहारो, कुरूण, परों, नगनाहा,बिन्दा ,कंजीया मदगडी, सरईडीह, जेनेवा और बंगाली डेरा समेत कई ग्रामों में जाकर देवतुल्य जनता से मिलें साथ ही आगामी 13 नवम्बर को क्रम संख्या 03 हाथ छाप पर वोट देने के लिए अपील किया। आगामी 13 नवम्बर को अपने बच्चों के भविष्य निर्माण और क्षेत्र में विकास कार्य के लिए अपना मत का प्रयोग करने की बात कही।दौरा के क्रम में रामगढ़ प्रखंड



के रामगढ़ में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मतदान के पूर्व हमारे सभी साथियों को मूल रूप से तीन बात याद रखना चाहिए।पहला बात विधायक का काम अपने क्षेत्र के लोगों का हक-हिस्सा, आवाज़ विधानसभा में उठाना है और हक़ -हिस्सा लेकर डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में आना है।

दूसरी बात इस दस साल में जो कष्ट डाल्टनगंज -भण्डरिया विधानसभा के लोगों ने झेलीं है , उनको किसी भी कीमत पर नहीं भूलना चाहिए,चाहे कोई कितना भी भटकाने का प्रयास करें। तिसरी बात पांच साल में आपको जो काम डाल्टनगंज-भण्डरिया विधानसभा क्षेत्र में करवाना है,चाहे वो कोयल नदी को बांधने की बात हो। चाहे पेयजल की बात हो। चाहे खासमखास की बात हो चाहे सिंचाई की बात हो, चाहे बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की बात हो, चाहे सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल की बात हो वो काम किससे करवा सकते हैं और कौन कर सकता है।

# 13 नवंबर को कमल फूल छाप पर वोट दें : आलोक चौरसिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** चैनपुर बाजार में छठ महापर्व के पावन अवसर पर अध्यक्ष अमित सोनी के नेतृत्व में महान क्लब द्वारा छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी आलोक चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने इस अवसर पर उपस्थित होकर न केवल श्रद्धालुओं से मुलाकात की, बल्कि अपने चुनावी अभियान के लिए जनता से समर्थन और आशीर्वाद भी मांगा। उन्होंने कहा,छठ पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है और यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की प्रेरणा देता है। ऐसे पावन अवसर पर जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना और आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आलोक चौरसिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के विकास-आधारित एजेंडे पर प्रकाश डाला और बताया कि पार्टी का उद्देश्य हर क्षेत्र और हर व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि उन्हें जनता का समर्थन और विश्वास प्राप्त होता है, तो वे अपने क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने भाजपा की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य हर तबके के विकास और उत्थान को सुनिश्चित करना है। जनता से अपील की कि 13 नवंबर को चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दें और क्षेत्र के समग्र विकास में भागीदार बनें। इसके बाद उन्होंने रामगढ़ में जनसंपर्क अभियान चलाया, जहां उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और भाजपा के प्रति समर्थन की अपील की।

### चार दिवसीय यात्रा पर अफ्रीकी देश जाएंगे विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

**नई दिल्ली :** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 04-07 नवंबर तक जाम्बिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। वह 6 नवंबर को द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए जाम्बिया के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री मुलाम्बो हैम्बे के साथ भारत-जाम्बिया संयुक्त स्थायी आयोग के 6वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह जाम्बिया सरकार के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ भी चर्चा करेंगे। राज्य मंत्री दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत-जाम्बिया व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लेंगे। 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 448.39 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। भारत 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के साथ जाम्बिया में अग्रणी निवेशकों में से एक है।

# दिलीप के नेतृत्व में होगा डाल्टनगंज विधानसभा का विकास : नामधारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड के सोकरा,बसरिया, पिडहे, सलतुआ, करसो, बोड़ी, मतौली गांवों में निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में जनसंपर्क झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने किया। स्थानीय जनता ने श्री नामधारी का जोरदार स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल को याद कराया और उनसे उनके बेटे दिलीप जी को जिताने की कसमें भी खाई। नामधारी जी ने अपने संबोधन में कहा कि जो विकास के कार्य रुके हुए हैं, उसे दिलीप जरूर पूरा करेगा। इसीलिए 13 नवम्बर 2024 को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों से डाल देंगे विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है इस क्षेत्र में बेरोजगारी काफी बढ़ गया है उन्होंने कहा कि अगर यहां से दिलीप नामधारी को जिताते हैं तो क्षेत्र का तेज गति से विकास होगा।



### क्षेत्र के विकास के लिए सिलाई मशीन छाप पर वोट दें : दिलीप

**मेदिनीनगर ¬** सदर प्रखंड के जोड़, खनवा, गणेशपुर, बड़कागांव,साव टोला, केवाल टोला, रजवाडीह, खैरात टोला, जमुने,भीमगड़ा, सुआ जोरकट का निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने तूफानी दौरा किया। ग्रामीणों ने दिलीप जी से एक स्वर में कहा कि 15 वर्षों में हमलोगों की अभी तक कोई सुद लेने नहीं आया इसलिए इस बार हमलोग परिवर्तन करके रहेंगे। बीते 15 वर्षों में जो भी जनप्रतिनिधि बने सब अपने स्वार्थ को पूरा करने में लगे रहे इसीलिए स्थानीय जनता ने दिलीप जी का समर्थन करते हुए कहा कि 13 नवम्बर 2024 को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप जी को विजयी बनाना है और अपने क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना है।